आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा १०७ वर्ष

वाराणसी, शुक्रवार १६ अक्तूबर, २०२६ सौर ३०, आश्विन शुक्ल ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १४, मूल्य ३.०० रुपये

न्यायपालिकाको कोई डरा नहीं सकता-सीजेआई सूर्यकांत

जंतर-मंतरपर भी सुप्रीम कोर्टने मांगा जवाब

नयी दिल्ली (आससे)। राहुल गांधी के सुप्रीम कोर्ट मार्च और सीजेपी के प्रदर्शन के मुद्दे पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका को कोई डरा-धमका नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अदालत वास्तविक दुनिया से कटी नहीं है और उसे हर चीज की जानकारी है। वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में राजनीतिक जुलूस निकालने पर आपत्ति जताते हुए इसे न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित कानूनी एजेंसियों को प्रदर्शन से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और सभी डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी कहा कि निजी पक्ष पुलिस को उपलब्ध सामग्री सौंप सकते हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि इंटरनेट बंद करने के मामले में अवमानना नोटिस पर सरकार ने कोई माफी नहीं मांगी है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

धर्म परिवर्तनके बाद आरक्षणका लाभ नहीं ले सकते

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हिंदू सामाजिक व्यवस्था के पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्ति इस्लाम जैसे दूसरे धर्म को अपनाने के बाद उसी आधार पर आरक्षण का लाभ पाने का दावा नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका खारिज करते हुए मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस सरकारी आदेश को रद्द कर दिया था, जिसके तहत इस्लाम अपनाने वाले कुछ लोगों को (शेष पृष्ठ ९ पर)

पीड़ितोंकी आवाज दबा रही सरकार-राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अंकिता भंडारी के माता-पिता को हिरासत में लिए जाने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दुनिया सो रही थी, तब सुबह 4 बजे अंकिता के माता-पिता को हिरासत में ले लिया गया। उनका आरोप है कि माता-पिता इंडिया गेट पर शांतिपूर्वक बैठकर मांग कर रहे थे कि सीबीआई

अंकिता भंडारीके माता-पिता को हिरासतमें लेने का आरोप

जांच पूरी होने तक दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त न किया जाए। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अंकिता के माता-पिता का कसूर सिर्फ इतना था कि वे बिना किसी हंगामे के न्याय की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले उन्होंने और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अंकिता के माता-पिता से मुलाकात की थी। राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि जांच पूरी होने से पहले ही नियुक्ति की इतनी जल्दी क्यों है और सवाल पूछने वाले माता-पिता को रात के अंधेरे में हिरासत में क्यों लिया गया? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पीड़ितों की आवाज दबाने और सवाल उठाने वालों को (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : आजका युवा केवल जॉब सीकर नहीं, जॉब गिवर बना-योगी

प्रयागराजमें माफियापर काररवाईसे विकसित-बेहतर हुआ माहौल

प्रयागराज (आससे.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज के एक चुनावी सम्मेलन में समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों के दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था। उन्होंने कहा कि उस समय न तो समय पर नौकरियां निकलती थीं और यदि विज्ञापन आ भी जाते थे, तो वसूली का दौर शुरू हो जाता था। अयोग्य लोगों को आयोगों में महत्वपूर्ण पदों पर बैठाकर युवाओं के अधिकारों पर डाका डाला गया, लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि आज प्रयागराज के युवा और प्रतियोगी छात्र पूरी मुस्तैदी और मेहनत के साथ विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में पारदर्शी चयन प्रक्रियाओं के जरिए बड़े पैमाने पर युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गयी हैं, जिससे युवाओं का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने (शेष पृष्ठ ९ पर)

कसारी-मसारीका अब कृष्ण पुरी होगा नाम

अतीकके कब्जेसे मुक्त जमीनपर किया भूमि पूजन

प्रयागराज (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त करायी गयी जमीन पर पद्म लोक आवास योजना के लिए भूमि पूजन किया। सभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब यह क्षेत्र कसारी मसारी के नाम से नहीं बल्कि कृष्ण पुरी के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अब कोई भी माफियागिरी का दुस्साहस नहीं करेगा। अगर करेगा तो मिट्टी में मिला (शेष पृष्ठ ९ पर)

१० को प्रदर्शन की इजाजत देते तो २० जुलाईसे भी बिगड़ सकते थे हालात

दिल्ली पुलिसने कोर्टमें दाखिल किया हलफनामा

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा, नेताओं की भीड़ को नियंत्रित करने में कथित विफलता और 6 से 8 अक्टूबर तक लगातार प्रदर्शनों से मध्य दिल्ली में पैदा हुई यातायात समस्या को देखते हुए अनुमति नहीं दी गई। पुलिस को आशंका थी कि प्रदर्शन की इजाजत देने पर हालात 20 जुलाई से भी ज्यादा बिगड़ सकते थे। हलफनामे में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, संसद, सुप्रीम कोर्ट, विभिन्न दूतावासों और महत्वपूर्ण संस्थानों की मौजूदगी के कारण मध्य दिल्ली अत्यंत (शेष पृष्ठ ९ पर)

आरामें पूर्व कस्टम अधिकारी की हत्या, थानेदार निलंबित

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के भोजपुर जिले के आरा शहर में गुरुवार की सुबह टहलने निकले पूर्व कस्टम अधिकारी और क्षेत्रीय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष 70 वर्षीय रामकुमार सिंह की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। नवादा क्षेत्र के जैन कॉलेज के पास हथियारबंद बदमाशों ने उन्हें घेर कर ताबड़तोड़ आठ गोलियां दाग दी। अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में उनकी मौत हो गई। आरा के पुलिस कप्तान अवधेश दीक्षित ने मुफस्सिल के थानेदार राम कल्याण यादव को निलंबित कर दिया है।

पाकिस्तानमें स्कूलकी छत गिरनेसे ३५ की मौत

पेशावर (एजेंसी)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी पेशावर में गुरुवार को एक निजी स्कूल की छत गिरने से कम से कम ३४ बच्चों और एक शिक्षिका की मौत हो गयी जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गये। पेशावर के कैपिटल सिटी पुलिस प्रमुख मियां सईद ने बताया कि हादसा शहर के अंदरूनी इलाके में स्थित दिर कॉलोनी में हुआ। उन्होंने बताया कि स्कूल के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेडी रीडिंग अस्पताल के प्रवक्ता मुहम्मद आसिम के अनुसार, हादसे में ३४ विद्यार्थियों की मौत हुई, जिनमें छह लड़कियां शामिल हैं। एक शिक्षिका की भी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि हादसे में 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों के उपचार के लिए अस्पताल में आपात स्थिति घोषित कर दी गयी है। आसिम ने कहा कि हादसे में मारे गए सभी बच्चों की उम्र 13 वर्ष या उससे कम थी। पेशावर के उपायुक्त अफाक वजीर ने इमारत ढहने की घटना की जांच के आदेश दिये हैं

यूपी : मदीनामें फंसे बरेलीके ३०० लोग

बरेली (एजेंसी)। हूती विद्रोहियों के हमले के बाद सऊदी अरब के रियाद और जेद्दा की उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। इस कारण बरेली से उमरा पर जाने के लिए तैयार ढाई सौ यात्रियों का सफर थम गया है। वहीं, पहले से उमरा पर गए बरेली के तीन सौ यात्री मक्का और मदीना में फंसे हुए हैं। वह सुरक्षित वतन वापसी की दुआ कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंसी संचालक मोहम्मद आसिम हुसैन कादरी ने बताया कि सिर्फ सऊदी अरब की एयरलाइंस ही उड़ानों का संचालन कर रही हैं। इंडिगो सहित अन्य एयरलाइंस की उड़ानें कैंसिल हैं।

प्रदेशमें पेंशनधारियों लिए बड़ी राहत

जीवित प्रमाण पत्र देनेके लिए नहीं लगाने होंगे दफ्तरोंके चक्कर

लखनऊ (आससे)। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान की समीक्षा की।

उन्होंने कहा है कि आधार आधारित फेस अथेंटिकेशन तकनीक से पेंशनभोगी घर बैठे ही अपना जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। इसका लाभ उठाने के लिए पेंशनर्स को अपने स्मार्टफोन में जीवन प्रमाण व आधार फेस आरडी एप डाउनलोड करना होगा। उन्होंने इस तकनीक के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता के निर्देश दिये। विशेष रूप से उन पेंशनभोगियों को लक्ष्य किया जाय, जो अभी तक जीवन प्रमाणपत्र मैन्युअल तरीके से जमा करते हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि अभियान के तहत (शेष पृष्ठ ९ पर)

बीसी सखियों की समस्याओं का हो समाधान-डीएम

गाजीपुर। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में बीसी सखियों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर बैठक हुई। इसमें बीसी सखियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने, लंबित मानदेय का भुगतान, नए राष्ट्रीयकृत बैंकों से जोड़ने और मनरेगा मजदूरों के भुगतान की जिम्मेदारी सौंपने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बीसी सखियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीसी सखियों के पंचायत भवनों में बैठने की व्यवस्था दोबारा सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पहचान पत्र बनवाने के लिए फोटो और आवश्यक विवरण संबंधित ब्लॉक में जमा कराने के निर्देश दिए। नए राष्ट्रीयकृत बैंकों को जोड़ने से संबंधित शासनादेश के अनुपालन में हो रही देरी पर जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक को शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। इसका उद्देश्य बीसी सखियों को संबंधित बैंकों से जोड़कर उनकी ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया पूरी कराना है। वहीं, मनरेगा मजदूरों के भुगतान का कार्य बीसी सखियों के माध्यम से कराने के संबंध में डीसी एनआरएलएम को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 1,017 सक्रिय बीसी सखियां कार्यरत हैं। इनमें से 705 को छह माह का पूरा मानदेय मिल चुका है, जबकि अन्य बीसी सखियों का कुछ महीनों का मानदेय अभी बकाया है। इसके अलावा 104 बीसी सखियों के छह माह का मानदेय लंबित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, डीसी एनआरएलएम वीके यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और बीसी सखियां मौजूद रहीं।

पंचायत चुनाव सम्बन्धी न्यायालय के आदेश की दी जायेगी जानकारी

मरदह, गाजीपुर। सुभासपा अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के न्यायालय के आदेश के बाबत कहा की न्यायालय के आदेश को विस्तृत अध्ययन के बाद ही उसके बारे में बताया जाएगा। मरदह स्थित जिला पँचायत सदस्य शशिप्रकाश सिह के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कैबिनेट मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा की एक साल से ज्ञानेश कुमार चुनाव आयुक्त है विपक्षी लम्बे समय से सत्ता से बाहर है ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आरोप एवं प्रदर्शन निराधार है । सपा सरकार के समय वितरित लैपटॉप के वितरण में घोटाला हुआ था। इस समय सरकार द्वारा 62 लाख लैपटॉप बाटे गए दो करोड़ बॉटने का लक्ष्य है। इस अवसर पर जितेन्द्रनाथ पाण्डेय, सुभासपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र राजभर, सुरेश राजभर, अरविंद सिह, अशोक गोड़ आदि उपस्थित रहे।

बीसी सखियों संग बैठक करते डीएम। छाया:आज

निरीक्षण में कागजातों की जांच करते एसीएमओ। छाया:आज

एसीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

अस्पताल को २४ घंटे निर्बाध रूप से संचालित करने का निर्देश

जमानियां,गाजीपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरूईन में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा अस्पताल को 24 घंटे संचालित करने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुंशी लाल ने स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. रुद्रकांत सिंह के साथ अस्पताल का औचक भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों, वार्डों और स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान यह परखा गया कि अस्पताल को राउंड द क्लॉक यानी 24 घंटे संचालित करने के लिए वर्तमान में क्या सुविधाएं मौजूद हैं और किन संसाधनों की कमी है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अस्पताल को 24 घंटे निर्बाध रूप से संचालित करने की कवायद चल रही है। भौतिक सत्यापन के दौरान जो भी कमियां या जरूरी संसाधनों की आवश्यकता सामने आई है, उसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजी जाएगी। इसके बाद सीएमओ के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजकर जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जल्द से जल्द 24 घंटे आपातकालीन व नियमित सेवाएं बहाल करने का प्रयास जारी है, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर इलाज मिल सके। इस अवसर पर डॉ घनश्याम सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

गाजीपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बहरियाबाद पुलिस ने गुरुवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ ग्राम न्यायालय जखनियां से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक उमेश चन्द्र यादव ने हमराहियों के साथ कार्रवाई करते हुए बहरियाबाद थाना क्षेत्र के चकबेनी रामपुर गांव स्थित उनके निवास से तीनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पंचम चौहान (74) पुत्र लग्गन चौहान, पाठक चौहान (26) पुत्र कल्पू चौहान और शान्ति देवी (51) पत्नी विजयी चौहान के रूप में हुई है। तीनों चकबेनी रामपुर गांव के निवासी हैं।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-एसडीएम

१७ और २४ को मतदान केंद्रों पर लगेंगे विशेष शिविर

कासिमाबाद, गाजीपुर। निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बैठक हुई। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अभियान की तैयारियों पर चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 17 और 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक प्रत्येक मतदान केंद्र पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। शिविर में 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम निर्वाचक नामावली और उसके बाद की सभी पूरक सूचियां उपलब्ध रहेंगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जहां उन्हें प्रपत्र भरने में सहायता मिलेगी।बैठक में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज पांडेय, कांग्रेस के विंध्याचल कुशवाहा, समाजवादी पार्टी के अविनाश विद्यार्थी, बसपा के मुन्ना राजभर, तहसीलदार निखिलेश कुमार और नायब तहसीलदार कौशल चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शव आते ही गांव में कोहराम

भांवरकोल(गाजीपुर)। क्षेत्र के फखनपुरा निवासी बृजेश पासवान (18)का ट्रेन से कटा शव उनके पैतृक आवास पहुंचते ही कोहराम मच गया। उसका अंतिम संस्कार सुल्तानपुर गंगा घाट पर कर दिया गया। मुखाग्नि मृतक बृजेश पासवान के पिता राजेश पासवान ने दिया। बृजेश पासवान अपने दो भाई और तीन बहनों में तीसरे नंबर पर थे ।पिता राजेश पासवान तथा अपने दो रिस्तेदारों के साथ रोजगार की तलाश में सिकंदराबाद जाने के लिए घर से गत 12 अक्टूबर को बक्सर स्टेशन से दोपहर में ट्रेन पकड़ लिया । स्वजन के अनुसार 13 अक्टूबर को नागपुर के पास गिरकर कट जाने से उसकी मौत हो गई। गुरुवार को एंबुलेंस से बृजेश का शव उनके पैतृक गांव फखनपुरा लाया गया। पैतृक आवास पर परिवार में कोहराम मच गया । माता सरस्वती देवी सहित सभी बहन व भाई का रोते-रोते बुरा हाल था।

बाइक-पिकअप की टक्कर में बाइक सवार की मौत

सादात, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के आतमपुर छपरा गांव में गुरुवार को बाइक व पिकअप की टक्कर में बाइक सवार ड़ढ़वल गांव के झोरियां मौजा निवासी 22 वर्षीय नीरज तिवारी पुत्र हीरालाल तिवारी की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना में बिहार के नंबर की पिकअप खेत में पलट गई जिसे पुलिस ने लोगों की सहायता से बाहर निकाल कर कब्जे में ले लिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी अनुसार झोरियां गांव का नीरज जो तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दोपहर में अपने बड़े भाई शशिकांत तिवारी के साथ सादात बाजार किसी काम से आ रहा था कि आतमपुर छपरा गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही पिक अप से साइड से टक्कर होने पर सिर के बल जमीन पर गिरने से संघातिक चोट लगने से बुरी तरह घायल हो गया वहीं बड़े भाई भाई आंशिक रुप से चोटिल हो गया। घायल अवस्था में नीरज को सीएचसी ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

घायल की उपचार के दौरान मौत

जखनिया, गाजीपुर । भुडकुडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पदुमपुर रामराय गांव निवासी लाल बहादुर राजभर पुत्र बबलु राजभर बुधवार की देर रात मोटर साईकिल से रामसिंहपुर बाजार से खरीदारी कर घर वापस आते समय सड़क पर भेड़ का झुंड जाते देख गाड़ी रोकना चाहा, परन्तु तेज गति होने से मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से सर में गंभीर चोट लगी। लोगो ने इसकी सूचना घर वालो को दी । पिता बबलू.राजभर गंभीर स्थिति देख इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया लाया गया । गंभीर स्थिति होने प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला चिकित्सालय भेजा गया ।रास्ते में उसकी मौत हो गई। पिता ने गुरुवार को इसकी सूचना पुलिस को दी । पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी व माता प्रेमा देवी का घर पर रो रो कर बुरा हाल हो गया है ।

छात्राओं को कैरियर और साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

गाजीपुर। मिशन शक्ति फेज 6.0 के पांचवें दिवस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत करियर गाइडेंस कार्यक्रम और साइबर सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें करीब 300 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर ने छात्राओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी, एनडीए, नीट, जेईई, एसएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क तैयारी, प्रशिक्षण और पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के विशेषज्ञों और महिला अधिकारियों ने परीक्षा की तैयारी की रणनीति तथा करियर के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या सिस्टर प्रदीप, सिस्टर सीमा, महिला थानाध्यक्ष पल्लवी सिंह, मिशन शक्ति और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े अधिकारी व विशेषज्ञ उपस्थित रहे। दिलदारनगर प्रतिनिधि के अनुसार-दिलदारनगर थाना पुलिस की ओर से गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत दिलदारनगर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बिना संकोच पुलिस की मदद लेनी चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ शिक्षा ग्रहण करने और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपनिरीक्षक राजित राम यादव, महिला कांस्टेबल स्मृति वर्मा अभिलाषा आर्या सरोजिनी सहित विद्यालय की अध्यापिकाएं छात्राएं मौजूद रहीं।

असलहा और तीन बाइक बरामद, दो युवक गिरफ्तार

दिलदारनगर (गाजीपुर)। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दिलदारनगर थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक .315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और तीन दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर को उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हसन खान उर्फ भुट्टी (20) निवासी खजुरी, थाना दिलदारनगर और गोलू कुमार (22) निवासी कारीराम, थाना नुआंव, जिला कैमूर (भभुआ), बिहार को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहनों में हीरो सुपर स्प्लेंडर, टीवीएस अपाचे आरटीआर और टीवीएस एक्सेल मोपेड शामिल हैं।

५०१ कन्याओं की कलश यात्रा से भक्तिमय हुआ शहर

गाजीपुर। शारदीय नवरात्र की पंचमी तिथि पर गुरुवार को नगर में मां शीतला की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। नवाबगंज स्थित आदिशक्ति शीतला माता मंदिर समिति की ओर से आयोजित इस यात्रा में 501 कुंवारी कन्याओं समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों और मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा की शुरुआत ददरीघाट स्थित गंगा तट से हुई। यहां श्रद्धालुओं ने गंगा जल भरा और नव देवियों का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद विधि-विधान के साथ यात्रा आगे बढ़ी। पारंपरिक वेशभूषा में सजी कन्याएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। उनके साथ अन्य श्रद्धालु भी शामिल हुए। यात्रा में शामिल कन्याओं की आकर्षक सजावट और देवी स्वरूपों की झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। रास्ते भर मां के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। नगर में जगह-जगह धार्मिक उत्साह का माहौल दिखाई दिया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी से आयोजन की भव्यता देखने को मिली।

कलश यात्रा में शामिल बालिकाओं का दृश्य। छाया:आज

पाक्सो एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

भांवरकोल(गाजीपुर)। पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित युवक को गुरुवार को कोटवा नारायणपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि उपनिरीक्षक मोरध्वज दुबे अपने विभागीय सहयोगियों के साथ भ्रमणशील थे, इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना की पुष्टि होने पर वह बलिया जनपद के कोटवा नारायणपुर तिराहे पर पहुंच गए और संदिग्ध को विरासत में ले लिया । पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम तरुण तथा हरियाणा ,फरीदाबाद के लाला खान गली के पास नागला पार्ट - 2 मकान नंबर 1344 का निवासी होना बताया। पुलिस ने गिरफ्तारी का कारण बताते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मुहम्मदाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक वारंटी अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक गाज़ीपुर के आदेशानुसार और अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व क्षेत्राधिकारी (सर्किल मोहम्मदाबाद) के कुशल निर्देशन में उ0नि0 श्री रामाश्रय यादव मय पुलिस टीम द्वारा वारंटियों की तलाश व गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा था। संबंधित वारंटी विजय पुत्र गजाधर यादव के घर पर दबिश दी गई। पुलिस ने उसे उसके ग्राम गौसपुर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया।

मिशन शक्ति के तहत जानकारी देती थानाध्यक्ष। छाया:आज

अराजक तत्वों ने गाड़ी का शीशा तोड़ा

रेवतीपुर (गाजीपुर)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात चिकित्सक इंद्रपाल यादव की चारपहिया गाड़ी का आगे और पीछे का शीशा अज्ञात लोगों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी सुबह हुई, जब चिकित्सक सोकर उठे और आवास के बाहर खड़ी अपनी गाड़ी को देखा। गाड़ी के दोनों शीशे टूटकर बिखरे पड़े थे। इस घटना से चिकित्सक हैरान रह गए। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अमर कुमार को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों में भी हलचल मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। चिकित्सक इंद्रपाल यादव ने अपनी चारपहिया गाड़ी आवास के बाहर खड़ी की थी। रात में किसी समय अज्ञात लोगों ने गाड़ी के आगे और पीछे का शीशा तोड़ दिया। सुबह जब उनकी नजर क्षतिग्रस्त वाहन पर पड़ी तो उन्होंने आसपास जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन शीशा तोड़ने वालों के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।घटना को लेकर चिकित्सक ने स्थानीय थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर जांच कराने की मांग की है।

रिद्धि सिद्धि के लिए तंत्र साधना में जुटे तांत्रिक

ताजपुर डेहमा, गाजीपुर। करीमुदीनपुर थाना क्षेत्र में नवरात्र शुरू होने के बाद से तंत्र मंत्र की गतिविधियां तेज हो गयी है।जगह जगह झाड़ फूंक कार्य हो रहा है ।इसके चक्कर में सिर्फ़ अनपढ़ ही नहीं बल्कि पढें लिखें लोग भी आ रहे है ।नवरात्र में तंत्र मंत्र सिद्धि का बेहतर अवसर माना जाता है।इससे क्षेत्र में कई गाँवों में भूत प्रेत उतारने के लिए ओझैती सोखैती का सि लसिला चल पड़ा है।

संघटन के विस्तार, सदस्यता अभियान को लेकर हुई चर्चा

गाजीपुर। राष्ट्रीय सनातन संघ के वाराणसी मंडल अध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं गाजीपुर जिला प्रभारी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव के प्रथम वाराणसी आगमन पर गुरुवार को प्रदेश कार्यालय स्थित मानसरोवर होटल में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने दोनों का सनातनी पट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर सिंह, प्रदेश प्रभारी विजय शंकर चौबे एवं मंडल सचिव उदय प्रताप सिंह मुन्ना ने दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारियों और आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की। समारोह के उपरांत संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया इस अवसर पर पदाधिकारियों ने संगठनात्मक एकजुटता के साथ कार्य करते हुए राष्ट्रीय सनातन संघ के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

सनातनी पट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत का दृश्य। छाया:आज

ताड़का वध की जीवंत प्रस्तुति देख दर्शक भावविभोर

दिलदारनगर, गाजीपुर। नगर के रामलीला मंच पर श्री रामकथा दर्शन रामलीला समिति के तत्वाधान में बह रही धर्म, आस्था और लोक संस्कृति के त्रिवेणी में श्रद्धालु डूबकी लगा रहे हैं।स्थानीय कलाकारों ने ताड़का वध की जीवंत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।अध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा ने बताया कि धार्मिक आयोजन से नगर में माहौल भक्तिमय हो गया।वही उसिया गांव स्थित लहंग बाबा पोखरा पर राघवेंद्र रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के मंचन के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास जाने के प्रसंग को कलाकारों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। पिता के वचन का पालन करने के लिए भगवान श्रीराम द्वारा राजमहल का सुख त्यागकर वन जाने का दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो उठे।

किसानों को चना, सरसों का बीज वितरित

जमानियां,गाजीपुर। क्षेत्र के किसानों को रबी की फसलों की समय पर बुवाई के लिए प्रोत्साहित करने और उन्हें उन्नत किस्म के बीज सुलभ कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक मुख्यालय परिसर स्थित राजकीय कृषि निवेश केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनीता सिंह ने 32 किसानों को चना और सरसों के बीज किट निःशुल्क वितरित किए। समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे।कृषि विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई इस किट में प्रत्येक किसान को 16 किलोग्राम चना और 2 किलोग्राम सरसों के बीज दिए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य रबी सीजन में दलहन व तिलहन की पैदावार बढ़ाना और किसानों को उन्नत खेती की ओर प्रेरित करना है।

हाईटेंशन तार टूटने से छह घंटे ठप रही बिजली

दिलदारनगर (गाजीपुर) विद्युत उपकेंद्र के अमौरा फीडर की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत तार बाईपास रोड स्थित इनलैंड हॉस्पिटल के पास टूटकर गिरने से बुधवार भोर से दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। करीब साढ़े छह घंटे तक बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार भोर करीब 4 बजे आपूर्ति बाधित हुई थी, जिससे घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और पानी की मोटरें बंद रहीं। इससे लोगों को पेयजल संकट के साथ-साथ दैनिक कार्यों में भी काफी दिक्कतें उठानी पड़ीं।सूचना मिलने पर विद्युतकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य में जुट गए।

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा १०७ वर्ष

वाराणसी, शुक्रवार १६ अक्तूबर, २०२६ सौर ३०, आश्विन शुक्ल ६, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १४, मूल्य ३.०० रुपये

विंध्य धामके विकाससे पर्यटनको बढ़ावा, रोजगारके अवसर बढ़े

मुख्यमंत्रीने मां विंध्यवासिनीका किया दर्शन, प्रदेशके लिए मांगा सुख-चैन

मीरजापुर (ह.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विंध्याचल पहुंचकर मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी धाम में कॉरिडोर निर्माण से श्रद्धालुओं को दर्शन में बड़ी सुविधा मिली है। अब भक्त सुगमता से मां के दर्शन कर रहे हैं। धार्मिक स्थलों के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने दर्शन-पूजन के बाद पक्का घाट पहुंचकर गंगा नदी पर निर्माणाधीन घाटों का निरीक्षण किया और जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद कालीखोह मोड़ पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या, काशी विश्वनाथ और विंध्याचल सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास किया गया है। योगी ने कहा कि विंध्याचल मंडल में दो मेडिकल कॉलेज और दो राज्य विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार और शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करा रही है। दो करोड़ युवाओं को टैबलेट देने की योजना के तहत 62 लाख युवाओं को टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं। ने कहा कि प्रदेश के 15 लाख शिक्षकों और उनके परिवारों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया गया है। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और आशीष पटेल ने भी जनसभा को संबोधित किया।

सुप्रीम कोर्टसे महिला पत्रकार को गिरफ्तारी से राहत

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस के एसीपी विवेक भगत पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला पत्रकार को गिरफ्तारी से राहत देते हुए उसके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने यह आदेश विरोध प्रदर्शनों की कवरेज के दौरान महिला पत्रकारों के खिलाफ यौन हिंसा के आरोपों की जांच की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया। एसीपी ने महिला पत्रकार के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि महिला पत्रकार ने प्रदर्शन के दौरान अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर एसीपी को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया और जातिसूचक गालियां दीं। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने आरोपों की जांच के (शेष पृष्ठ ९ पर)

सीजेपीके विरोध-प्रदर्शनको रोकनेसे हाईकोर्टका इनकार

गतिविधियोंको नियंत्रित करनेके लिए आवश्यक कदम उठानेके निर्देश

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और उसके संस्थापक अभिजीत दिपके को 16 अक्तूबर को कनॉट प्लेस सेंट्रल पार्क में विरोध प्रदर्शन से रोकने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने पुलिस के इस आश्वासन को दर्ज किया कि उनकी गतिविधि को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव सांबरे और संजय शर्मा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। कनॉट प्लेस के एक विक्रेता ने याचिका दायर कर पुलिस से सर्वोच्च न्यायालय के कानून के अनुसार विरोध प्रदर्शन नियमित करने का निर्देश मांगा। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि त्योहारों में विरोध प्रदर्शनों से एक और वीकेंड बंद होने पर व्यापारी सड़कों पर आ जायेंगे। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने सीजेपी की गतिविधियों को नियंत्रित करने के कदम बताए। उन्होंने याचिकाकर्ता की आशंका दूर करने का आश्वासन

दिया, जिसे न्यायालय ने दर्ज किया। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता ने सीजेपी को रोकने के लिए विशिष्ट निर्देश मांगे, पर पीठ ने कहा आदेश पारित हो चुका है। यह मामला पीठ के समक्ष तब आया जब उसने दिन में पहले याचिका पर तत्काल सुनवाई की सहमति दी। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता ने सुबह कहा कि कनॉट प्लेस सेंट्रल पार्क में विरोध प्रदर्शन बुलाया गया है। उन्होंने इसे विरोध का स्थल न बताते हुए दशहरा सप्ताहांत के कारण रोकने की मांग की। दिपके ने लोगों से शुक्रवार को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय ध्वज के (शेष पृष्ठ ९ पर)

गुजरात : फैक्टरी का बॉयलर फटनेसे चार की मौत

गांधीनगर (एजेंसी)। गुजरात के गांधीनगर के पास छत्राल स्थित एक केमिकल फैक्टरी में बॉयलर का नोजल फटने से चार मजदूरों की मौत हो गयी। हादसा छत्राल जीआईडीसी के फेज-4 में गुरुवार को हुआ। विस्फोट के बाद फैक्टरी में आग लग गयी और मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। हादसे में जान गंवाने वाले चारों मजदूर प्रवासी थे। इनमें तीन झारखंड और एक राजस्थान का रहने वाला था। (शेष पृष्ठ ९ पर)

वाराणसी : अवैध पटाखा फैक्ट्रीमें विस्फोट से दो मंजिला मकान जमींदोज, तीन घायल

वाराणसी (का.प्र.)। सारनाथ थाना क्षेत्र के पंचक्रोशी स्थित पैगंबरपुर इलाके में गुरुवार को शाम पांच बजे एक अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त विस्फोट हो

चौकी प्रभारी-आरक्षी निलम्बित

गया। धमाका इतना भयानक था कि दो मंजिला मकान पूरी तरह जमींदोज हो गया और आसपास के मकानों का बाहरी हिस्सा भी ढह गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी और लोगों में भारी दहशत फैल गयी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका इतना तेज था कि लोगों को लगा जैसे भूकंप आ गया हो और सड़क पूरी तरह कांपने लगी थी। मकान मालिक राजू खान के घर में हुए इस विस्फोट की चपेट में आने से आदिल (१६ वर्ष), चांदनी (३९ वर्ष) और अरबीया (१० वर्ष) घायल हो गये हैं, जिन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, मलबे में पटाखा कारोबारी राजू खान और उसके परिवार के करीब आधा दर्जन लोगों के दबे होने की आशंका जतायी जा रही है। इस मामले में डीसीपी वरुणा जोन राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से पुरानापुल चौकी प्रभारी अनुज शुक्ल और आरक्षी प्रकाशचन्द्र यादव को निलम्बित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, हादसे के बाद राजू खान और उसकी मां मुन्नी खान पिछले दरवाजे से फरार होने की सूचना (शेष पृष्ठ ९ पर)

तिरंगा मार्चको लेकर सीपीका सेंट्रल पार्क दो दिन रहेगा बंद

नयी दिल्ली (आससे.)। कनॉट प्लेस का सेंट्रल पार्क 16-17 अक्टूबर को बंद रहेगा। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के मुताबिक प्रशासनिक कारणों के चलते यह फैसला लिया गया है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने कल यानी 16 अक्तूबर को सेंट्रल पार्क पर तिरंगा मार्च करने का आह्वान किया है।कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले कनॉट प्लेस और जंतर-मंतर के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि अर्धसैनिक बलों की कई कंपनियां पहले ही राष्ट्रीय राजधानी में तैनात की जा चुकी हैं। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने शुक्रवार शाम पांच बजे कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में 'लहरा दो तिरंगा' नाम से प्रदर्शन का आह्वान किया है।एक पुलिस सूत्र ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों को रणनीतिक (शेष पृष्ठ ९ पर)

अभिनेता इमरान खानको २८ तक भारत छोड़नेका आदेश

नयी दिल्ली (आससे)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान को लेकर बड़ी खबर सामने आयी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारियों ने अभिनेता को 28 अक्तूबर तक देश छोड़ने का निर्देश दिया है। आरोप है कि उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर इमिग्रेशन नियमों का उल्लंघन किया। दरअसल, इमरान खान अमेरिकी नागरिक हैं और भारतीय कानूनों के तहत विदेशी नागरिकों की राजनीतिक प्रदर्शनों में भागीदारी वीजा एवं आव्रजन नियमों का उल्लंघन मानी जा सकती है। हालांकि, इस मामले पर एक्टर की ओर से तत्काल कोई रिएक्शन सामने नहीं आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान खान 10 अक्तूबर को मुंबई में आयोजित एक रैली में शामिल हुए थे।

सऊदीमें उड़ान संकटके बीच भारतने उमरा यात्रियों की मददके लिए खोला अतिरिक्त कक्ष

दुबई (एजेंसी)। भारत और सऊदी अरब के बीच उड़ानें प्रभावित होने के कारण वहां फंसे भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उमरा यात्रियों की मदद के लिए भारत ने मक्का में एक अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी। यमन के हूती विद्रोहियों की ओर से सऊदी अरब में असैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किये गये कई घातक ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है, जिससे देशभर में उड़ानें प्रभावित हुई हैं। वाणिज्य दूतावास ने बुधवार को बताया कि नया नियंत्रण कक्ष मक्का स्थित भारतीय हज यात्री कार्यालय (आईएचपीओ) में स्थापित किया गया है और जेद्दा में पहले से मौजूद चौबीसों घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष भी अपनी सेवाएं जारी रखेगा। इससे पहले मंगलवार को वाणिज्य दूतावास ने भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से जेद्दा और मदीना आने-जाने वाले उमरा यात्रियों को सलाह दी थी कि वे अपनी विमानन कंपनियों के नियमित संपर्क में रहें और हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति जरूर पता कर लें। उमरा इस्लाम की एक धार्मिक परंपरा है, जिसे साल में किसी भी समय किया (शेष पृष्ठ ९ पर)

एसआईआर : चुनावसे पूर्व यूपी समेत १७ राज्यों में अपडेट होगी वोटर लिस्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने 17 राज्यों में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कराने की घोषणा की है। इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा जैसे वे राज्य भी शामिल हैं, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर इस प्रक्रिया की जानकारी दी है। आयोग के मुताबिक, पुनरीक्षण के लिए एक जनवरी 2027 को अर्हता तिथि निर्धारित किया गया है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम शामिल (शेष पृष्ठ ९ पर)

नवम्बर में पंजीकरण कराने वालों को मिलेगी गृहकर और जलकर में छूट

गृहकर एवं जलकर में ओटीएस का लाभ लेने के लिए गृहस्वामियों को १४ नवम्बर तक पंजीकरण करने का अवसर दिया गया है। ऐसे भू-स्वामियों को ३१ दिसम्बर तक कर जमा करने पर शत-प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने गुरूवार को नगर निगम सभागार में वसूली को लेकर आदमपुर, वरुणापार, ऋषि मांडवी और सारनाथ जोन की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस दरम्यान उन्होंने जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया कि टैक्स की वसूली शत-प्रतिशत हो। राजस्व अधीक्षकों को निर्देश दिया गया कि भवन स्वामियों को जागरूक करें। क्षेत्र में विशेष कैम्प लगाकर अधिक से अधिक वसूली की जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि १५ दिन बाद वसूली को लेकर पुन: बैठक आयोजित की जायेगी, जिसमें प्रगति की जॉच होगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, कर अधीक्षक एवं राजस्व अधीक्षक मौजूद रहे। बताया जाता है कि नगर निगम ने ९७८५७ बकायेदार भवनों पर २०९.९६ करोड़ का मूल टैक्स ८५.७६ करोड़ होता है। इस प्रकार २९५.७३ करोड़ की मांग है। बकायेदार १४ तक रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं तो ८५.७६ करोड़ रूपया ब्याज राशि में छूट मिल सकती है। अभी तक ९२४८ भवन स्वामियों ने ओटीएस के माध्यम से अपना पंजीकरण कराया है। जिस पर २४.८६ करोड़ मांग दर्ज है, जबकि ३.९६ करोड़ रूपये की वसूली हुई है।

चोलापुर में गोवंश मांस के साथ दो युवक गिरफ्तार

चोलापुर। चमरहा बाजार के पास अल्लोपुर कट पर बुधवार, को गोवंश का मांस लेकर जा रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। आरोप है कि दोनों युवक ऑटो में गोवंश के कटे हुए सिर और मांस को बोरे में रखकर वाराणसी की ओर ले जा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, रात्रि गश्त, ड्यूटी चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच के दौरान सूचना मिली थी कि एक ऑटो में गोवंश का मांस ले जाया जा रहा है। सूचना पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर मौके पर भेजा गया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गये पहले युवक मोहम्मद हारिस, निवासी ग्राम गंगापुर डेहरी, थाना केराकत, जौनपुर, दूसरे युवक रहमत अली, निवासी ग्राम छितौनी कोटवा, थाना लोहता, पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वे चंदवक, जौनपुर क्षेत्र के एक खेत से तीन गोवंशीय पशुओं को काटकर उनका मांस और कटे हुए सिर ऑटो में लादकर ले जा रहे थे। उनके अनुसार ऑटो में लगभग चार कुंतल मांस और अन्य अवशेष रखे हुए थे। चमरहा बाजार के पास लोगों ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मेडिकल परीक्षण कराया है और बरामद अवशेषों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मामले में आगे की विधिक काररवाई की जा रही है।

तीन साल से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। क्षेत्र के डुबकिया गांव निवासी नितीश यादव उर्फ लालू पर एक युवती ने करीब तीन साल से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि अब युवक शादी करने से मुकर रहा है। तहरीर के अनुसार, १४ अक्तूबर को दोपहर पीड़िता युवक के घर पहुंची थी। आरोप है कि वहां मौजूद सतीश यादव, शशिबाला यादव और लिच्छी यादव ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की। साथ ही दोबारा घर आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बुधवार को चौबेपुर थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ उचित कारवाई की मांग की है। वही थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्ववती विक्रय विलेख जो पन्ना लाल पुत्र स्व. अलगू द्वारा बहक भोला पुत्र पन्नालाल को निर्बाधित किया गया था एवं जिसका इंद्राज उपनिबंधक चतुर्थ वाराणसी के कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द सं. 2089 पृष्ट सं. 267 से 288 पर क्रमांक सं. 3671 दिनांकित्त 17.10.2004 को दर्ज है, दिनांक 13.10. 2026 को खो गया है, जो भी व्यक्ति उक्त दस्तावेज यदि पाता है कृपया सूचित करे। **कनकलता** पत्नी विनोद कुमार वर्मा सीके 65 / 351 सी बड़ी पियरी, वाराणसी मो. 8840261254

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक विद्यालय परीक्षा हाईस्कूल सन् 2009- 2011 का अनुक्रमांक 5215196 का अंक पत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **अस्मित्य सेन** पुत्र प्रभात रंजन निवासी ग्राम सिकंदरपुर, पोस्ट +थाना जमालपुर, तहसील चुनार जनपद मीरजापुर यूपी।

सूचना-मेरे पालिसी सं. -17572990 में नाम Mrs- Mansa Devi अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड पर नाम Mansa Subhash Singh Yadav अंकित है, दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी शपथकर्ता का है। दोनों नाम से ही जाना व पहचाना जाय। **मनसा सुभाष सिंह यादव** पत्नी सुभाष सिंह यादव ग्राम बाबूरायपुर, पोस्ट मानपुर जिला गाजीपुर

सूचना-मेरा हाईस्कूल परीक्षा सन् 2017 अनु. 2932360 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। **कु. मालती** पुत्री श्री जगनरायन राम ग्रा. शाहपुर पो. फूली थाना- दिलदारनगर जिला- गाजीपुर।

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता सुनरिया पत्नी घूरेराम निवासी बैकुंठपुर से आराजी नं. 11रकवा 0.0610का सम्पूर्ण बैनामा 05/07/2013 को करायी थी जिसका खंड 2343 पृष्ठ 227/248 है, उक्त बैनामा का मूल दस्तावेज 15/09/2026 को कही खो गया है क्रेता - नाम **बेबी** पत्नी मनीष कुमार ग्राम बैकुंठपुर पोस्ट नरायनपुर, चुनार मिर्जापुर

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे नाम से जारी बजाज एलाएन्ज पालिसी सं. 0147430645 में मेरा नाम गौरव व जन्मतिथि 06.04. 2000 दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शेखर जायसवाल व जन्मतिथि 30.01. 2005 अंकित है जो सही है एवं उपरोक्त दोनो नाम मेरा ही है अत: उपरोक्त पालिसी में गौरव के स्थान पर शेखर जायसवाल व जन्मतिथि 06.04.2000 के स्थान पर 30.01.2005 अंकित किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत होगा। **शेखर जायसवाल** पुत्र राजकुमार जायसवाल निवासी सा. 5/46 एम-1 रमरेपुर, पहड़िया वाराणसी।

आवश्यकता है

ओम उच्च शिक्षा संस्थान छतमी गोपीगंज भदोही आवश्यकता है- डी. एल.एड (बी.टी.सी.) विभाग हेतु विभागाध्यक्ष 01 पद प्रवक्ता-भा षा, गणित, विज्ञान, सामाजिक विषय (प्रत्येक में दो पद) शिक्षा के परिप्रेक्ष्य (03 पद), शारीरिक शिक्षा कला संगीत (प्रत्येक में 01 पद) योग्यता एवं वेतनमान उ.प्र. शासन/एस.सी.आर.टी./पी.एन.पी. के मानकानुसार। नोट-इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशित की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अपना आवेदन कार्यालय में जमा कर सकते है। **डा. अभय कुमार मिश्र प्रबन्धक मो. 8299423160, 9336590730**

आवश्यकता है

अवध बिहारी सिंह महाविद्यालय श्रीकान्तपुर उर्फ नारायणगढ़ पोस्ट- करमानपुर जिला- बलिया, उ.प्र. में प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान यूजीसी व विश्व. विद्यालय परिनियमावली के अनुसार अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति एवं फोटो सहित विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। **सुनील कुमार सिंह प्रबंधक मो. 9234680621, 9838412911**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय ग्राम पंचायत मगरखाई, विकासखण्ड-भदौरा, जनपद-गाजीपुर

पत्रांक- 122/प्र.म.आ.ग्रा.यो./2026-27 दिनांक- 15-10-2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत-मगरखाई में विभाग द्वारा निर्धारित/स्वीकृत दरों के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र एवम विभिन्न स्थानो पर नाली निर्माण कार्य (मांग अनुसार) हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक- 16.10.2026 से दिनांक 24.10.26 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराहन 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सीलबंद निविदा जमा कर सकते हैं, जो कि दिनांक 25.10.26 को अपराहन 2.00 बजे ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जायेगी। अत: पंजीकृत आपूर्तिकर्ता सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित है। नियम एवं शर्तें

1. फर्म के पास वैध जीएसटी पंजीकरण और पैन कार्ड होना अनिवार्य है।
2. आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण या सामग्री की आपूर्ति प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों के अनुसार ही होना चाहिए।
3. निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाले या अधूरे टेंडर अस्वीकार कर दिये जायेंगे।
4. विस्तृत नियम और शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय या संबंधित विकास खंड कार्यालय से कार्य दिवसों में प्राप्त किये जा सकते हैं।

ग्रा.वि. अधि./स.वि. अधि. (स.क.)
विकासखण्ड-भदौरा

अनिल कुमार सिंह-
ग्राम प्रधान/प्रशासक
ग्राम पंचायत-मगरखाई, भदौरा

विज्ञप्ति/सूचना

सूचित किया जाता है कि सुश्री स्वाति जायसवाल पुत्री श्री सत्यप्रकाश निवासिनी रोडवेज तिराहा, पो0- सदर, जौनपुर (2) राजीव जायसवाल पुत्र स्व0 ओमप्रकाश जायसवाल निवासी जायसवाल भवन, रोडवेज तिराहा, पो0-सदर, जौनपुर (3) दिलीप जायसवाल पुत्र स्व0 प्यारेलाल निवासी जायसवाल भवन, वाजिदपुर, पो0-सदर, जौनपुर (4) अजीत जायसवाल पुत्र गंगा प्रसाद, पवारा, पो0 पवारा, जौनपुर (5) नितिन जायसवाल पुत्र ओमप्रकाश, रोडवेज तिराहा, सदर, जौनपुर (6) रोहित जायसवाल पुत्र श्री सत्यप्रकाश गुप्ता, रोडवेज तिराहा, सदर, जौनपुर (7) कु0 प्राची जायसवाल पुत्री दिलीप जायसवाल, वाजिदपुर, सदर, जौनपुर (8) वन्दना जायसवाल पत्नी संदीप जायसवाल रोडवेज तिराहा, सदर, जौनपुर आप सभी संत श्री राधेश्याम गुप्त मेमोरियल सोसाइटी हुसेनाबाद, सदर, जौनपुर उ0प्र0 प्रबन्ध समिति में चयनित नहीं किये जाने एवं पद परिवर्तन किये जाने से यदि कोई आपत्ति हो तो समाचार प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के भीतर सहायक निबन्धक वाराणसी (अधोहस्ताक्षरी) के कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी-अपनी आपत्ति मय नोटरी शपथ-पत्र व स्वहस्ताक्षरित आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत करें।

द्वारा-कार्यालय सहायक निबन्धक, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स वाराणसी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़

पत्रांक :1013/न.पा.प.आ./ 2026-27 दिनांक- 15.10.2026

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के समस्त पंजीकृत ठकेदारों/इच्छुक निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से नगर पालिका परिषद आजमगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट, बलरामपुर आजमगढ़ -क्षमता (8 एम.एल.डी.) के संचालन एंव रख-रखाव तथा सीवर लाइनों की सफाई एवं मरम्मत का कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदायें वेबसाइट http://.etender.up.nic.in पर दिनांक 16.10.2026 से दिनांक 29.10.2026 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के 24760100003103 आई.एफ.एस.सी. कोड-FDRL0002476 फेडरल बैंक शाखा आजमगढ़ में जमा करके प्राप्ति रसीद अथवा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में निविदा मूल्य नकद जमा करके प्राप्ति रसीद एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ वेबसाइट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क जमा रसीद एवं जमानत धनराशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर. /एन.एस.सी. की मूल प्रति व निविदा में अपलोड किये समस्त अभिलेखों की एक प्रति सील बन्द लिफाफे में दिनांक 29.10.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किन्हीं कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में निविदा खोलने सम्बन्धी कार्यवाही यथावत की जायेगी। निविदा /आगणन /कार्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी के लिये कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर के जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि जी.एस.टी. सहित लाख में	निविदा में प्रतिभाग हेतु धरोहर धनराशि लाख में10%	निविदा प्रपत्र मूल्य (जी.एस. टी सहित	कार्य अवधि छ: माह
1	सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट बलरामपुर आजमगढ़ -क्षमता (8 एम.एल.डी.)के संचालन एवं रख-रखाव तथा सीवर लाइनों की सफाई एवं मरम्मत के कार्य (कुल छ: माह हेतु)	57.33	5.73	5000.00	6 माह

नोट- उक्त निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते निविदा के पोर्टल http://.etender.up.nic.in पर अपलोड की गयी है। इच्छुक निविदादाता उकत का अवलोकन पोर्टल के माध्यम से कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

परीक्षा देने घर से निकली युवती गायब, राजातालाब थाने में मुकदमा दर्ज

राजातालाब। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चंदापुर जयापुर निवासी एक युवती १३ अक्तूबर की पूर्वाह्न नौ बजे परीक्षा देने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जक्खिनी के लिए घर से निकली थी, जो विद्यालय नहीं पहुंची और रास्ते से ही गायब हो गयी। परिजनों ने जक्खिनी पुलिस चौकी प्रभारी को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों के अनुसार युवती १८ वर्ष की है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पास के गांव गोतवा मिर्जापुर की दो किशोरियां मिर्जापुर के धरमदेवापुर गांव के एक युवक से शादी करने का दबाव बनाती थीं और अक्सर धमकाती थीं कि शादी नहीं करोगी, तो जान से मार दी जाओगी। घटना के बाद से परिवार भयभीत है और अनहोनी की आशंका से डरा हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

चौबेपुर क्षेत्र के सारनाथ कादीपुर के मध्य तरैया गाँव स्थित गुरुवार को पूर्वाह्न एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आनें से मौत हो गयी। सूचना पर पहुँचे वाराणसी सीटी आरपीएफ/जीआरपी मौकेपर पहुंच गयी, वहीं सहायक उप निरीक्षक विनय कुमार पाठक वाराणसी सीटी नें मृतक की पहचान अजय कुमार ३० वर्ष पुत्र राम लखन निवासी नरपतपुर के रूप में पहचान की।

कार्यालय नगर पंचायत कोपागंज, जनपद -मऊ

पत्रांक:-709/न.पं.कोपागंज मऊ/2026-27 दिनांक:-15.10.2026

अति अल्पकालिक ई-निविदा की प्रेस सूचना

नगर पंचायत कोपागंज, जनपद मऊ द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में "अ" श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरुप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर "मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना" के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के निविदा दे सकता है।

निविदा की समस्त कार्यवाही https://etender.up.nic.in पर की जायेगी, निविदा की समस्त जानकारी एवं शर्ते वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

टेण्डर शेड्यूल (https://etender.up.nic.in) पर

क्र. सं.	नगर पंचायत कोपागंज मऊ	ठीकेदार	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1	Tender Release		16.10.2026 को 9:00 AM	23.10.2026 को 05:00 PM
2	-	Tender Download	16.10.2026 को 9:00 AM	
3	-	Bid Submission	16.10.2026 को 9:00 AM	
4	Tender Opening	-	24.10.2026 को 01:00 PM	
5	Financial Bld Opening	-	After Approval of Technical Bid	

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोपागंज
जनपद-मऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत कोपागंज
जनपद-मऊ

चेतगंज में १० किलोग्राम प्रतिबंधित मंझा बरामद, युवक गिरफ्तार

चेतगंज पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर जगरनाथ मूर्ति की दुकान के पास नया पानदरीबा में छापा मारकर एक दुकानदार को गिरफ्तार कर मौके से १० किलोग्राम प्रतिबंधित मंझा बरामद किया है। थाना प्रभारी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़ा गया कालीमहल नया पान दरीबा निवासी जगरनाथ गुप्त पुत्र मोहनलाल गुप्त है। उसके खिलाफ धारा- २९३/१२५/२२३ बीएनएस एवं धारा- ५/१५ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम १९८६ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलॉ जनपद-बलिया

पत्रांक :-05/NIT/ न.पं.र.वर्ष 2026-27 दिनांक- 14.10.2026

निविदा आमंत्रण सूचना / ई-टेण्डरिंग

नगर पंचायत रतसर कलॉ, बलिया में कराये जाने वाले कार्यों हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / आपूर्तिकर्ताओं/ फर्मो/निर्माताओं जिनका आयकर / जी०एस०टी० में पंजीकृत हो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑन-लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है ।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	निविदाओं की ऑनलाईन उपलब्धता	ऑन-लाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि	वित्तीय ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि
1	कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलॉ, बलिया के पत्रांक सं0-05/NIT/ न.पं.र./ वर्ष 2026-27 दिनांक-14/10/2026 निर्माण कार्य हेतु ई- निविदा पोर्टल www. etender.up.nic.in पर अपलोड कुल 4 अदद लाट की निविदा।	दिनांक 17.10.2026 से	दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 05.00 बजे तक	दिनांक 06.11.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे

नोट- निविदा आमंत्रण कर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज - 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा, सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉगिन करे तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रतसर कलॉ
बलिया

अध्यक्ष
नगर पंचायत रतसर कलॉ
बलिया

कार्यालय उप निदेशक(वि0/यॉ0) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र., नवीन मण्डी स्थल पहड़िया, वाराणसी।

पत्रांक:वि0/यां0/निविदा/2026- 1516 दिनांक 15.10.2026

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित मण्डी स्थलों में प्रवेश एवं निकास द्वार पर पूर्व से स्थापित 50 एम0टी0 क्षमता के इलेक्ट्रानिक वे-ब्रिज की क्षमता वृद्धि एवं उच्ची करण के कार्यो को कराने हेतु ई-निविदायें वित्तीय रूप से सुद्रढ, वे-ब्रिज की अनुभवी निर्माता कम्पनियों से दिनांक 06.11.2026 को आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 06.11.2026 की अपरांह 11:00 बजे से कार्यालय उप निदेशक (वि0/यां0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, वाराणसी में खोली जायेगी। उक्त ई-निविदायें दिनांक 05.11.2026 की अपरांह 05:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑन-लाइन भरकर अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उप निदेशक (वि0/यां0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, वाराणसी के खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा, ऐसा न होने की दशा में फर्म द्वारा डाली गयी ई-निविदा को अवैध मानते हुए ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं ई-निविदा नहीं खोली जायेंगी। ई-निविदादाता को दिनांक 05.11.2026 की अपरांह 10:00 बजे तक समस्त बिड डाक्यूमेंट एवं पंजीकरण से सम्बन्धित समस्त आवश्यक प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।

क.	कार्य का नाम	निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित	धरोहर धनराशि (रू0 में) (रू0 में)	कार्यपूर्ण करने की अवधि
1	नवीन मण्डी स्थल, राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र में पूर्व से स्थापित 50 टन क्षमता के 02 नग वे-ब्रिजेज का अपग्रेडेशन एवं क्षमता वृद्धि तथा उच्चीकरण तत्संबन्धी अन्य कार्य। T Id - 2026_RKUMP_1197452_1	2300.00	1,28,500.00	छः माह
2	नवीन मण्डी स्थल, शाहगंज जनपद जौनपुर में पूर्व से स्थापित 50 टन क्षमता के 02 नग वे-ब्रिजेज का अपग्रेडेशन एवं क्षमता वृद्धि तत्संबन्धी अन्य कार्य। T Id - 2026_RKUMP_1197452_2	2200.00	1,20,000.00	छः माह
3	नवीन मण्डी स्थल, मिर्जापुर जनपद मिर्जापुर में पूर्व से स्थापित 50 टन क्षमता के 01 नग वे-ब्रिज का अपग्रेडेशन एवं क्षमता वृद्धि तथा उच्चीकरण तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। T Id - 2026_RKUMP_1197452_3	1700.00	69,000.00	छः माह
4	नवीन मण्डी स्थल, जंगीपुर जनपद गाजीपुर में पूर्व से स्थापित 50 टन क्षमता के 01 नग वे-ब्रिज का अपग्रेडेशन एवं क्षमता वृद्धि तथा उच्चीकरण तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। T Id - 2026_RKUMP_1197452_4	1700.00	69,000.00	छः माह
5	नवीन मण्डी स्थल, मऊ (कोपागंज) जनपद मऊ में पूर्व से स्थापित 50 टन क्षमता के 01 नग वे-ब्रिज का अपग्रेडेशन एवं क्षमता वृद्धि तथा उच्चीकरण तत्सम्बन्धी अन्य कार्य। T Id - 2026_RKUMP_1197452_5	1700.00	69,000.00	छः माह

नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी, जो उपरोक्त वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर पढ़ी/देखी जा सकती है।

उपनिदेशक(वि0/यां0)
मण्डी परिषद, वाराणसी।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **अजीत कुमार सिंह व ग्राम हांसपुर, पोस्ट- रैकवारेडीह, जिला- मऊ**

राजनैतिक दल का नाम: **निर्दलीय**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम: **खण्ड शिक्षक निर्वाचन**

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **गोरखपुर- फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **अजीत कुमार सिंह** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

(क)	संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं.	1- 0107/22 सरायलखंसी मऊ	2- 0435/22 सरायलखंसी मऊ	3. सी.बी.आई.ए.सी.बी. लखनऊ RC0062021A0009/21
(ख)	न्यायालय के नाम के साथ मामला सं.	न्यायालय सी.जे.एम. मऊ 0107/22	न्यायालय सी.जे.एम. मऊ 2449/26	माननीय विशेष न्यायालय सी.बी.आई. वेस्ट लखनऊ RC0062021A0009/21
(ग)	अंतर्वलित संबद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें, अर्थात् भारतीय दंड संहिता, आदि की धारा..)	147, 148, 149, 506, 427 भा.द.वि.	419, 420, 467 468, 471, 506, 504, 409, 120बी. IPC	US120-B, F/W420 IPCR 13(2) R/W13 (1) (0) OF PC Act.
(घ)	अपराध का संक्षिप्त विवरण	मारपीट का आरोप एफ.आर.न्यायालय में प्रेषित	गबन का आरोप	CBI के सं. पी०ई० 0062017I0003 की जॉच में फाईनल रिर्पोट दिनांक 30.03.2026 न्यायालय में प्रेषित
(ङ)	क्या आरोप विरचित किए गए हैं (हां या नहीं नहीं का उल्लेख करें)	नहीं	नहीं	नहीं
(च)	यदि उपरोक्त मद (ङ) के सामने उत्तर हां है, नहीं तो वह तारीख दे जिसको आरोप विरचित किए गए थे	नहीं	नहीं	नहीं
(छ)	क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपील / पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है। (हां या नहीं का उल्लेख करें)	नहीं	हॉ माननीय उच्च न्यायालय से योजित याचिका सं. 26041/2026 में कार्यवाही स्थगित	नहीं

(6) दोषसिद्धि के मामले,-

(i) मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि मुझे किसी आपराधिक मामले में दोषसिद्ध नहीं किया गया है।
(यदि अभ्यर्थी दोषसिद्ध नहीं किया गया है तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और नीचे विकल्प (ii) के सामने लागू नहीं होता हैं लिखें)

या

(ii) मुझे नीचे वर्णित अपराधों के लिए दोषसिद्ध किया गया है: लागू नहीं होता है।
(यदि अभ्यर्थी दोषसिद्ध किया गया है तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और उपरोक्त विकल्प (प) को काट दें, और नीचे दी गई सारणी में ब्यौरे दें)

ट्रक-कार की भिड़ंत,राजस्व निरीक्षक की मौत

साढ़ू के घर से कार से लौट रहे थे अनिल मौर्य, राबर्ट्सगंज-घोरावल मार्ग पर हुआ हादसा

शाहगंज(सोनभद्र)। राबर्ट्सगंज-घोरावल मार्ग पर स्थित परासी गांव के समीप बुधवार की रात करीब 11 बजे ट्रक-कार की भिड़ंत हो गई इस हादसे में राजस्व निरीक्षक शाहगंज की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बार शव परिजनों को सौंप दिया। बुधवार की रात करीब 11 बजे राजस्व निरीक्षक शाहगंज अनिल मौर्य अपने साढ़ू के घर गए हुए थे और रात में साढ़ू व स्वयं कार से रावर्टसगंज घर के लिए जा रहें थे कि अचानक परासी गांव के पास पहुंचते ही उनकी कार से ट्रक की भिड़त हो गई। आगे की सीट पर बैठे राजस्व निरीक्षक अनिल मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यह खबर जैसे ही अन्य विभागीय व लेखपालों को हुई वह रावर्टसगंज उनके आवास पर पहुंच गए और परिवार को ढांढस बंधाया। अचानक आई इस विपदा से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

शिक्षिका की लगातार गैरहाजिरी से नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत आरंगपानी के काशीकुड़ टोले स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका की कथित लगातार गैरहाजिरी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बजरंगी गोंड के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने विद्यालय पहुंचकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में सरकार की ओर से दो शिक्षकों की नियुक्ति की गई है, लेकिन नियमित रूप से केवल एक ही शिक्षक विद्यालय पहुंचते हैं। दूसरे शिक्षक की लगातार अनुपस्थिति के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक के नीचे छिपाकर रांची ले जायी जा रही अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

सोनभद्र। जिले की क्राइम ब्रांच एवं रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार की देर रात मुखबिर की सटीक सूचना पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मात्र पंजाब में बिक्री के लिये अधिकृत 93 लाख रूपये कीमत की 625 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद अंग्रेजी शराब एक ट्रक में लोड लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक की पेटियों के नीचे छिपाकर रांची झारखण्ड लेजाई जा रही थी जिसे पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बरामद कर लिया। शराब की अवैधशराब तस्करी में शामिल सिण्डिकेट के मामले में भी पुलिस तलाश कर रही है। गुरुवार को चुर्क पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने ट्रक समेत बरामद शराब के साथ गिरफ्तार अभियुक्तों को पत्रकारों के सामने किया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दृष्टिगत रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस, एसओजी एवं हिन्दुआरी चौकी, चुर्क तथा लोढ़ी की संयुक्त टीम द्वारा संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पंचमुखी हनुमान मंदिर से आगे चुर्क की तरफसड़क से हटकर मैदान में खड़े ट्रक की जांच की गई तो ट्रक

दो आरोपी गिरफ्तार, बरामद शराब की कीमत ९३ लाख

के केबिन में बैठे दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम नसीब चन्द राजपूत एवं कृष्णपाल राजपूत बताया। दोनों व्यक्तियों ने ट्रक में लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक लदे होने की बात कही तथा इसके समर्थन में इनवॉइस एवं ई-वे बिल प्रस्तुत किए। दस्तावेजों में माल दिल्ली से झारखंड भेजे जाने का उल्लेख था, जबकि दोनों व्यक्ति माल पंजाब से लादकर लाने की बात बता रहे थे। दस्तावेजों एवं उनके कथनों में विसंगति पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक की पेटियों के नीचे छिपाकर रखी गई कुल 625 पेटियों में 9,588 शीशी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसमें 407 पेटी रॉयल स्टेज 750 एमएल की 4,884 शीशी, 58 पेटी रॉयल स्टेज 180 एमएल की 2,784 शीशी तथा 160 पेटी रॉयल ग्रीन 750 एमएल की 1,920 शीशी पाई गई ।एसपी ने बताया कि बरामद शराब की बोतलों पर ओनली फॉर पंजाब सेल अंकित था और माँगने पर अभियुक्त शराब के परिवहन एवं बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस संबंध में रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में धारा 60/63 आबकारी अधिनियम तथा धारा 318(4), 336(3), 338 एवं 340(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान प्रकाश में आया कि ट्रक में लदे माल को उनके मालिक, वाहन स्वामी द्वारा लोड कराया गया था। अभियुक्तों ने ट्रक में लाहौरी जीरा कोल्ड ड्रिंक लदे होने के संबंध में इनवॉइस एवं ई-वे बिल प्रस्तुत किए थे, जिनमें माल को दिल्ली से झारखंड भेजे जाने का उल्लेख था, जबकि उनके द्वारा माल हरियाणा के पानीपत एवं पंचकूला से झारखंड की राजधानी रांची ले जानें की बात बताई गई। पूछताछ में प्रकाश में आए तथ्यों के आधार पर अवैध अंग्रेजी शराब की आपूर्ति के स्रोत, वाहन स्वामी की भूमिका तथा तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों एवं नेटवर्क के संबंध में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस ने जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनमें नसीब चन्द राजपूत पुत्र रामदेव राजपूत निवासी ग्राम जामली, थाना बिलासपुर, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश, उम्र करीब 40 वर्ष, कृष्णपाल राजपूत पुत्र दिलाराम, निवासी ग्राम एवं पोस्ट काथला, थाना स्वारघाट, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश, उम्र करीब 38 वर्ष शामिल हैं। अवैध अंग्रेजी शराब के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में धर्मेन्द्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रॉबर्ट्सगंज, बनारसी यादव, निरीक्षक अपराध, रामस्वरूप वर्मा, प्रभारी एसओजी, विनय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी हिन्दुआरी, उप निरीक्षक धर्मनारायण भार्गव, उमाशंकर यादव, संदीप यादव, राजेश यादव, अमरजीत यादव, रामसिंह, सतेन्द्र कुमार, पंकज यादव शामिल रहे।

राजस्व वसूली से लेकर विकास योजनाओं तक तेज हो प्रगति, धरातल पर दिखे परिणाम- जिलाधिकारी

सोनभद्र। जनपद में राजस्व वसूली में तेजी लाने, पुराने राजस्व वादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व, कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली, निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि, लंबित राजस्व वादों तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष विभागवार प्रगति की नियमित समीक्षा करें तथा प्रभावी कार्ययोजना बनाकर वसूली में तेजी लाएं। राजस्व वसूली में अनावश्यक शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की

४५ दिन से अधिक पुराने राजस्व वादों का अभियान चलाकर करें निस्तारण, अनावश्यक लंबित मामलों में तय होगी जवाबदेही

जाएगी। राजस्व वादों, विशेषकर धारा-116 सहित विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 45 दिन से अधिक पुराने मामलों को अभियान चलाकर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा प्रत्येक मामले की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिन अधिकारियों के स्तर पर पुराने एवं अधिक संख्या में वाद लंबित पाए जाएंगे, उनकी जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। राजस्व न्यायालयों में आने वाले आमजन को समय से न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों की विभागवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग की प्रगति एवं रैंकिंग की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा जिन योजनाओं और सूचकांकों में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, उनमें तत्काल सुधार लाएं।उन्होंने कहा कि विभागीय प्रगति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय से पहुंचे और विकास कार्यों का सकारात्मक प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वागीश कुमार शुक्ला, उप जिलाधिकारी रॉबर्ट्सगंज आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान, उप जिलाधिकारी घोरावल विशाल कुमार सहित राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रीराम-सीता के विवाह प्रसंग के बीच एक जोड़े का हुआ विवाह

चुर्क(सोनभद्र)। चुर्क नगर पंचायत के रामलीला मैदान में बुधवार की रात श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग के दौरान सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल देखने को मिली। रामलीला कमेटी की ओर से एक गरीब कन्या का विवाह भारतीय परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ। रामलीला में श्रीराम और माता सीता के प्रतीकात्मक स्वरूप में रामसेवक और आशा ने भूमिका निभाई। विवाह समारोह के दौरान दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। वहीं, वास्तविक विवाह में वार्ड संख्या एक निवासी रामसेवक और बुड़हर खुर्द निवासी आशा वैवाहिक बंधन में बंध गए। वार्ड संख्या एक से गाजे-बाजे के साथ बारात रामलीला मैदान पहुंची। इसके बाद चुर्क स्थित शिव मंदिर से बारात निकाली गई। इस अनूठे आयोजन के साक्षी मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे सहित हजारों की संख्या में नगरवासी बने। चुर्क के रामलीला में 8 गरीब कन्याओं का विवाह सम्पन्न हो चुका है। कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के महामंत्री ओम प्रकाश यादव, देवेश मिश्रा, ओम तिवारी, धनन्जय दूबे, डा एचपी सिंह, अधिशासी अधिकारी चुर्क अमित कुमार सरोज, नगर पंचायत चुर्क अध्यक्ष मीरा यादव, संगीता सिंह, मीनू चौबे जयराम वर्मा मंडल महामंत्री, महेंद्र पांडेय, रामलीला समिति के सक्रिय सदस्य गोपाल केशरी, सभासद क्रमशः सूरज चंद्रवंशी, अंशु खत्री मौजूद रहे।

भाषण में अथर्व, चित्रकला में ईशाना अव्वल

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी शक्तिनगर के आवासीय परिसर स्थित संत जोसेफ स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एनटीपीसी के आईटी विभाग द्वारा विशेष कार्यशाला एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता तथा कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में एनटीपीसी के आईटी विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक चंद्रकांत मिश्रा एवं इंजीनियर श्वेता सरकार ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने इंटरनेट एवं डिजिटल तकनीक का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन धोखाधड़ी से

एनटीपीसी के आईटी विभाग में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

बचने, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने तथा साइबर जगत में सतर्कता बरतने के महत्व पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में अथर्व तिवारी ने प्रथम, जाह्नवी पांडेय ने द्वितीय तथा अंशिता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षा सिंह एवं अनाया सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में ईशाना वर्मा ने प्रथम, आयशा पटेल ने द्वितीय तथा स्वास्तिका कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्या यादव एवं अंशिका राज को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ. विंसेंट परेरा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करने के साथ-साथ उनकी भाषण कला, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। संचालन डा. योगेंद्र तिवारी ने किया। अंत में शिक्षक सेनुमोन जोसेफने धन्यवाद ज्ञापन किया।

पुष्प वर्षा कर लोगों ने किया स्वागत, बांटी मिठाइयां

ओबरा(सोनभद्र)। स्थानीय राम लीला मैदान से बुधवार की देर शाम श्री राम चरित मानस मंदिर समिति के तत्वाधान में भगवान श्री राम की भव्य बारात निकाली गई। पूरे धूमधाम से झूमते नाचते श्रीराम बाराती राम मंदिर कॉलोनी से सुदामा पाठक चौराहा होते हुए चोपन रोड़ पहुंची जहां नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी देवी व महिला मण्डल ने बारात पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और रथ पर सवार देवों का पूरा विधि विधान से पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया वहीं समाजसेवी श्याम चंद्र गुप्ता, सभासद अमित गुप्ता, सभासद आनंद जायसवाल, दिनेश सिंह व शिक्षा निकेतन दुर्गा पूजा समिति ने जलपान वितरण किया। सैकड़ों की संख्या में शामिल बरातियों का जगह जगह स्वागत किया गया मानो स्वयं देवता धरती पर उतर आए हों। हाथों में रामनाम का पताका लेकर निकली बारात और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा नगर राममय हो गया। इस अलौकिक भव्य शोभा यात्रा के साक्षी बने लोगों ने श्रीराम लीला समिति के सदस्यो की खूब सराहना की। मनमोहक बारात जब राम लीला मैदान के पास पहुंची तो राम लीला का मंचन देख रहे दर्शकों ने भी देवों का आरती पूजन कर आशीर्वाद लिया। दूसरी ओर लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन देख श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीराम विवाह के संपन्न होने पर लोगों में मिठाई बांट कर खुशियां मनाई गई। इस दौरान ईश्वरी नारायण सिंह, गिरिश नारायण सिंह, संजीत कुमार चौबे, पुष्पराज पाण्डेय, नीलकांत तिवारी, धुरंधर शर्मा, श्री राम लीला समिति के अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष अशीष तिवारी, सचिव सुशील सिंह, श्रवण पासवान, रमेश सिंह यादव, महेश जयसवाल, नीलेश मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक अरविन्द सोनी, रामदेव मौर्या, संजय सिंह चंदेल, अनुज त्रिपाठी, अभिषेक सेठ, समीर माली,आनन्द पटेल दयालु, शिवम द्विवेदी, सभासद राकेश पासवान, अनीश सेठ, राजेश्वर प्रसाद, गीतांजलि चौबे, ऊषा शर्मा, ममता श्रीवास्तव, सरिता सिंह, पुष्पा दूबे इत्यादि सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

परसा टोला में चेकडैम का उद्घाटन

बभनी(सोनभद्र)। विकास खंड बभनी के ग्राम परसा टोला में आदित्य बिरला ग्रुप की ओर से निर्मित चेकडैम का गुरूवार को समूह प्रमुख प्रशिक्षण एवं विकास, ज्ञानोदय नीलमणि सिंह ने उद्घाटन किया। चेकडैम के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने तथा वर्षा जल को संचित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। इससे भूजल स्तर में सुधार और किसानों को कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता में लाभ मिल सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की विकासपरक पहल को उपयोगी बताया। चेकडैम का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस मौकें पर आदित्य बिरला ग्रुप के एचआर बीपी हेड अजय सिन्हा, सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा, ग्रामीण विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सोनी, रमाकांत, जीतू, मुख्य ब्लॉक संयोजक लालकेश कुशवाहा, शिवपूजन, रामचरण, अजहर इमाम, लालमन, विजय कुमार सोनी मौजूद रहे।

चेकडैम के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

डाक्टर अब्दुल कलाम का पूरा जीवन देश की विज्ञान, शिक्षा के प्रति रहा समर्पित-सपा

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरूवार को कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत के महान वैज्ञानिक डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम भारत के महान वैज्ञानिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत का मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के रूप में जाना जाता है। देश के इस महान व्यक्ति को भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है । जीवन में प्रेरणा का संचार करने वाले डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन हमेशा गरीबों के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है। अपना पूरा जीवन देश की विज्ञान रक्षा और शिक्षा के प्रति समर्पित कर दिया। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके के रास्ते पर चलते हुए अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में देश की रक्षा एवं शिक्षा पर विशेष कार्य किया और नौजवानों को आगे बढ़ने का काम किया। संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, जिला महासचिव मोहम्मद शईद कुरैशी, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव, प्रदेश सचिव चौधरी यशवंत सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल यादव, सरदार पारब्रह्म सिंह, अनिल प्रधान, फारूक अली जिलानी, दयाराम मौर्य, कृष्णा पंडित, लल्लू भारती, आनंद पटेल, अभय यादव, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

मुसही गांव में जेसीबी से खोदकर खराब किया स्कूल जाने वाला रास्ता

बच्चों और ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

चुर्क(सोनभद्र)। चुर्क चौकी क्षेत्र के मुसही गांव में स्कूल जाने वाले रास्ते को जेसीबी से कई जगह खोदकर क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। इससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र बाल्मिकी ने बताया कि गांव के कुछ लोग बगैर किसी आदेश के जेसीबी लगाकर रास्ते को कई जगह से खुदवा दिये। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। इसी मार्ग से ग्रामीण भी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। बताया गया कि कुछ वर्ष पहले इसी रास्ते पर जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्राम प्रधान द्वारा इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया था। रास्ता क्षतिग्रस्त होने के बाद विधायक निधि से इसके निर्माण का कार्य भी चल रहा था। ऐसे में रास्ते को खोदकर खराब किए जाने से निर्माण कार्य और ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि यही एक रास्ता है जिससे बच्चे विद्यालय आते और जाते हैं। उन्होंने बच्चों को हो रही परेशानी को देखते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कराकर रास्ते को दुरुस्त कराये की मांग की है।

पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान

बीजपुर(सोनभद्र)। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-6 के तहत गुरुवार को बीजपुर पुलिस ने राजकीय आईटीआई कालेज नक्टू में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं को साइबर अपराधों ऑनलाइन धोखाधड़ी और सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही डिजिटल दुनिया में सतर्क रहकर साइबर ठगी से बचने के उपाय भी बताए गए। 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के निर्देश पर संचालित मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम में उपनिरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में बीजपुर थाने की मिशन शक्ति टीम एवं साइबर कर्मियों ने कॉलेज पहुंचकर छात्राओं को जागरूक किया।इस मौके पर उपनिरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, कांस्टेबल सरोज, अमित कुमार, श्रीकृष्ण, कांस्टेबल कृष्ण कुमार गुप्ता, महिला कांस्टेबल सुनैना मौजूद रहीं।

तीरंदाजी में आकाश को मिला प्रथम स्थान

बभनी(सोनभद्र)। सेवा समर्पण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को सेवा कुंज आश्रम कारीडाड़ चपकी में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान 100, 200, 400, 600, 800, 1500 और 3000 मीटर दौड़, लंबी कूद, शॉटपुट और तीरंदाजी सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का शुभारंभ सेवा समर्पण संस्थान सोनभद्र के जिला उपाध्यक्ष देव नारायण खरवार, एडीओ कोऑपरेटिव संतोष राय और विकास दुबे ने तीर से निशाना लगाकर किया। खेल प्रमुख जितेन्द्र यादव ने प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। 100 मीटर बालक वर्ग में जीआईसी चपकी के प्रदीप सिंह ने प्रथम, महेश ने द्वितीय और मानिक चंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में आदित्य इंटर कॉलेज करमघट्टी के चंदन कुमार प्रथम, कंपोजिट विद्यालय बरवाटोला के देव सिंह द्वितीय और आदित्य इंटर कॉलेज करमघट्टी के आशुतोष तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में जीआईसी चपकी के मनोज कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया। सब जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में जीआईसी चपकी की रिंकी प्रथम, जनता इंटर कॉलेज बभनी की रीना द्वितीय और स्वाती तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में अजीत कुमार ने प्रथम, सोनम सिंह ने द्वितीय और सोनू कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 200 मीटर बालिका वर्ग में आदित्य इंटर कॉलेज करमघट्टी की सोनामती प्रथम, रीता द्वितीय और कंपोजिट विद्यालय बरवाटोला की सुमन तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में हीरावती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 400 मीटर बालक वर्ग में विनय कुमार प्रथम रहे। 800 मीटर दौड़ में रविचंद ने प्रथम स्थान हासिल किया। सब जूनियर बालक वर्ग की तीरंदाजी प्रतियोगिता में आकाश ने 170 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रताप सिंह 166 अंकों के साथ द्वितीय, सचिन 164 अंकों के साथ तृतीय और विशाल 120 अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रवीण कुमार सिंह, श्याम चरण, संतोष यादव और जितेन्द्र यादव ने निभाई। इस मौके पर राम लखन, मिथलेश कुमार, रविन्द्र कुमार, शिव प्रसाद, यतीश कुमार और डॉ. लालजी सुमन मौजूद रहीं।

सिय राम लखन सहित रघुराई... निकसे अवध बिहाई...

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिंडाल्को रामलीला परिषद के तत्वावधान में आयोजित भव्य रामलीला मंचन के चौथे दिन भावनाओं, भक्ति और मर्यादा के अद्भुत संगम का सजीव प्रदर्शन किया गया। दिन की प्रमुख लीलाओं में राम राज्याभिषेक की घोषणा, राम वनगमन, राम-केवट संवाद का अत्यंत प्रभावशाली एवं हृदयस्पर्शी मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ राम राज्याभिषेक की घोषणा से हुआ। इस समाचार से संपूर्ण अयोध्या उत्सव के रंग में रंग गई और नगरवासी हर्षोल्लास के साथ राज्याभिषेक की तैयारियों में जुट गए। इसी बीच देवर्षि नारद चिंतन करते हैं कि यदि भगवान श्रीराम राजकाज में व्यस्त हो जाएंगे तो पृथ्वी को राक्षसों के अत्याचारों से मुक्ति कैसे मिलेगी। इसके पश्चात माता सरस्वती के मंथरा की वाणी पर विराजमान होने तथा उसके द्वारा महारानी कैकेयी के मन में भरत को राजगद्दी और श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास दिलाने का विचार उत्पन्न करने का दृश्य अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंथरा और कैकेयी के संवाद तथा कैकेयी द्वारा महाराज दशरथ से अपने दो वरदान मांगने के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया।इसके बाद भगवान श्रीराम द्वारा पिता की आज्ञा एवं रघुकुल की मर्यादा की रक्षा हेतु वनवास स्वीकार करने का प्रसंग मंचित किया गया। माता सीता एवं लक्ष्मण का श्रीराम के साथ वन जाने का निर्णय तथा अयोध्यावासियों का विलाप इतना सजीव था कि रामलीला मैदान में उपस्थित अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठीं। वनगमन के दौरान गंगा तट पर प्रस्तुत राम-केवट संवाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। प्रभु श्रीराम के प्रति केवट की अटूट श्रद्धा, विनम्रता और समर्पण ने उपस्थित दर्शकों को भक्ति रस में डुबो दिया। भावपूर्ण संवादों और सशक्त अभिनय ने इस प्रसंग को अत्यंत जीवंत बना दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एचआर हेड अजय सिन्हा ने वरिष्ठ अधिकारियों समेत विधिवत गणेश पूजन कर लीला का शुभारंभ किया। इस अवसर परजनसंपर्क विभाग प्रमुख यशवंत कुमार, रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय, सचिव आदित्य प्रकाश पाण्डेय एवं कोषाध्यक्ष पद्माकर मिश्र सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी पूजन एवं आरती में सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में रामलीला परिषद् के अध्यक्ष पी.के. उपाध्याय ने बताया कि पांचवें दिन की रामलीला में राजा दशरथ का निधन, भरत-मिलाप तथा शूर्पणखा नासिका भंग जैसे अत्यंत भावनात्मक एवं महत्वपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के समस्त रामभक्तों एवं दर्शकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर रामलीला का आनंद लेने का आग्रह किया।

छूटे हुए मतदाता १७ और २४ को बूथ पर जाकर वोटर लिस्ट में जोड़वायें नाम

सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे हुए पात्र नागरिकों एवं युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए जनपद में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आगामी 17 एवं 24 अक्टूबर को प्रत्येक बूथ पर मतदाता सहायता हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। जनपद के नागरिकों से अपील है कि वे विशेष कैम्प में आकर मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम दर्ज होने की पुष्टि अवश्य कर लें। यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो फॉर्म-6 भरकर अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन अवश्य करें। लोकतंत्र में सभी की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना आवश्यक है।

डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का मना जन्मदिवस

भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा अखबार सेंटर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन अखबार वितरक स्वर्गीय डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 95 वा जन्मदिवस अखबार वितरक दिवस के रूप में चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर मनाया गया ।संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहां की रामेश्वरम शहर में 1931 को जन्म लिया मंदिर के सामने अखबार बेचकर पढ़ाई की ऊंचे क्लास में पढ़ाई के लिए बहन ने सोने का कंगन बेचकर एडमिशन कराई अखबार वितरण से लेकर भारत के प्रथम नागरिक व महान वैज्ञानिक के रूप में पूरे विश्व में अपना पहचान बनाई भारत का नाम रोशन किया भारत सरकार से मांग किया गया।

दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

६० फीट ऊंचे पंडाल में विराजेंगी मां दुर्गा, छह दिवसीय महोत्सव में सजेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल

अनपरा(सोनभद्र)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर हिंडालको रेनुसागर में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मां दुर्गा के स्वागत के लिए श्री श्री दुर्गा पूजा समिति, रेनुसागर द्वारा इस वर्ष भी भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 16 अक्टूबर को महाषष्ठी से शुरू होने वाले इस महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर.पी सिंह के मार्गदर्शन तथा हेड एचआर आशीष पांडेय के दिशा-निर्देशन में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के लिए पैराडाइज प्रेक्षागृह परिसर में आकर्षक एवं भव्य पंडाल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इस वर्ष लगभग 60 फीट ऊंचा पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगा। समिति के सचिव पी. चट्टोपाध्याय ने बताया कि कोलकाता से आए दर्जनों कुशल कारीगर गोपाल मुखर्जी के नेतृत्व में दिन-रात मेहनत कर पंडाल को भव्य स्वरूप देने में जुटे हैं। वहीं, बंगाल से आए मूर्तिकार मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। पूजा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए समिति के सदस्य पूरी तत्परता से तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान छह दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक छटा देखने को मिलेगी। कार्यक्रमों में महिषासुर मर्दिनी की प्रस्तुति,ओपन गरबा, डांडिया, धुनुची नृत्य, तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। इन आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, आस्था और भारतीय लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इसी क्रम में हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर. पी. सिंह ने अपनी पत्नी इंदु सिंह के साथ विधि-विधानपूर्वक मां आदिशक्ति दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत कारीगरों ने मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा को सजाने का कार्य प्रारंभ किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही महोत्सव की तैयारियों ने और गति पकड़ ली। समिति के उपाध्यक्ष हेड एच आर आशीष पांडेय ने बताया कि दुर्गा पूजा महोत्सव को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए स्वच्छता, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

१६ से ३० नवंबर तक मोबाइल से घर बैठे कर सकेंगे जनगणना

४० सवालों के देने होंगे जवाब, डायट में जनगणना-२०२७ के फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

ज्ञानपुर। जनगणना-2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके तहत 16 से 30 नवंबर तक जनपदवासी घर बैठे मोबाइल फोन से स्व-गणना कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें जनगणना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर परिवार से संबंधित निर्धारित जानकारियां दर्ज करनी होंगी। स्व-गणना के दौरान कुल 40 सवालों के माध्यम से परिवार, शिक्षा, रोजगार, जन्म, प्रवास और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां जुटाई जाएंगी। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के बैच-2 के फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को जिला

शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), भदोही में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर्स धनंजय सिंह और जय प्रकाश सिंह ने प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। जिला नोडल अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने परिवारों तक पहुंचने, लोगों से संवाद स्थापित करने और सूचनाओं का सही संकलन करने की प्रक्रिया समझाई। प्रशिक्षण के बाद फील्ड ट्रेनर्स अपने निर्धारित क्षेत्रों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। उनकी जिम्मेदारी जनगणना संबंधी प्रश्नों की सही समझ विकसित करने, कार्यप्रणाली में एकरूपता बनाए रखने और क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान में सहयोग करने की होगी। जनगणना के दौरान परिवार के सदस्यों की पहचान, पारिवारिक संबंध, आयु, वैवाहिक स्थिति, धर्म, जाति, शिक्षा, भाषा, दिव्यांगता, रोजगार, व्यवसाय, जन्मस्थान और प्रवास से संबंधित जानकारियां ली जाएंगी। इसके अलावा बैंक खातों, मोबाइल नंबर और विभिन्न पहचान पत्रों से संबंधित विवरण भी प्रश्नावली में शामिल हैं। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे 16 से 30 नवंबर तक बेबसाइड पर जाकर स्व-गणना का विकल्प चुनें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिवार की जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि सही और विश्वसनीय जनगणना आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के बेहतर नियोजन और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से जनगणना कार्य को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

रेल अनुरक्षण कार्य के लिए १७, १८ अक्तूबर को बंद रहेगा सुरियावां रेलवे फाटक

सुबह आठ से शाम चार बजे तक गमनागमन रहेगा बाधित

सुरियावां । सुरियावां रेलवे फाटक संख्या 41-सी पूर्वी को रेल अनुरक्षण कार्य के चलते 17 और 18 अक्टूबर को बंद रखा जाएगा। दोनों दिन सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक फाटक पर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर, रेल पथ, उत्तर रेलवे भदोही ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे ट्रैक के अनुरक्षण कार्य के लिए फाटक बंद किया जाएगा। फाटक बंद रहने से इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो सकती है। ऐसे में लोगों को निर्धारित समय के दौरान वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

रोजगार, महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

भदोही। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत रोजगार, कौशल विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी योजनाओं पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही दहेज विरोधी जागरूकता तथा महिला सहायता केंद्रों, आश्रयगृहों और कल्याणकारी सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. माया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण, सहायता और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। इनमें मिशन शक्ति महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके कारण लड़कियों और उनके परिवारों को आर्थिक एवं मानसिक दबाव का सामना करना पड़ता है। छात्राओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिभज़्र बनने तथा शिक्षा और कौशल के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त होने का संदेश दिया। दहेज विरोधी कार्यक्रम के संयोजक एवं मुख्य वक्ता डॉ. अमर कृष्ण यादव ने कहा कि महिला सहायता केंद्र महिलाओं को हिंसा और उत्पीड़न से सुरक्षा दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूणज़ भूमिका निभाते हैं।

पीएम इंग्लिश स्कूल में मनाया गया विश्व हाथ धुलाई दिवस, डाक्टर कलाम की जयंती

घोसिय। औराई ब्लॉक के माधोसिंह ग्राम स्थित पीएम इंग्लिश स्कूल में गुरुवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस और भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देकर अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों को हाथ धोने के सही तरीके का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को हथेली, हाथों के पिछले हिस्से, उंगलियों के बीच, अंगूठे, नाखूनों और कलाई की सफाई के बारे में बताया गया। साथ ही भोजन करने से पहले और खाद्य सामग्री छूने के बाद साबुन-पानी से अच्छी तरह हाथ धोने की सलाह दी गई, ताकि संक्रमण और विभिन्न बीमारियों से बचाव किया जा सके। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद सागर ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ

जीवन का आधार है। बच्चों को बचपन से ही हाथ धोने की आदत अपनानी चाहिए। सही तरीके से हाथ धोने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का संदेश रहा, 'चले बीमारी को दूर भगाएं, सही तरीके से हाथ धुलना सिखाएं।' वहीं, प्रधानाचार्य मोहम्मद अली और शिक्षकों ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को नमन करते हुए उनके जीवन, विचारों और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला।

कलाम साहब पूरे देश के युवाओं के आदर्श थे-प्रदीप यादव

ज्ञानपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट, कंसापुर में बुधवार को भारत रत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि डॉ. कलाम किसी एक राजनीतिक दल के नहीं, बल्कि पूरे भारत के युवाओं के आदशज़् थे। रामेश्वरम के एक छोटे से घर से राष्ट्रपति भवन तक का उनका सफर बताता है कि मजबूत इरादों के सामने गरीबी भी बाधा नहीं बन सकती। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा और विज्ञान को समर्पित कर दिया। कलाम साहब का मानना था कि शिक्षक ही राष्ट्र निमार्ता हैं।विधायक जाहिद बेग व हसनैन अंसारी ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉ. कलाम ने वैज्ञानिक और विज्ञान प्रशासक के रूप में करीब चार दशक तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डीएम और एसपी ने सुनीं शिकायतें

गोपीगंज। नगर स्थित पुलिस चौकी में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं, दुर्गा पूजा पंडालों की व्यवस्था, दशहरा,भरत मिलाप तथा आगामी पर्वों को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के बीच नगर की समस्याएं रखीं थी। इस दौरान नगर की साफ-सफाई, मार्गों की स्थिति तथा नालियों से पानी ओवरफ्लो होने की समस्या प्रमुखता से उठाई गई थी। व्यापारियों ने पर्व के दौरान नगर में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की थी, ताकि आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। व्यापार मंडल के लोगों ने नगर के विभिन्न मार्गों और नालियों की समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। व्यापारियों का कहना था कि नालियों से पानी ओवरफ्लो होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। पर्व के दौरान नगर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ जाती है, ऐसे में साफ-सफाई और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने पूजा पंडालों के आसपास स्वच्छता, मार्गों की व्यवस्था तथा बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग भी रखी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, श्रीकांत जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल, दिनेश उमर, कृष्ण कुमार खटाई, रमेश कौशल, बिंदेश गुप्ता, कोमल मोदनवाल, रतन शंकर जायसवाल, सुनील जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, गुड्डू चौधरी, शाश्वत सिंह, अनिल अवधिया समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और व्यापार मंडल के लोग मौजूद रहे।

भगौतीदासपुर में मनायी गयी डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

ज्ञानपुर। भदोही ब्लॉक के भगौतीदासपुर ग्रामसभा में बुधवार को समाजसेवी राहुल सिंह के नेतृत्व में भारतरत्न एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मोमबत्ती जलाकर डॉ. कलाम को श्रद्धापूर्वक नमन किया। समाजसेवी राहुल सिंह ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनका जीवन संघर्ष, सादगी, शिक्षा और देशसेवा की मिसाल है। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से युवाओं को बड़े सपने देखने तथा उन्हें साकार

करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। देश के विकास में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर चिंतामणि बिंद, कांतुलाल प्रजापति, पंधारी लाल बिंद, दुजा कुमारी बिंद, शांतिदेवी बिंद, रवींद्र बिंद, शुभम बिंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार को बचाने में भिड़े दो मिनी ट्रक, ट्रेलर

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के झिलियापुल के पास बुधवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार सवार को बचाने के प्रयास में दो मिनी ट्रक और एक ट्रेलर आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक मिनी ट्रक की डीजल टंकी फट गई और सड़क पर डीजल फैल गया। इससे आग लगने की आशंका को लेकर मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक मिनी ट्रक चालक घायल हो गया, जबकि तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार, इटावा के लालनपुर निवासी महेश (39) मिनी ट्रक लेकर वाराणसी से इटावा जा रहे थे। लालानगर टोल से कौलापुर तक हाईवे का एक लेन बंद होने के कारण दोनों तरफ का यातायात दक्षिणी लेन से संचालित किया जा रहा है। इसी दौरान झिलियापुल के पास सामने से अचानक एक कार आ गई। उसे बचाने के प्रयास में मिनी ट्रक चालक ने स्टेयरिंग मोड़ दिया, जिससे वाहन सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गया। पीछे से आ रहा दूसरा मिनी ट्रक भी अनियंत्रित होकर भिड़ गया। टक्कर के बाद एक ट्रक की डीजल टंकी फट गई और पूरा डीजल सड़क पर फैल गया। इससे आग लगने का खतरा बढ़ गया। हादसे की सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण हाईवे पर दोनों तरफ करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस और एनएचएआई की टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। इसके बाद घंटों की मशक्कत से यातायात बहाल कराया जा सका।

वात्सल्य की प्रतिमूर्ति हैं स्कंदमाता

कांवल। नवरात्र के समय में पूरा जनपद भक्तिमय हो गया है। देवी मंदिरों व अपने घरों में भक्तजनों के द्वारा माता रानी की पूजा व आरती बड़े आस्था के साथ की जा रही है। कलश स्थापन जहां किया गया है वहाँ की बात ही निराली है। विभिन्न प्रकार के देवी से सम्बंधित अनुष्ठान भी हो रहे है, ऐसा दिखाई दे रहा है। गुरुवार को शक्ति के पाँचवे स्वरुप स्कंदमाता की पूजा हुई। इन्हें स्कंदमाता क्यों कहा जाता है इस सम्बन्ध में बताया जाता है कि भगवान स्कंद की माता होने के कारण देवी को स्कंदमाता कहा जाता है। सच्चे मन से मां की पूजा करने से मां अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उन्हें मोक्ष प्रदान करती हैं। माता के पूजन से व्यक्ति को संतान प्राप्त होती है। मां स्कंदमाता भगवान स्कंद को गोद में लिए हुए हैं। मां का ये स्वरूप दशार्ती है कि वात्सल्य की प्रतिमूर्ति मां स्कंदमाता अपने भक्तों को अपने बच्चे के समान समझती है। मां स्कंदमाता की पूजा करने से भगवान स्कंद की पूजा भी स्वत: हो जाती है।

बीमा सेवा केंद्र में सेंध लगाकर डेढ़ लाख की चोरी



सुरियावा। नगर के स्टेशन रोड स्थित नयागंज रोड पर रेलवे कॉलोनी के पास संचालित एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट बीमा सेवा केंद्र एवं सीएससी सेंटर में सेंध लगाकर चोरों ने डेढ़ लाख रुपये नकद पार कर दिए। घटना के बाद संचालकों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, केशव प्रजापति और धीरज प्रजापति का रेलवे कॉलोनी के पास एलआईसी प्रीमियम प्वाइंट बीमा सेवा केंद्र एवं सीएससी सेंटर है। बुधवार की शाम करीब साढ़े सात बजे दोनों दुकान बंद कर सड़क के दक्षिण स्थित अपने मकान पर चले गए। इसी बीच रात में अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाकर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने गल्ला तोड़कर उसमें रखी बीमा प्रीमियम की जमा धनराशि समेत अन्य मदों के करीब डेढ़ लाख रुपये नकद निकाल लिए। इसके अलावा एक छोटा बैग भी उठा ले गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। गुरुवार की सुबह कुछ लोगों ने संचालकों को उनके सेंटर में पीछे की तरफसेंध लगे होने की जानकारी दी। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे और अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी नकदी गायब थी। चोरी की जानकारी होते ही उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जांच-पड़ताल कर रही है। चोरी की इस घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

खेती-किसानी में महिलाओं की भागीदारी अहम

महिला किसान दिवस पर गोष्ठी, उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह महिला किसान सम्मानित

ज्ञानपुर। कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को कृषि भवन घरांव के सभागार में महिला किसान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली छह महिला किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला किसानों से खेती-किसानी में बेहतर कार्य करते हुए कृषि विभाग की तकनीकी जानकारी और सुविधाओं का लाभ उठाने तथा अन्य किसानों को भी जागरूक करने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि पात्रता के नियमों के अनुसार पति-पत्नी और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों वाले परिवार में एक ही व्यक्ति को योजना का लाभ मिल सकता है। कृषि यंत्रों के लिए पोर्टल पर 20 अक्टूबर तक टोकन प्राप्त करने की सुविधा की जानकारी भी दी। जिला कृषि अधिकारी कु. इरम ने महिलाओं को खेती के साथ अचार, मुरब्बा और फल

प्रसंस्करण जैसे कायोज़् से अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कामिनी मिश्रा, सुमन राय, अंजू देवी, प्रभावती देवी, सीमा यादव और अंजली बिंद को सम्मानित किया गया। गोष्ठी में जनपद के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिला किसानों ने प्रतिभाग किया।

एक नवंबर को एक्सपो मार्ट में लगेगा मेगा विधिक सेवा शिविर

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में एक नवंबर को एक्सपो मार्ट, भदोही कारपेट सिटी में मेगा कैंप एवं बृहद विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से जनसामान्य को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और विधिक सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। समें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आनंद मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव तथा जनपद के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी, यातायात प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। मेगा कैंप से संबंधित जानकारी और समन्वय के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के संपर्क नंबर 8009996944 पर संपर्क किया जा सकता है।

बसपा ने २०२७ के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर किया मंथन

ज्ञानपुर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में औराई विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर छह गोपपुर और सेक्टर 19 जगन्नाथपुर में कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी ने की। मुख्य अतिथि मीरजापुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी गुड्डू राम ने कार्यकर्ताओं से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और बूथों को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बहुजन महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में घोषित प्रत्याशी को एकजुट होकर समर्थन देने की बात कही। साथ ही 17 अक्टूबर को मतदाता सूची में पात्र युवाओं के नाम दर्ज कराने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में जिला महासचिव रामलाल पाल, विधानसभा प्रभारी डॉ. राजकुमार पाल, विधानसभा अध्यक्ष महादेव उर्फ पप्पू गौतम, मनोज कुमार गौतम, श्याम बिहारी, लक्ष्मी शंकर बिंद, तारा देवी, हफीज बटोही, विजयराज गौतम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

छात्राओं ने बनाये बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेशपरक चित्र

ऊंज। प्रदेश सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय बैरी बीसा में चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा चार और पांच की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और महत्व को दर्शाते हुए आकर्षक चित्र बनाए और जागरूकता संबंधी नारे लिखे। प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंग-बिरंगे चार्ट पेपर पर बेटियों के महत्व को दर्शाया। कुछ छात्राओं ने मां दुर्गा, मां लक्ष्मी और मां सरस्वती के स्वरूप में बेटियों को चित्रित कर उनके सम्मान और शक्ति का संदेश दिया। कक्षा पांच की जीया यादव और नव्या दुबे ने अपने

चित्रों के माध्यम से संदेश दिया कि बेटी शिक्षित होगी तो परिवार और समाज आगे बढ़ेगा। वहीं कक्षा चार की छात्रा खुशबू ने 'बेटी है तो कल है' का स्लोगन लिखकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। अन्य छात्राओं ने 'पढ़ी-लिखी बेटी, रोशन करे परिवार' और 'बेटी बचाओ, देश बचाओ' जैसे नारे भी लिखे। इस अवसर पर सहायक अध्यापक खुशबू यादव, गीता पाल, मंजू मिश्रा, निशा देवी और सुनील कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

गोपीगंज। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कोतवाली के सामने टर्निंग पॉइंट पर दो बाइकर्स की आमने सामने की भिड़ंत में दोनों बाईकर घायल जिनका इलाज निजी नर्सिंग होम में कराया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अंसार निवासी चिकान गली अपनी बाइक से थाने के सामने से टर्न ले रहे थे वहीं सामने से पड़ाव की तरफ से आ रहे कृष्णा सिंह पुत्र शेरबहादुर सिंह निवासी केदारपुर की भिड़ंत हो गई जिससे दोनों बाइकर गिरकर घायल हुए जिन्हें स्थानीय नागरिकों ने उठाकर निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां उनका उपचार किया गया। संयोग अच्छा रहा कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

रामलीला में धूमधाम से निकली श्रीराम बारात

सुरियावा। नगर की ऐतिहासिक श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित श्रीराम बारात गुरुवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। श्रीराम बारात का शुभारंभ नयागंज स्थित रेलवे स्टेशन के पास से हुआ। बारात नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भ्रमण कर रामलीला स्थल पर पहुंची। इस दौरान नगरवासियों एवं रामभक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया जी द्वारा किया गया। इसके पश्चात रामलीला स्थल पर भगवान श्रीराम एवं माता सीता के विवाह प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय और मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीराम विवाह की लीला के दौरान रामलीला स्थल पर उत्सव जैसा माहौल रहा। इस अवसर पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन श्री नंदलाल गुप्ता जी, संचालक अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, संयुक्त मंत्री अश्वनी साहू, कोषाध्यक्ष छेदीलाल साहू, लोकेश सेठ, जय कुमार, प्रकाशचंद, घनश्याम जी, गिरजा शंकर , मनीष जायसवाल, सूचना मंत्री मनोज मोदनवाल सहित श्री रामलीला समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

ग्रामीण महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

भदोही। अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर गुरुवार को भोरी गांव स्थित पंडित वृजनाथ इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज और मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के तत्वावधान में मिशन शक्ति-5 के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को उनके अधिकारों, लैंगिक समानता तथा महिला हिंसा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में 100 से 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सहायक अध्यापिका सुषमा शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस मनाने का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के योगदान को पहचान देना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में समानता को बढ़ावा देना है। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सहायक अध्यापिका सुषमा यादव ने कहा कि आज भी महिलाओं को रूढ़िवादी सोच और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। संविधान में महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार दिए गए हैं, लेकिन समाज में कई जगह महिलाओं के प्रति असमान व्यवहार देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि एक ओर बेटियों को देवी का स्वरूप मानकर पूजा जाता है, वहीं दूसरी ओर उनके साथ हिंसा और दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आती हैं। इस अवसर पर उमाशंकर, केसा देवी सहित अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन केसा देवी ने किया, जबकि सरिता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बीसीए में विश्वविद्यालय टापर रिद्धिमा को मिला स्वर्ण पदक

जंगीगंज। रामदेव पीजी कॉलेज जंगीगंज में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी की बीसीए परीक्षा-2026 में विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि काशी नरेश विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल करने वाली छात्रा रिद्धिमा को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और चेक प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली स्वाती मौर्या और तृतीय स्थान हासिल करने वाली निशू मिश्रा को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. उमा श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में पठन-पाठन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी प्रतिभाएं मौजूद हैं। जरूरत उन्हें उचित अवसर और मंच उपलब्ध कराने की है, ताकि वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया। महाविद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन राजबली मिश्र ने मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों

को भी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. त्रिनेत्र राम तिवारी ने किया। इस मौके पर डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, डॉ. सतीश कुमार द्विवेदी, डॉ. भानुप्रताप सिंह, डॉ. देवीशंकर गिरि, ओमक्रान्ति यादव, पंकज पाण्डेय, साकेत मौर्य, गौरव मिश्र, प्रशासनिक अधिकारी सीबी चौबे सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

बाबा बड़े शिव धाम में सीताहरण की लीला का भावपूर्ण मंचन

गोपीगंज। बाबा बड़े शिव धाम प्रांगड़ में गुरुवार को सीताहरण प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। रामायण के इस महत्वपूर्ण प्रसंग को कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास से जुड़े दृश्यों का मंचन किया गया। सीताहरण के प्रसंग ने रामलीला परिसर में श्रद्धा और भावुकता का माहौल बना दिया। लीला में भगवान श्रीराम की भूमिका गगन पाठक, लक्ष्मण की भूमिका सार्थक पाठक तथा माता सीता की भूमिका गौरव पाठक निभा रहे हैं। कलाकारों ने अपने अभिनय और संवादों के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।रामलीला के आयोजन में शेषधर पाठक, विकास पाठक, विजय देव पाठक, राजकुमार पाठक, डॉ. रमेश चंद्र पाठक, रसीले पाठक सहित अन्य लोग सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

ज्ञान और दक्षता से सशक्त बनेंगी महिला किसान

घोसिया। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां, भदोही परिसर में राष्ट्रीय महिला कृषक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ज्ञान एवं दक्षता के माध्यम से महिला किसानों को सशक्त बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान कृषि, पोषण, स्वरोजगार और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि औराई विधायक दीनानाथ भास्कर ने महिलाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर दिया।प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. पीसी सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं के उदाहरण प्रस्तुत किए।

बाइकों की टक्कर में बैंक कर्मचारी घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पुलिस चौकी के पास बाइक से अपने घर से गोपीगंज एक्सिस बैंक में ड्यूटी करने आ रहे अमन श्री 32 वर्ष पुत्र संतोष श्री मिर्जापुर जनपद के कोतवाली थाना अंतर्गत रमई पट्टी गांव निवासी घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों के सहयोग से गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

बाइक से गिरकर युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पड़ाव के पास बाइक से अपने घर जाते समय शिव नारायण 43 वर्ष पुत्र नंदलाल गोपीगंज थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी गिरकर घायल हो गए घायल अवस्था में इन्हें गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

ऊंज। ऊंज गांव निवासी पत्रकार अरविंद सिंह के चाचा रमाकांत सिंह के निधन पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि संजय सिंह, महेंद्र सिंह राजन, कृष्ण कुमार मिश्र, योगेश मिश्रा, राहुल यादव, जेपी चौधरी, सलिल सिंह, अतुल यादव, दानपाल सिंह और महेंद्र गौतम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

सभासद की मा के निधन पर पालिका कार्यालय मे शोक

गोपीगंज। नगर पालिका परिषद के सभासद पिंटू राइन की माता पूर्व सभासद अनवरी बेगम 65 वर्ष का हृदय गति रुकने से निधन हो गया बताया जाता है कि पूर्व सभासद अनवरी बेगम बीते कई माह से बीमार चल रही थी जिनका उपचार प्रयागराज स्थित एक निजी नर्सिंग होम में कराया जा रहा था गुरुवार की सुबह उपचार के दौरान इनका निधन हो गया निधन की खबर मिलते ही सराय मोहल्ले सहित पालिका कार्यालय में शोक की लहर फैल गई मामले की जानकारी मिलते ही अधिशासी अधिकारी बीना सिंह सहित पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सभासद डॉ आनंद कुमार गुप्ता पूर्व सभासद अनूप जायसवाल आदि लोगों ने इनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

सरयू की धार बनी कटार, १०० बीघा से अधिक जमीन समाहित

गोपालनगर टांडी में तीन लोगों के मकान कटान की भेंट चढ़े, वशिष्ठ नगर और शिवाल मठिया में भी मंडरा रहा खतरा

बैरिया (बलिया)। सुरेमनपुर दियरांचल में सरयू नदी एक बार फिर रौद्र रूप धारण करने लगी है। बुधवार की रात से नदी का कटान अचानक तेज हो जाने से तटवर्ती गांवों में अफरातफरी मच गई है। वशिष्ठ नगर और गोपालनगर के सिवान में नदी तेजी से कृषि भूमि को निगल रही है। स्थिति यह है कि महज 24 घंटे के भीतर 100 बीघा से अधिक उपजाऊ जमीन सरयू नदी में विलीन हो गई। वहीं कटान की जद में अब बस्तियों के पहुंच जाने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। नदी की तेज धारा से लगातार हो रहे भूमि क्षरण को देखकर लोगों में दहशत का माहौल है। कटान की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गोपालनगर टांडी निवासी गनेश यादव, शिवजी यादव और महेश यादव के मकान पूरी तरह सरयू नदी में समा गए। वर्षों की मेहनत से तैयार किए गए आशियानों को अपनी आंखों के सामने नदी में विलीन होते देख प्रभावित परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। मकानों के नदी में समा जाने से इन परिवारों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सरयू नदी का कटान अब गोपालनगर टांडी और शिवाल मठिया में आबादी के काफी करीब पहुंच गया है। इन दोनों क्षेत्रों में लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों के आशियाने कटान की जद में हैं। नदी की तेज धारा लगातार इन मकानों के किनारों से टकरा रही है। इससे प्रभावित परिवारों की धड़कनें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि कटान की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो आने वाले समय में कई और मकान नदी में समा सकते हैं। वशिष्ठ नगर और गोपालनगर के सिवान में बड़े पैमाने पर हो रहे कटान से किसानों की उपजाऊ भूमि भी लगातार नदी में विलीन हो रही है। खेती-किसानी पर निर्भर परिवारों के लिए यह नुकसान किसी बड़े संकट से कम नहीं है। एक ओर लोगों के सामने आशियाना बचाने की चुनौती है, तो दूसरी ओर कृषि भूमि के कटान से उनकी आजीविका पर भी संकट गहराने लगा है। बुधवार की रात से अचानक तेज हुए कटान ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है।नदी की धारा जिस तेजी से जमीन को काट रही है, उससे तटवर्ती आबादी पर खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण अपने घरों और जमीन को बचाने को लेकर चिंतित हैं। सरयू नदी के लगातार बदलते रुख से सुरेमनपुर दियरांचल के लोगों में भय है।

तेज कटान से महाराजपुर गांव में दहशत

बांसडीह (बलिया)। सरयू नदी में बुधवार की रात भी तेज कटान जारी रहने से महाराजपुर गांव के सामने लोगों में दहशत व भय व्याप्त हैं। महाराजपुर गांव के नाहरछपरा रिहायशी बस्ती की ओर नदी कटान बढ़ने से गांव नदी में समाहित होने की कगार पर है। सरयू नदी महाराजपुर गांव की नाहर छपरा रिहायशी बस्ती से लगभग 20 मीटर दूर रह गई। बुधवार की देर रात में भी कटान से भयभीत ग्रामीणों की भारी भीड़ सरयू नदी किनारे जुटी रही। बाढ़ विभाग के एक्सईएन व एई कटान रोकने के लिए जियो तिरपाल लगाकर जियो बैग में बालू व मिट्टी भरकर बांस के सहारे नदी में डाल रहें हैं। कटान का रफ्तार कुछ कम हुआ हैं। गुरूवार की सुबह भी मजदूरों की टीम बांस के कट्टों में जियो बैग व बोरियां भरकर कटान रोकने का प्रयास कर रहे थे। बाढ़ विभाग जियो तिरपाल पर जियो बैग लगाकर कटान रोकने का प्रयास कर रहा है। गांव के लोग दहशत में अपने पक्का मकान छोड़कर घर का ईंट, लकड़ी का दरवाजा, खिड़की आदि सामान ट्रैक्टर पर लादकर अंन्यत्र जा रहें हैं। क्षेत्र के नेता विधायक केतकी सिंह, पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान, सपा नेता नीरज सिंह गुड्डू, रंजीत चौधरी, कनक पाण्डेय मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। तहसीलदार नितिन सिंह ने बताया कि कटान क्षेत्र में प्रशासनिक टीम 24 घंटा तैनात हैं। चितविसांव खुर्द विद्यालय में बाढ़ राहत शिविर चल रहा है वहां जेनरेटर लगाया गया है। क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के सामने भी सरयू नदी का कटान जारी है तथा वहां भी नदी रिहायशी बस्ती की ओर लगातार बढ़ रही है। वहां भी लोगों में दहशत व भय हैं।

मकान के बंटवारे को लेकर दो पत्नियों के बीच विवाद, प्राथमिकी दर्ज

बैरिया (बलिया)। मकान के बंटवारे को लेकर दो पत्नियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। दयाछपरा गांव निवासी भुलन पासवान ने अपनी पहली पत्नी, उसके बेटों और बहू पर मकान के बंटवारे को लेकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार की शाम दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में भुलन पासवान ने बताया है कि उनकी दो शादियां हुई हैं। पहली पत्नी गीता देवी से उनके तीन बेटे हैं। आरोप है कि करीब 10 वर्ष पहले गीता देवी अपने बच्चों के साथ पति के मकान में रहने आई थीं। इसके बाद भुलन पासवान अपनी दूसरी पत्नी नीलम देवी और छोटे बच्चों के साथ अपने छोटे भाई छोटू पासवान के साथ दूसरे मकान में रहने लगे। भुलन पासवान के अनुसार बीते 14 अक्टूबर को मकान के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान पहली पत्नी गीता देवी, उनके बेटे गुलशन पासवान, मिथिलेश पासवान और विकास पासवान तथा विकास की पत्नी चंदा देवी पर आरोप है कि भूलना पासवान की दूसरी पत्नी नीलम देवी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके छोटे भाई छोटू पासवान और बहन शारदा देवी के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में एसएचओ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि भुलन पासवान की तहरीर के आधार पर दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र में बुधवार शाम भटनी-वाराणसी रेलखंड पर काली माता मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा शाम को लखनऊ की ओर जाने वाली कृषक एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुआ। मृतक की पहचान अभय विश्वकर्मा (18) पुत्र सूबेदार विश्वकर्मा, निवासी अराजी फुलाई, थाना तरवां, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। बताया गया कि रेलवे लाइन के पास युवक कृषक एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस के अनुसार परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद ही युवक के वहां पहुंचने और हादसे के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

पैसा लेकर सीमेंट न देने का आरोप, मुकदमा

बांसडीह (बलिया)। कोतवाली पुलिस ने रूपया लेकर सींमेट न देने के आरोप पर एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। सारंगपुर गांव निवासी सुमेर कुमार प्रसाद ने आरोप लगाया कि 23 मार्च 2025 को एक व्यक्ति जिसका नाम मो. आरिफ है, उसने उनसे फोन पर बात करके सीमेंट आधे कीमत पर देने का वादा किया। मै उस समय घर बनवाने वाला था। उक्त व्यक्ति ने कहा कि सीमेंट भेजने से पहले आपको आधी कीमत देनी पड़ेगी। आरोप है कि रुपया ले लेने के बाद, अभी तक न तो सीमेंट दिया और न ही पैसा वापस किया गया। मैंने पुलिस को दस बार प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में पता चला कि उक्त व्यक्ति का पता वार्ड नं 9, हिगना ओरही, सिमराहा, फोरसगंज (बिहार) है।

मुखिया की मौत के बाद बेघर परिवार पर संकट, सूर्यभान सिंह ने की मदद

बैरिया (बलिया)। परिवार के मुखिया की मौत के बाद पत्नी और दो नाबालिग बच्चों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। ग्राम पंचायत बहुआरा के बारी टोला निवासी विजय बहादुर बारी का परिवार पहले से ही गरीबी और मुफलिसी से जूझ रहा था। अब उनके निधन के बाद परिवार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। हालत यह है कि सिर छिपाने के लिए पक्का मकान तक नहीं है। पत्नी और बच्चे तिरपाल व साड़ी से बनाए गए अस्थायी आश्रय में रहने को विवश हैं। परिवार की इस दयनीय स्थिति की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी सूर्यभान सिंह ने आर्थिक सहायता देकर मदद का हाथ बढ़ाया। बहुआरा ग्राम पंचायत के बारी टोला निवासी विजय बहादुर बारी का परिवार लंबे समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहा है। परिवार के पास न अपनी जमीन है और न ही कोई ऐसी संपत्ति, जिसके सहारे मुश्किल वक्त में गुजर-बसर हो सके। रहने के लिए पक्का मकान भी नहीं है। ऐसे में परिवार के सदस्य तिरपाल और साड़ी की आड़ में किसी तरह दिन काट रहे हैं। गुरुवार को विजय बहादुर की मौत के बाद उनकी पत्नी पूनम देवी के सामने दो नाबालिग बच्चों के पालन-पोषण और भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। परिवार की बदहाली की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी सूर्यभान सिंह ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा आवास सहित आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। मुरली छपरा के खंड विकास अधिकारी शकील अख्तर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है।

भक्ति, आस्था के रंग में सराबोर हुआ डांडिया महोत्सव

विधायक केतकी सिंह के आयोजन में हजारों बालिकाओं, महिलाओं ने लिया हिस्सा, वाराणसी से आये धर्माचार्यों ने की मां दुर्गा की आरती

बांसडीह (बलिया)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मंगलवार की देर शाम बांसडीह महाविद्यालय परिसर में विधायक केतकी सिंह की ओर से डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। सांस्कृतिक उल्लास, भक्ति और आस्था से सराबोर इस कार्यक्रम में क्षेत्र की हजारों बालिकाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक गीत-संगीत की धुन पर डांडिया खेलकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक केतकी सिंह ने मां दुर्गा के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान वाराणसी से आए धर्माचार्यों की टीम ने विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना और आरती की। पूरा परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर विधायक केतकी सिंह ने कहा कि नवरात्र का पर्व मां दुर्गा की आराधना के साथ ही नारी शक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं का विशेष सम्मान किया जाता है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं और युवतियों को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को करीब से जानने तथा आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का अवसर मिलता है। विधायक ने कहा कि समाज की मजबूती में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला सशक्तीकरण और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डांडिया महोत्सव आयोजित किया गया। इस तरह के कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं को अपनी कला एवं प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक सौहार्द, एकजुटता और आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। अर्चना विश्वकर्मा, नीलम राजभर, ममता, रेखा, सविता, सुमित्रा, सुनीता, प्रियम्बंदा, राखी, प्रियंका तिवारी आदि थी।

पथ संचलन के स्वयंसेवकों का पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत

बैरिया (बलिया)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैरिया तहसील से बाबा लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज तक निकले पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रबदन मिश्र के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। शिवानंद सदन स्थित उनके आवास के सामने स्वयंसेवकों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में अरविंद सेंगर, सुनील सिंह पप्पू, रत्नेश सिंह, तेज नारायण मिश्र, रमेश पांडेय, देवनाथ कनौजिया, दयाशंकर वर्मा तथा छात्र नेता अभिषेक यादव और हिमांशु यादव आदि उपस्थित रहे।

१७, २४ अक्तूबर को लगेगा विशेष मतदाता पंजीकरण शिविर

बलिया। निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे लोगों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जनपद के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदेय स्थल पर 17 अक्टूबर और 24 अक्टूबर 2026 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जिले के सभी नागरिकों और मतदाताओं से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के बाद चल रहे निरंतर पुनरीक्षण अभियान के तहत यह पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य मतदाता सूची में छूटे हुए नामों को शामिल करना और पात्र युवाओं को पहली बार मतदाता के रूप में पंजीकृत करना है। विशेष अभियान के अंतर्गत बेल्थरारोड (अजा), रसड़ा, सिकंदरपुर, फेफना, बलिया नगर, बांसडीह और बैरिया विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदेय स्थल पर शिविर लगाए जाएंगे। निर्धारित तिथियों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। शिविरों में पर्याप्त संख्या में फार्म-6 उपलब्ध रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करें। उन्हें अपनी नवीनतम फोटो, जन्मतिथि और निवास से संबंधित अभिलेखों की स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां साथ ले जानी होंगी। यदि परिवार के किसी सदस्य का मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर उपलब्ध है, तो उसे भी साथ लेकर जाएं।

कानूनी हक की जानकारी से मजबूत होगा समाज

बेल्थरारोड (बलिया)। कानूनी जानकारी के अभाव में कोई व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रहे, इसके लिए गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय सीयर नंबर-1, वार्ड नंबर-5 में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नायब तहसीलदार भोला शंकर राय ने कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण किसी व्यक्ति को न्याय पाने से वंचित नहीं होना चाहिए। सभासद मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि जरूरत पड़ने पर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के माध्यम से कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

७६ साल पुरानी परंपरा को फिर मिलेगा दमखम

बांसडीह के दंगल में इस बार भी महिला पहलवान दिखाएंगी जोर

बांसडीह (बलिया)। शारदीय नवरात्र के छठे दिन बड़ी बाजार स्थित मां जगधात्री भवानी मंदिर परिसर में परंपरागत दंगल का आयोजन किया जाएगा। मां जगधात्री भवानी मंदिर समिति एवं महावीरी झंडा पूजन व दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में होने वाले इस एक दिवसीय दंगल में जनपद के नामी गिरामी पहलवानों के साथ दूसरे क्षेत्रों और प्रदेशों के महिला एवं पुरुष पहलवान अपने दांव-पेच दिखाएंगे। महिला पहलवानों की भागीदारी इस बार के आयोजन का खास आकर्षण होगी। समिति के अध्यक्ष हरेकृष्ण वर्मा ने बताया कि नवरात्र और दुर्गा पूजा मेले के अवसर पर दंगल की परंपरा पिछले करीब 76 वर्षों से लगातार चली आ रही है। आर्थिक रूप से आयोजन चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद समिति इस ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों में कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है और उन्हें आगे चलकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की प्रेरणा मिलती है। दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में सहतवार नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज सिंह 'गुड्डू' तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बांसडीह क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इन्हें संरक्षित करना और नई पीढ़ी को इनसे जोड़ना समाज के हित में है।

यातायात नियमों की अनदेखी पर १६ बाइक सीज

बैरिया (बलिया)। यातायात नियमों की अनदेखी कर बाइक चलाने वालों के खिलाफ बैरिया पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ.ईरज राजा के निर्देश पर बुधवार की देर शाम बैरिया तिराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 16 बाइकों को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक चालकों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि बाइक चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, अन्यथा सीज की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

दो से छह नवंबर तक होगी राष्ट्रीय विद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता

खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा साबित करने का सुनहरा अवसर-दयाशंकर

बलिया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जिले में एक बार फिर खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। बलिया में दो से छह नवंबर 2026 तक 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय फुटबॉल (अंडर-17) प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह बातें मंत्री दयाशंकर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रतियोगिता के लोगो व शुभंकर के विमोचन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आयोजन के तहत खेल मैदानों को तैयार करने के साथ खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, परिवहन, चिकित्सा और सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच क्रीड़ा स्थलों को चिह्नित किया गया है, जहां प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियां संचालित होंगी। इनमें वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, टाउन पालिटेक्निक के मैदान, सतीश चंद्र महाविद्यालय, रामदहिन सिंह इंटर कॉलेज आमघाट तथा शेर ग्राम सभा में स्थित मिनी स्टेडियम शामिल हैं। इस दौरान मंत्री ने प्रतियोगिता के लोगो व शुभंकर का विमोचन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवान पाठक, बीएसए मनीष सिंह, पंकज सिंह, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

४५ टीमों के ८१० खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

जेडी आजमगढ़ डा.राजेश कुमार आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में कुल 45 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 18 खिलाड़ियों के हिसाब से कुल 810 खिलाड़ियों के शामिल होने का अनुमान है। इनके अलावा प्रत्येक टीम में के साथ तीन कोच या टीम मैनेजर के हिसाब से 135 कोच एवं टीम मैनेजर भी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता के संचालन के लिए करीब 100 अधिकारी भी रहेंगे। इसके अतिरिक्त लगभग 90 बाल व्यायाम प्रशिक्षकों की व्यवस्था रहेगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाना है।

एनएचएम संविदा कर्मियों का अनिश्चितकालीन धरना

बैरिया (बलिया)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आठ अक्टूबर से लखनऊ के ईको गार्डन पार्क में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। इस आंदोलन में बलिया जिले के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत संविदा कर्मचारी भी शामिल हो चुके हैं। संविदा कर्मियों के आंदोलन से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा हिस्सा संविदा कर्मियों के भरोसे संचालित होता है। इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह समान कार्य समान वेतन की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। लंबे समय से सेवा देने के बाद भी उनकी नियुक्ति नियमित नहीं की जा रही है। कर्मचारियों ने संविदा के नाम पर शोषण बंद करने, नियमित नियुक्ति देने और नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कई कर्मचारी लगभग 25 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके पद तक सृजित नहीं किए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय तक सेवा देने के बावजूद उन्हें नियमित नियुक्ति और अन्य सुविधाओं से वंचित रखना उचित नहीं है। आंदोलनरत कर्मचारियों ने कहा कि पूर्व में विपक्षी दलों के नेताओं ने भी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग का समर्थन किया था। उनका दावा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भाजपा सरकार बनने से पहले संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई है।

एक नजर इधर भी

अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

भीमपुरा, (बलिया)। महिलाओं और युवतियों के प्रति अभद्र व्यवहार करने तथा सार्वजनिक स्थान पर अश्लील टिप्पणियां करने के आरोप में भीमपुरा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी सड़क से गुजरने वाली महिलाओं और लड़कियों को देखकर अश्लील गाने गाता था और उन पर अभद्र टिप्पणियां करता था। शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, भीमपुरा थाना क्षेत्र में 15 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि शाहपुर टिटिहा गांव के पास एक युवक आने-जाने वाली महिलाओं और युवतियों को देखकर अश्लील गाने गा रहा है तथा अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए फब्तियां कस रहा है। आरोप है कि युवक के इस व्यवहार से राहगीर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उसकी पहचान राहुल सिंह पुत्र राकेश सिंह, निवासी शाहपुर टिटिहा, थाना भीमपुरा के रूप में हुई।

साइकिल ले जाने के विरोध पर मारपीट

भीमपुरा (बलिया)। थाना भीमपुरा क्षेत्र में बाजार में खड़ी साईकिल को ले जाने का विरोध करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। जानकारी के अनुसार, भीमपुरा थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी लगभग 70 वर्षीय विक्रम राजभर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 12 अक्टूबर शाम वह बाजार में खरीदारी करने गया था। इस दौरान उसने अपनी साइकिल बाजार में खड़ी कर दी और चाय पीने लगा। आरोप है कि इसी दौरान शिववचन पुत्र जगमाल निवासी बुजुर्गी उसकी साइकिल लेकर जाने लगा। जब विक्रम राजभर ने उसे साइकिल ले जाते देखा तो उसे रोकने का प्रयास किया। पीड़ित के मुताबिक, विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने थाना भीमपुरा पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना भीमपुरा पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करें शिक्षक

बलिया। परिखरा स्थित आरएनके मैरिज लॉन स्कूल में गुरुवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने विज्ञान मेले के आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा की सराहना की। विज्ञान मेले को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों के अंदर वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में विशेष प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलिया को अपनी बागी पहचान के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच और नवाचार के क्षेत्र में भी नई पहचान बनानी होगी। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने का संदेश दिया। विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक मॉडल और वैज्ञानिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने विज्ञान मेले में लगाए गए मॉडलों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से उनके कार्य करने के तरीके और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

डम्पर की टक्कर से कार पलटी, बाल-बाल बचे पिता-पुत्री

रसड़ा (बलिया)। कासिमाबाद मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की शाम पीछे से डंपर की टक्कर लगने से स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार पिता-पुत्री बाल-बाल बच गए। घटना के बाद डंपर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गड़वार थाना क्षेत्र के सरयां गांव निवासी संजय कुमार भारती अपनी पुत्री अंशु भारती का बीएड प्रवेश पत्र लेकर गाजीपुर से घर लौट रहे थे। वे रसड़ा-कासिमाबाद मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे एक डंपर ने उनकी स्विफ्ट डिजायर कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद डंपर चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे पिता-पुत्री को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद क्षतिग्रस्त कार को सड़क किनारे खड़ा कराया गया, ताकि आवागमन बाधित न हो। इस हादसे में संजय कुमार भारती और उनकी पुत्री अंशु भारती को कोई गंभीर चोट नहीं आई। संयोग अच्छा रहा कि दोनों की जान बच गई।

सांड के हमले में पशुपालक की मौत

नगरा (बलिया)। क्षेत्र के पकड़ी हरख बसंत गांव में दोपहर पशुओं को खेतो में चराने गये 58 वर्षीय पशुपालक की सांड के हमले में मौत हो गई। बताया जाता है कि पकड़ी हरख बसंत गांव के भगतपुरा निवासी राम अवध गोवंश पशुओं को रखने के लिए लाइसेंस लेकर गोवंश पशु को पालते थे। दोपहर वह गांव के चट्टी के समीप खेत मे चारा चराने लेकर चले गए। इस दौरान खेत में चर रहे एक सांड ने राम अवध पर अचानक हमला कर दिया। जिसमें गंभीर रूप से पशुपालक घायल हो गया। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने पशुपालक को खेत से बाहर निकाल कर एंबुलेंस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल राम अवध को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

नवरात्र के पांचवें दिन देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के बीच हुई पूजा-अर्चना, जय माता दी के जयकारों से गूंजे मंदिर

बलिया। शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन गुरुवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्त दर्शन-पूजन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। घंटा-घड़ियाल और शंखनाद के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना हुई। इस दौरान जय माता दी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजते रहे। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। जिले के मां मंगला भवानी मंदिर, उचेड़ा स्थित मां भवानी मंदिर, शंकरपुर स्थित मां शांकरी भवानी मंदिर, ब्रह्माइन स्थित मां ब्रह्माणी देवी मंदिर और खरीद स्थित माता मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए। इसके अलावा सिकंदरपुर स्थित जल्पा-कल्पा देवी मंदिर, गायघाट स्थित मां पचरूखा देवी मंदिर, पचदेवी मंदिर, कपूरी स्थित मां कपिलेश्वरी भवानी मंदिर और गुदरी बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। शोभनाथपुर स्थित मां भगवती मंदिर, दुर्जनपुर स्थित मां काली मंदिर, रेवती के मां दुर्गा मंदिर और काली माता मंदिर के साथ बांसडीह व सहतवार स्थित मां दुर्गा मंदिरों में भी भक्तों ने पूजा-अर्चना की। जापलिंगंज स्थित मां दुर्गा मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालु यहां कलश स्थापना करते हैं। नवरात्र के दौरान जिले के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग आकर कलश स्थापित करते हैं। दिनभर मंदिरों में दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा।

इंटरलाकिंग कार्य कर रहे मजदूर की मौत

मछलीशहर। स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के राजापुर पकड़ी में हो रही सड़क की इंटरलाकिंग कर रहे मजदूर की मौके पर बेहोश होकर गिरने के बाद उसे अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृतका घोषित कर दिया।प्राप्त जानकारी अनुसार विकास खण्ड मछलीशहर के राजापुर पकड़ी से कादनपुर जाने वाले मार्ग की इंटरलाकिंग का कार्य क्षेत्र पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। जमुहर निवासी रामजीत बिंद(62) वहां पर मजदूर का काम कर रहा था। उसको अचानक चक्कर आया और गिर गया। मौके पर काम कर रहे अन्य मजदूर साथी उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर आए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इलाज करने वाले डाक्टर अमरीश अग्रहरि ने बताया कि जब मजदूर अस्पताल आया तो उसकी सांस बंद हो गई थी। उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु शव को भेजा गया है।

पांचवें दिन स्कंदमाता के स्वरूप की हुई पूजा

जौनपुर। नवारात्रि के पांचवें दिन देवी मंदिरों के साथ पूजा पंडालों में भक्तों की खासी भीड़ रही। गुरूवार को स्कंदमाता के स्वरूप की पूजा की गई। भोर से मंदिरों में शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। भोर से घंटा घड़ियाल की आवाज से मंदिर के आस पास के क्षेत्र भक्तिमय हो गए। इस बार नवरात्रि २२ सितंबर से २ अक्टूबर तक चलेगा। नवरात्र के नौ दिनों में मां की पूजा की जा रही है। यह पर्व ध्यान, साधना, जप और पूजन द्वारा आत्मिक शक्ति के विकास के लिए माना जाता है। यदि आप मनोकामना के अनुसार देवीभागवत् पुराण के मंत्रों का जप करेंगे तो आपकी सभी मनोकामजाएं पूरी होंगी और माता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। शहर के मां शीतला चौकिया धाम और मां मैहर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर मां का

आशीर्वाद लिया। मनौती पूरा करने के लिए चौकिया धाम में महिलाओं ने कड़ाही चढाकर मां को हलवा और पूड़ी का प्रसाद अर्पित किया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मां के जयकारे से पूजा पंडाल गूंज रहे हैं। ओलंदगंज फलवाली गली, बदलापुर पड़ाव, कचहरी, सिपाह, नईगंज आदि इलाकों में स्थापित पूजा पंडालों में देर रात तक दर्शन पूजन के लिए लोगों की भीड़ लग रही है।

बीएसए ने किया प्रशिक्षण का अनुश्रवण, निरीक्षण , दिये आवश्यक दिशा निर्देश

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) । ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा हेतु सहायक अध्यापकों के ब्लॉक स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समीर के द्वारा अनुश्रवण / निरीक्षण किया गया । प्रशिक्षण हेतु समस्त आवश्यक तैयारियों का अवलोकन करने के पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण हाल में उपस्थित प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागियों के साथ उन्होंने दिव्यांगता के प्रकार, दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ समावेशी शिक्षा प्रदान करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. अविनाश सिंह ने दिव्यांग बच्चों की पहचान के साथ ही उनके साथ उचित एवं सामान्य व्यवहार करने का निर्देश दिया। विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु प्रदत्त विभिन्न प्रकार की सामग्री के समुचित प्रयोग के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु सन्दर्भदाताओं को निर्देशित किया तथा सभी प्रतिभागियों को ससमय प्रशिक्षण में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया। बीएसए द्वारा सभी सन्दर्भदाताओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने एवं प्रतिदिन प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रेरणा एवं यू डायस पोर्टल पर इन बच्चों का विवरण अद्यतन करने हेतु निर्देश दिया गया। उक्त जानकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी डा अविनाश सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी।

एक नज़र इधर भी

जेनरेटर, बैटरी के साथ चोर गिरफ्तार

सिरकोनी। क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कालेज के पास बुधवार की रात को पुलिस ने चोरी के एक जेनरेटर,दो बैटरी व एक इनवर्टर के साथ एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो मंगलवार को जमैथा गांव के पास स्थित पम्प हाउस के पास से जल जीवन मिशन के कार्यरत कम्पनी के

ठेकेदार का एक छोटा जेनरेटर, दो बैटरी व एक इनवर्टर चोरी हो गया था। ठेकेदार द्वारा कम्पनी के चोरी हुए सामान का मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हो गयी। बुधवार कि रात को थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे को सूचना मिली कि चोरी के उस सामान के साथ एक व्यक्ति उक्त विद्यालय के पास मौजूद है। वह एसआई मुख्तार राम व मय हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां पर रणजय सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी जमैथा को चोरी के जेनरेटर, दो बैटरी, एक इनवर्टर के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि उक्त कम्पनी में रणजय सिंह तथा एक और युवक गार्ड की नौकरी करते थे। दोनों ने घटना को अंजाम दिया था।अभी दूसरा गार्ड फरार है।

एमएलसी चुनाव की तैयारियों और विसर्जन स्थल का निरीक्षण

बरसठी। एमएलसी चुनाव की तैयारियों और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को मड़ियाहूं एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने पहले विकास खंड बरसठी पहुंचकर एमएलसी चुनाव के लिए निर्धारित बूथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो वहीं, गहली गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव

और खंड विकास अधिकारी वर्षा बंग के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली अधिकारियों ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चुनाव को लेकर बूथ का निरीक्षण और प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों की समीक्षा को प्रशासनिक सक्रियता के रूप में देखा गया।

पं. चंद्रेश मिश्र की पांचवीं पुण्यतिथि पर विमर्श गोष्ठी, श्रद्धांजलि समागम का आयोजन

पराऊगंज। जनपद जौनपुर में ग्रामीण पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर अमर्त्य पत्रकार पं. चंद्रेश मिश्र की 5वीं पुण्यतिथि गुरुवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कुटीर संस्थान में मनाई गई। कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचन पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय विद्यार्थी ने भरत के संस्कार को रेखांकित करते हुए बताया कि कथा हम सभी को यह सिखाती है कि हम अपने बच्चों को शिक्षा, धर्म तथा संस्कारवान बनाए इस अवसर पर प्रो मनोज मिश्र जनसंचार विभागाध्यक्ष पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर ने अपनी स्वरचित कविता को पढ़कर पंडित चंद्रेश मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो रमेश मणि त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य ने किया। द्वितीय सत्र में विमर्श गोष्ठी आयोजित हुआ गोष्ठी का विषय पत्रकारिता एवं पं. चंद्रेश मिश्र का मानक संदर्भ सूचना क्रान्ति युग में ग्रामीण युवाओं के समक्ष संभावनाएं एवं चुनौतियां में कार्यक्रम के मुख अतिथि प्रो राम मोहन पाठक पूर्व कुलपति दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा चेन्नई ने कहां की अमर्त्य पत्रकार पंडित चंद्रेश मिश्र ग्रामीण अंचल में पत्रकारिता जगत के पुरोधा थे। पंडित जी के द्वारा पत्रकारिता एवं उनके स्मृति से जुड़ी एक पुस्तक विमोचन करने की संस्तुति व्यक्त कर कार्यक्रम के आयोजक को धन्यवाद दिया। विशिष्ट अतिथि शशिधर पाठक पत्रकार ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संस्थापक पंडित अभयजीत दुबे एवं अमर्त्य पत्रकार पंडित चंद्रेश मिश्र के जीवन के बारे बताते हुए कहा कि अपनी लौकिक प्रखरता से इस भूमि

को वनस्थली से तपोस्थली में बदलकर ग्रामीण अंचल में शिक्षा की ज्योति जलाई। सभाजीत त्रिवेदी प्रखर ने पत्रकार पंडित चंद्रेश मिश्र के जीवन आदर्श की चर्चा कर अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एड. रामकृष्ण त्रिपाठी ने किया। आभार ज्ञापन प्राचार्य प्रोफेसर राघवेंद्र कुमार पांडे ने किया। प्रबंधक डॉ अजेंद्र कुमार दुबे एवं आलोक मिश्र ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अधिवक्ता पंडित मिन्नालाल तिवारी का निधन

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जिले के सिविल कोर्ट में फौजदारी के वरिष्ठतम अधिवक्ता रहे पंडित मिन्नालाल तिवारी एडवोकेट का गुरुवार को उनके ओलन्दगंज स्थित आवास पर निधन हो गया। वे लगभग 89 वर्ष के थे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले के मछली शहर तहसील क्षेत्र के महापुर गांव के निवासी स्वर्गीय पंडित हरिहर प्रसाद तिवारी के पुत्र पंडित मिन्नालाल तिवारी सिविल कोर्ट में 1965 से अपने वकालत की शुरुआत जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे स्व बल्देव जी मेहरोत्रा के यहां स्व सूर्यबली यादव एडवोकेट के साथ शुरुवात किए और जिले में फौजदारी के अति सफल वरिष्ठतम अधिवक्ता रहे। इनके पुत्र राहुल तिवारी एडवोकेट भी अच्छे अधिवक्ता हैं। मिन्ना लाल तिवारी 89 वर्ष अपने जीवन के अमूल्य 61 साल दीवानी न्यायालय जौनपुर को दिए। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री तिवारी के निधन



का समाचार सुनकर जौनपुर शहर के विधायक और प्रदेश सरकार में खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव उनके आवास पर आये और उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिवक्ता फौजदारी लाल बहादुर पाल के साथ ही भारी संख्या में अधिवक्ता, व्यापारी, राजनेता और पत्रकार गण मौजूद रहे।

निधन से शोक में डूबा विद्यालय परिवार

जौनपुर। राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के नवनिर्मित रानी नीता कुंवर सभागार में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. संजय चौबे की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक एवं शोकसभा आयोजित की गई। बैठक में डॉ. संजय चौबे ने अत्यंत दुख के साथ उपस्थित लोगों को सूचित किया कि विद्यालय की पूर्व अध्यापिका एवं आदर्श कन्या इंटर कॉलेज खेतासराय की प्रधानाचार्या श्रीमती राधा श्रीवास्तव का असामयिक निधन हो गया है। राधा श्रीवास्तव के निधन का समाचार मिलते ही विद्यालय परिवार एवं प्रधानाचार्य परिषद में शोक की लहर दौड़ गई। शोकसभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार, महामंत्री रविंद्र नाथ शर्मा, डॉ. दिनेश चंद्र यादव, जितेंद्र कुमार पांडेय, प्रेमचंद, विजय कुमार, अवधेश राम, दीपेश कुमार, नीरज यादव, डॉ. अखिलेश पांडेय, संदीप मिश्रा, विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अंजनी श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, विनय ओझा, रमेश चंद्र, राघवेंद्र सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, संजय सिंह, आनंद तिवारी, राजमणि यादव, रमेश त्रिपाठी, सूरज कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत राधा श्रीवास्तव के निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं सेवाओं को स्मरण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

पवांरा (जौनपुर)- एसएसपी के निर्देश पर गुरुवार की शाम पवांरा बाजार में सीओ मछलीशहर परमानंद कुशवाहा के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । इस अभियान के दौरान वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा । विदित हो आये दिन सड़क दुर्घटनायें होना आम बात हो गयी है । बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं से निबटने के लिए व चेन छिनैती व लूट की घटनाओं को रोकने के लिए एसएसपी के आदेश पर संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की प्रतिदिन चेकिंग की जा रही है । चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों व तीन सवारी बैठाने वाले बाइक सवारों पर कार्रवाई की गयी । इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की गहनता से जांच की गयी ।

मेहंदीगंज की टीम बनी विजेता, रसूलहा उपविजेता

बरसठी, जौनपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत निगोह स्थित श्रीराम परमहंस स्कूल में गुरुवार को युवक मंगल दल की ओर से 52 किलोग्राम वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 10 से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन क्षेत्र पंचायत सदस्य शुभम तिवारी और क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम मौर्य ने किया। मेहंदीगंज की टीम विजेता और रसूलहा की टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों को मेडल, पुरस्कार व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान राजकुमार गुप्ता, जाहिद खान, पंकज तिवारी सहित कॉलेज के प्रबंधक अशोक गुप्ता, प्रिंसिपल अंजू जायसवाल सहित सभी शिक्षक व भारी संख्या में लोगों की मजूदगी रही।

समझायीं आब्जेक्ट आधारित प्रोग्रामिंग की बारीकियां

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग में बीसीए एवं एकीकृत एमसीए के विद्यार्थियों के लिए ऑब्जेक्ट आधारित प्रोग्रामिंग विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की वैज्ञानिक एफ डॉ. कल्पना जौहरी ने विद्यार्थियों को इस प्रोग्रामिंग पद्धति की मूलभूत अवधारणाओं, महत्त्व एवं व्यावहारिक उपयोगों से परिचित कराया। डॉ. जौहरी ने वर्ग, वस्तु, संलग्नकरण, वंशानुक्रम, बहुरूपता एवं अमूर्तता जैसी प्रमुख अवधारणाओं को सरल तथा व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि ऑब्जेक्ट आधारित प्रोग्रामन आधुनिक सॉफ्टवेयर निर्माण की एक महत्त्वपूर्ण पद्धति है, जो प्रोग्राम को सुव्यवस्थित, पुन: प्रयोग योग्य तथा रखरखाव के अनुकूल बनाने में सहायक होती है। डॉ. जौहरी ने विद्यार्थियों को प्रोग्रामन की अवधारणाओं को वास्तविक समस्याओं से जोड़कर समझने तथा तार्किक चिंतन एवं समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि कंप्यूटर विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए प्रोग्रामन की मूलभूत अवधारणाओं की स्पष्ट समझ अत्यंत आवश्यक है। यह समझ उन्हें उन्नत तकनीकों, सॉफ्टवेयर निर्माण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। कार्यक्रम में कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरजीत यादव एवं पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. मिथिलेश कुमार पांडेय उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सहायक आचार्य आदित्य कुमार, अवधेश कुमार यादव एवं प्रियंका जायसवाल भी रही।

पंडालों में खुले तारों से बचें, विसर्जन में बरतें सतर्कता

जंघई। दुर्गापूजा पंडालों और रामलीला आयोजनों में बिजली हादसों से बचाव के लिए विद्युत विभाग ने सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पूजा समितियों से पंडालों में सुरक्षित वायरिंग कराने, खुले तारों का इस्तेमाल न करने और विद्युत उपकरणों के प्रयोग में सावधानी बरतने की अपील की गई है। जंघई, गोपालपुर और पवारा सहित विभिन्न विद्युत उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत उपखंड अधिकारी मछली शहर संजय कुमार ने पूजा आयोजकों से विद्युत सुरक्षा के मानकों का पालन करने की अपील की हैं। अवर अभियंता जंघई अमित कुमार ने विशेष रूप से मूर्ति विसर्जन के दौरान सतर्कता बरतने की अपील की है। जुलूस निकालते समय बिजली के तारों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने और किसी भी तरह की लापरवाही से बचने की सलाह दी गई है।

छह दिनों के अंदर ही यूनियन बैंक ने दे दिया दस लाख का डेथ क्लेम चेक

केराकत। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की देवकली शाखा ने कैंसर पीड़ित की मौत के छ दिनों बाद ही मृतक की विधवा को मृतक के बीमे का दस लाख रुपए का डेथ क्लेम चेक पकड़ा दिया। शाखा प्रबंधक कमलदीप के अनुसार, आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद महज छह दिनों के भीतर यह धनराशि रेखा प्रजापति के खाते में हस्तांतरित कर दी गई। बुधवार की शाम बैंक परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने इसकी जानकारी साझा की। इस मौके पर क्षेत्र के कई संभ्रांत ग्राहक और नागरिक मौजूद रहे। बताया गया कि डॉ. ए.के. प्रजापति देवकली शाखा के पुराने खाताधारक थे। उनका बैंक खाता वर्ष 2008 से संचालित था। वह कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे और उपचार के दौरान 12 अगस्त 2026 को उनका निधन हो गया। उनके निधन के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दिवंगत डॉ. प्रजापति की पत्नी रेखा प्रजापति की उम्र 44 वर्ष है। परिवार में उनकी दो बेटियां और 75 वर्षीय बुजुर्ग दादी ललिता प्रजापति हैं। बड़ी बेटी बीटेक की पढ़ाई पूरी कर चुकी हैं, जबकि

छोटी बेटी 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नीट की तैयारी कर रही हैं। परिवार के सामने बड़ी बेटी की शादी की जिम्मेदारी भी है, जो नवंबर महीने में निर्धारित है। ऐसे कठिन समय में बैंक की ओर से खाते में 10 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित किए जाने की जानकारी दी गई। इस पहल से परिवार को आगे की जिम्मेदारियों के निर्वहन में आर्थिक संबल मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में रीजनल हेड (एसयूडी) पीयूष सिंह, शाखा प्रबंधक कमलदीप, डिप्टी ब्रांच मैनेजर मनीष कुमार माहेश्वरी, असिस्टेंट मैनेजर मनीष कुमार यादव, क्लर्क मनीष कुमार सहित बैंक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

राहुल गांधी समेत कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर अभद्र टिप्पणी से उबाल

खुटहन। सोशल मीडिया पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने नाराजगी जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। जिला उपाध्यक्ष एवं

संगठन प्रभारी राकेश मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को खुटहन थाने में तहरीर देकर मुकेश सिंह राजपूत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। थाना प्रभारी विक्रम लक्ष्मण सिंह को सौंपे गए प्रार्थनापत्र में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी देश, संविधान, लोकतंत्र और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी का जीवन भी देश की सेवा के लिए समर्पित रहा है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के खिलाफ इस तरह की भाषा का प्रयोग किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद त्रिपाठी, खुटहन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन शर्मा, सोशल मीडिया के जिला प्रभारी शैलेन्द्र यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री दुर्गा पूजा महासमिति के कंट्रोल रूम का उद्घाटन

एसडीएम, सीओ, नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ ने किया शुभारंभ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारु आयोजन पर रहेगा जोर

केराकत, जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति केराकत की ओर से दुर्गा पूजा महोत्सव को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए स्थापित कंट्रोल रूम का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। एसडीएम केराकत अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जायसवाल और अधिशासी अधिकारी (ईओ) सना सगीर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। कंट्रोल रूम के माध्यम से दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न पूजा पंडालों और आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की निगरानी तथा संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसका मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करना है। इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर 'गांगुली' ने कहा कि दुर्गा पूजा को आपसी सौहार्द, भाईचारे और भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने के लिए समिति पूरी तरह प्रयासरत है। कंट्रोल रूम के जरिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में महासमिति के उपाध्यक्ष हंस कुमार सोनकर 'मकालू' और प्रवीण सरकार, महामंत्री गोविन्द गुप्ता, आशु उपाध्याय, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद यादव, मनोज गुप्ता सहित महासमिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कृष्ण जायसवाल कमला यादव रजनीकांत कमलापुरी बीरू जायसवाल रमेश चंद्र संतोष साहू,रमेश साहू और जीतेश सही आदि लोग शामिल रहे । कार्यक्रम का संचालन महासमिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर 'गांगुली' ने किया। समिति की ओर से श्रद्धालुओं से दुर्गा पूजा महोत्सव को आपसी प्रेम, सद्भाव और शांति के साथ मनाने की अपील की गई।

अशोक स्तंभ के उच्चीकरण, सुंदरीकरण का कार्य पूरा

बदलापुर। नगर पंचायत बदलापुर के राम-जानकी तिराहे पर स्थापित सम्राट अशोक स्तंभ के उच्चीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य पूरा हो गया है। मौर्य समाज लंबे समय से स्तंभ की ऊंचाई बढ़ाने की मांग कर रहा था। नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह ने बताया कि मौर्य समाज की मांग और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह कार्य पूरा कराया गया है। अब जल्द ही लोकार्पण की तिथि निर्धारित कर स्तंभ का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। कार्य पूरा होने से मौर्य समाज में उत्साह है।

ज्ञान प्रकाश सिंह ने भगवान राम की आरती उतारी, रामकथा का दिया निमंत्रण

जफराबाद। श्री दया नारायण लीला समिति कबूलपुर के तत्वाधान में गुरुवार से शुरू श्रीरामलीला का उद्घाटन मुकुट पूजा व श्रीराम लखन की आरती उतारकर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है। आज उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन को धन्य बना सकते है। श्रीराम का जीवन हमे सत्य व सरलता की सीख देता है। उन्होंने उपस्थित दर्शकों से बी0आर0पी0 इण्टर कालेज जौनपुर में आयोजित श्री रामकथा कार्यक्रम के तहत आगामी 20 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा व झांकी कार्यक्रम तथा 21 से 29 अक्टूबर 2026 तक सुविख्यात कथावाचक शान्तनु महराज द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली श्रीराम कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील की। इसके पूर्व श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, रमेश चन्द्र जायसवाल, सत्यम श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अंकित श्रीवास्तव तथा अध्यक्षता वंशनरायण सिंह ने किया।

पशुओं की जांच कर वितरित की नि:शुल्क दवाएं

सिकरारा (जौनपुर)। क्षेत्र के खानापट्टी गांव में गुरुवार को बृहद पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 650 पशुओं की जांच कर पशुपालकों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण और प्रजनन संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। ब्लॉक पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अलका मनीषा की देखरेख में आयोजित शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुशील सिंह ने गोमाता का पूजन-अर्चन करने के बाद फीता काटकर किया। शिविर में पशु चिकित्सकों और विभागीय कर्मचारियों ने पशुओं की जांच कर उनके उपचार के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं।

बेटी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

मुंगराबादशाहपुर।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित मां ने बताया है कि उसकी बेटी को 12 अक्टूबर की शाम करीब आठ बजे कुछ लोग बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए है।काफी खोजबीन करने के बाद उन्हें इस मामले में प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के हथिगनी गांव के पास होने की जानकारी मिली थी।मां का आरोप है कि बेटी की तलाश करते हुए जब वह वहां पहुंचीं तो वे वहां से उसकी बेटी को भगाकर ले जाने वाले लोग फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर अपनी बेटी को बरामद कराने और आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।बताया कि उनकी बेटी की उम्र 20 वर्ष है। बेटी के अचानक घर से चले जाने के बाद से परिवार के लोग अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।इस संबंध में थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर युवती को सकुशल बरामद करने में जुट गई है।

कार्यालयः ग्राम पंचायत कम्हौली, विकास खण्ड मुफ्तीगंज, जनपद- जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक 15.10.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रेहारी में सोलर स्ट्रीट लाइट एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना का कार्य आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक- 16.10.2026 से दिनांक 21.10.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 22.10.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित हैं।

क्र.स.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1-	आंगनबाडी भवन निर्माण पर-सिमेन्ट, बालू, छड, ईट, मजदूरी आदि	1	990765.59
2-	सोलर स्ट्रीट लाइट प्रति नग दर	प्रति नग	30+31=61 नग
3-	आंगनबाडी भवन पर इलेक्ट्रीक, सेनेटरी वर्क, साइन बोड	1	193162.30

नियम एवं शर्ते-

1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जाएगी। 2-आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं। 3-सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। 4-सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5-सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा। 6-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए सलग्न जाय। 7-सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जाने अनिवार्य होगी। 8-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है हधोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रदीप कन्नौजिजया
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कन्हौली
विकास खण्ड, मुफ्तीगंज जनपद- जौनपुर

अकाश यादव
सहायक विकास अधिकारी
(समाज कल्याण)/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत कन्हौली
विकास खण्ड, मुफ्तीगंज जनपद- जौनपुर

कार्यालयः ग्राम पंचायत सुरैला, विकास खण्ड मुफ्तीगंज, जनपद- जौनपुर

पत्रांक: मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक 15.10.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रेहारी में सोलर स्ट्रीट लाइट एवं आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना का कार्य आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक- 16.10.2026 से दिनांक 21.10.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 22.10.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.स.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1-	आंगनबाडी भवन निर्माण पर-सिमेन्ट, बालू, छड, ईट, मजदूरी आदि	1	990765.59
2-	सोलर स्ट्रीट लाइट प्रति नग दर	प्रति नग	40+40+9=89 न
3-	आंगनबाडी भवन पर इलेक्ट्रीक, सेनेटरी वर्क, साइन बोड	1	193162.30

नियम एवं शर्ते-

1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जाएगी। 2-आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं। 3-सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है। 4-सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5-सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा। 6-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए सलग्न जाय। 7-सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जाने अनिवार्य होगी। 8-निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है हधोहस्ताक्षरी का होगा।

कविराज यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सुरैला
विकास खण्ड, मुफ्तीगंज जनपद- जौनपुर

अकाश यादव
सहायक विकास अधिकारी
(समाज कल्याण)/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सुरैला
विकास खण्ड, मुफ्तीगंज जनपद- जौनपुर

मंदिरों में मां की एक झलक पाने की दिखी बेताबी

नारियल-चुनरी, फूल-माला अर्पित कर उतारी आरती, चौकिया धाम जाने के लिए जौनपुर की बस में नहीं मिल रही जगह

आजमगढ़। शादीय नवरात्र के पांचवें दिन गुरुवार को भी आस्था का उफान दिखा। प्रमुख मंदिरों में मां की

शारदीय नवरात्र

घंट-घड़ियाल, शंख की ध्वनि से गुंजायमान हुआ वातावरण

एक झलक पाने की बेताबी दिखी, तो वहीं नारियल-चुनरी और फूल-माला अर्पित कर लोगों ने आरती उतारी। चतुर्थी तिथि वृद्धि के कारण छठवें दिन पांचवें दिन की देवी स्कंद माता के रूवरूप की आराधना की गई।

सुबह से ही हर कोई अपने हिसाब से पूजा-अर्चना कर रहा था। मंदिरों में घंट-घड़ियाल की ध्वनि से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा, तो घर-घर में मां दुर्गा की आरती से आसपास का वातावरण भी भक्तिमय हो गया। घरों में स्थापित कलश के सामने कोई दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहा है, तो कहीं दुर्गा चालीसा का वाचन हो रहा है। चालीसा का भी पाठ न कर पाने वाले भी सुबह-शाम देवी के समक्ष धूप-दीप और नैवेद्य अर्पण करने के साथ आरती करना नहीं भूल रहे। शहर के मुख्य चौक स्थित दक्षिणमुखी देवी मंदिर, बड़ादेव, रैदोपुर स्थित दुर्गा मंदिर, ग्रामीण क्षेत्रों में मां पाल्हमेश्वरी धाम, मां परमज्योति धाम में श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ रही। उधर नवरात्र में विंध्याचल और चौकिया धाम के दर्शन करने वालों की दोपहर बाद से रवानगी शुरू हो गई। रोडवेज पर जौनपुर की ओर जाने वाली बसों में सीट मिलना मुश्किल था। व्रत पर्व को देखते हुए सड़क किनारे भी नारियल-चुनरी और फूल-माला के साथ फलाहार की बिक्री तेज हो गई। चाय-पान के दुकानदार भी साफ-सफाई का पूरा ध्यान दे रहे हैं।

कहा जाता है कि स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता हैं। इसीलिए इन्हें स्कंद माता कहा जाता है। स्कंद माता की आराधना करने वाले भक्तों की सभी इच्छाएं माता पूरी करती हैं। मां दुर्गा की पांचवीं शक्ति स्कंदमाता की पूजा करने से संतान की प्राप्ति होती है। कहते हैं कि जिस पर स्कंदमाता की कृपा होती है वह ज्ञानी हो जाता है, स्कंदमाता हिमालय की पुत्री पार्वती हैं जिन्हें प्रेम और वात्सल्य की देवी माना जाता है।

सिधौना प्रतिनिधि के अनुसार- मां सिद्धेश्वरी मंदिर में मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में मेले जैसा दृश्य देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर परिसर में स्थित मैन पोखरा रात के समय आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहता है। रोशनी से जगमगाता मंदिर परिसर श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। रात्रि में मंदिर की मनमोहक छटा देखते ही बनती है। पोखरे और मंदिर परिसर की जगमगाहट से पूरा दृश्य अलौकिक प्रतीत होता है।

बिलरियागंज में नियम तोड़ने वाले सैकड़ों वाहनों का चालान

बिलरियागंज, आजमगढ़। बिलरियागंज थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार की शाम श्रीनगर (सियरहां) अंडरपास के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की सलाह दी। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने वाहन चालकों को हिदायत दी कि यातायात नियमों की अनदेखी न करें और अपनी सुरक्षा के साथ दूसरों की जिंदगी का भी ख्याल रखें।

एसकेडी विद्या मंदिर में करियर काउंसलिंग में मिला मार्गदर्शन

जहानागंज, आजमगढ़। धनहुआं स्थित एसकेडी इंटर कॉलेज में 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। करियर काउंसलर प्रसून गुप्ता ने विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों, संभावनाओं तथा सही दिशा में निर्णय लेने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रसून गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों को समझते हुए सोच-समझकर निर्णय लेने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर निरंतर प्रयास करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसकेडी ग्रुप के प्रबंधक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सही समय पर उचित मार्गदर्शन और सही करियर का चुनाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं प्रतिभा को पहचानने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने तथा उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की सलाह दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य केके शरण, श्रीकांत सिंह, मनोज, आनंद, योगेश अस्थाना आदि ने आयोजनों को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी बताया।

बीस को भरत मिलाप और रावण दहन के साथ होगा समापन

अतरौलिया। रामलीला के समापन दिवस पर 20 अक्टूबर को भरत मिलाप, भगवान राम के राज्याभिषेक और रावण के पुतला दहन का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन मेले का भी आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों के जुटने की उम्मीद है। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहता है। छितौनी की यह रामलीला इस बात की मिसाल है कि किसी एक व्यक्ति का संकल्प जब पूरे गांव की भावना बन जाता है तो वह परंपरा का रूप ले लेता है। बैठने की जगह को लेकर हुई एक पुरानी नोकझोंक से शुरू हुआ यह सफर आज लोक आस्था, सामूहिक सहभागिता और सांस्कृतिक विरासत की ऐसी कहानी बन चुका है, जिसे गांव के लोग हर साल अपने अभिनय से जीवंत करते हैं।

गुमशुदा दो किशोर गोरखपुर रेलवे स्टेशन से बरामद

आजमगढ़। सिधारी थाने के एसआई शिवम द्विवेदी, आरक्षी अखिलेश कुमार गौंड व इरफान खान की टीम ने क्षेत्र से लापता दो किशोरों को गोरखपुर रेलवे स्टेशन से गुरुवार को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में 14 अक्टूबर को संजय कुमार पुत्र दुवर राम निवासी ग्राम मुहम्मदल्ला ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनका लगभग 12 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार घर से नौरंग इंटर कॉलेज, नीबी में पढ़ने के लिए गया था, लेकिन विद्यालय नहीं पहुंचा। विवेचना के दौरान पता चला कि एक और बच्चा गायब है। गुमशुदा किशोरों की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर आवश्यक कार्रवाई की गई। बरामद बच्चों में आर्यन कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी ग्राम मुहम्मदल्ला व आकाश राजभर पुत्र उमेश राजभर निवासी ग्राम नीबी, थाना रानी की सराय शामिल हैं।

विद्युत केबल खराब होने से दो माह से बंद है ट्यूबवेल

लालगंज, आजमगढ़। विकास खंड पल्हना के विद्युत उपकेंद्र लहुवां क्षेत्र के ईस्माइलपुर भरथीपुर गांव में केबल खराब होने के कारण पिछले दो माह से किसानों के ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। इससे धान की सिंचाई के सीजन में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसान श्रीकांत सिंह ने बताया कि विद्युत आपूर्ति खराब होने की शिकायत एक माह पूर्व की गई थी। शिकायत पर लाइन जेई, लाइनमैन सहित अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पता चला कि थ्री फेज केबल में दो फेज खराब हैं और केवल एक फेज सही है। इसी एक फेज से गांव की घरेलू बत्ती तो जल रही है, लेकिन दो फेज खराब होने के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहा है। किसानों का कहना है कि शिकायत के बावजूद अभी तक केबल नहीं बदली गई है। अन्तिम समय में धान की फसल को पानी की सख्त जरूरत है, लेकिन ट्यूबवेल बंद होने से सिंचाई बाधित हो रही है। किसानों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से जल्द केबिल बदलवाकर आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा नेता समेत १६ लोग शांतिभंग की धाराओं में पाबंद

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल बाजार के खान चौक पर बुधवार रात चिकन की दुकान बंद कराने को लेकर हुई नोकझोंक के मामले में पुलिस ने भाजपा पिछड़ा मोर्चा लालगंज के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल आंसू समेत 16 लोगों को शांति भंग की धाराओं में पाबंद किया है। खान चौक पर एक दुकान से मुर्गे के मांस को बेचे जाने की सूचना पर माहुल चौकी की पुलिस पहुंची थी। पुलिस को आता देख दुकानदार दुकान बंद कर भाग गया था। पुलिस के साथ भाजपा पिछड़ा मोर्चा लालगंज के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल आंसू भी अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए थे। आंसू के किसी बात से दूसरे पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए और सैकड़ों की संख्या में वहां आ गए थे और दोनों पक्षों में नोंकझोंक हो गई थी। गुरुवार को पुलिस ने सुजीत जायसवाल आंसू तथा दूसरे पक्ष के चिकन की दुकान के मालिक दिलावर समेत दोनों पक्षों के आठ-आठ लोगों को शांति भंग की धारा में पाबंद किया है। थानाध्यक्ष राम किशोर शर्मा का कहना है दुर्गा पूजा और रामलीला में शांति व्यवस्था में खलल बर्दास्त नहीं है।

पिस्तौल-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

आजमगढ़। अहरौला थाने की पुलिस ने बुधवार को आधी रात बाद 1.20 बजे मुखबिर की सूचना पर बरामदपुर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को तमंचा एवं कारतूस के साथ घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बबलू पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम पारा बताया।

साइबर ठगी के शिकार के खाते में सात हजार वापस कराये

आजमगढ़। रौनापार थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में सात हजार रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। नरेंद्र यादव पुत्र वीरेंद्र यादव निवासी ग्राम चक्की हाजीपुर के साथ 6 जनवरी को 7 हजार की साइबर धोखाधड़ी हुई थी। इस संबंध में 6 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत थाना की साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की गई धनराशि को संबंधित खाते में होल्ड कराया गया। इसके बाद एमआरएम पोर्टल के माध्यम से 12 अक्टूबर को पूरी धनराशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई।

ट्रैक्टर की टक्कर से घायल महिला की वाराणसी में मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के बनकटा-रामगढ़ बाजार गोसाई मार्ग पर अंजुआ गांव के पास बुधवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल महिला की वाराणसी के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के समय महिला अपनी बेटी के साथ स्कूटी लेकर पैदल जा रही थी। रौनापार थाना क्षेत्र के बातन गांव निवासी 35 वर्षीया प्रमिला देवी पत्नी स्व. रमेश चंद्र अपनी बेटी हेमा के साथ स्कूटी से दवा लेने चुनहवा बाजार जा रही थीं। रास्ते में स्कूटी का तेल खत्म हो गया। इसके बाद मां-बेटी स्कूटी लेकर पैदल ही अंजुआ गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप की ओर जाने लगीं। इसी दौरान ट्रैक्टर ने प्रमिला देवी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन उन्हें मंडलीय अस्पताल ले गए, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर ले जाया गया। वहां से भी रेफर किए जाने पर परिजनों ने वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रमिला देवी के चार बेटियां और एक बेटा है। मां की मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घर से गायब महिला बरामद, आरोपी फरार

आजमगढ़। थाना रानी की सराय पर पंजीकृत घर से गायब महिला के मामले में भ्रमण के दौरान सूचना के आधार पर बुधवार को पीड़िता को नरौली चौराहे से बरामद कर लिया, जबकि आरोपी फरार हो गया। एसआई प्रिंस विनायक सिंह, कांस्टेबल आरती कुशवाहा क्षेत्र में तलाश-पतारसी कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पीड़िता एक युवक के साथ नरौली चौराहे के पास वाहन का इंतजार कर रही है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां एक महिला एवं पुरुष खड़े दिखाई दिए। पुलिस को अपनी ओर आता देख युवक भीड़ का लाभ उठाकर फरार हो गया। पुलिस टीम ने महिला से पूछताछ कर नियमानुसार महिला कांस्टेबल की निगरानी में लेकर अग्रिम विधिक एवं विवेचनात्मक कार्यवाही शुरू कर दी और फरार युवक की तलाश में जुट गई।

पूछे रे मलिनिया की सातो रे बहिनियां, धाम का तनी पनिया...

आजमगढ़। नगर के मुख्य चौक स्थित मां दक्षिणमुखी देवी दरबार में बुधवार की रात गायक कलाकारों ने

दक्षिणमुखी देवी दरबार में गायक कलाकारों ने लगायी भजनों के साथ हाजिरी

भजनों के साथ हाजिरी लगाई, तो वहीं मंदिर पुजारी शरद चंद्र तिवारी ने सभी कलाकारों को चंदन, तिलक लगाकर मां की चुनरी भेंट कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। ब्लू नाइट आर्केस्ट्रा एंड जागरण ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मां और भगवान गणेश की स्तुति से आरंभ जागरण में पूर्वांचल लोकप्रिय भजन गायक राजेश रंजन ने गणेश वंदना जय गणेश, जय महादेवा की प्रस्तुति दी। फिर 'पूछे रे मलिनिया की सातो रे बहिनियां, धाम का तनी पनिया पिया दा'

और 'तेरे दर को मैं छोड़ कहां जाऊं, अब दूजा कोई द्वार न दिखे' गाया तो लोग तालियां बजाने लगे। पुजारी शरद चंद्र तिवारी भी खुद को रोक नहीं सके और 'आया हूं मैं मंदिर तेरे शेरावाली, दर पे तेरे गया...' तथा 'गांव-गांव में शोर मचल बा, माई बा बुलइली बलमुआ' की प्रस्तुति से दरबार में हाजिरी लगाई। वहीं भोजपुरी अंदाज में 'हमहू के दर्शन द कराई हे बलमुआ हमरे' पर लोग ताली बजाकर नाचने लगे। मां के जयकारों से दक्षिणमुखी मंदिर गुंजायमान हो गया। युवा भजन गायक अनिल मौर्य ने 'छम-छम बाजे पायजनियां' एवं 'चलो बुलावा आया है...' सुनाकर तालियां बजाने को विवश कर दिया।

दो घटनाओं का राजफाश करने वाले १० पुलिसकर्मी सम्मानित

आजमगढ़। मेंहनगर और तरवां क्षेत्रों में हुई चोरी और दो बहनों को अगवा करने के मामलों का राजफश और आरोपियों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 10 पुलिसकर्मियों को गुरुवार को पुलिस कार्यालयं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सत्तानित होने वालों में एसएसआई कृष्णा मिश्रा, एसआई राजीव कुमार सिंह, अक्षय प्रताप सिंह, सूरज तिवारी, अतुल मिश्रा, आरक्षी विपिन यादव, रतनेश, आशुतोष, शहबाज व कमलेश कुमार यादव शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उज्वल भविष्य की कामना की गई।

आठ साल की कौमुदी दुबे ने कूडो चैंपियनशिप में जीता सोना

अतरौलिया, आजमगढ़। नगर के पुरवा निवासी ज्ञानेंद्र दुबे की आठ वर्षीय पुत्री कौमुदी दुबे ने गोरखपुर में

गोरखपुर में तीन मुकाबले जीतकर बनीं चैंपियन, शिक्षक संघ ने किया सम्मानित

आयोजित नौवीं उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय कूडो चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में लगातार तीन मुकाबले जीतकर कौमुदी ने यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। कक्षा पांच की छात्रा कौमुदी पिछले नौ-दस महीनों से अतरौलिया स्थित अल्टीमेट स्पोर्ट क्लब में कोच प्रियंव मिश्रा के मार्गदर्शन में कूडो का प्रशिक्षण ले रही हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से पहले वह जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने आवास पर पहुंचकर फूल-मालाओं से स्वागत किया और उत्साहवर्धन किया। कौमुदी ने कहा कि गोल्ड मेडल जीतकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। वह आगे भी मेहनत कर बड़ी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हैं। पिता ज्ञानेंद्र दुबे ने कहा कि बालिकाओं की आत्मरक्षा और शारीरिक-मानसिक विकास के लिए मार्शल आर्ट बेहद जरूरी है। जूनियर हाईस्कूल अगया के प्रभारी प्रधानाध्यापक परमहंस यादव ने कहा कि सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से बच्चे कम उम्र में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

बनगांव, लारपुर सहबरी में पशुओं का हुआ निःशुल्क उपचार

भीरा, आजमगढ़। पशुपालन विभाग मार्टीनगंज की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन लारपुर सहबरी और बनगांव में किया गया, जिसमें पशुओं का निःशुल्क उपचार किया गया। शिविरों का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने किया। पशु चिकित्साधिकारी डा. अजय श्रीवास्तव ने किसानों और पशुपालकों को पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल, समय पर उपचार और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर डा. प्रवेश कुमार (एमटीएस), नरेंद्र कुमार (फार्मासिस्ट) आदि उपस्थित रहे। विभाग की ओर से अब अगला पशु आरोग्य शिविर दरियापुर में कल आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को उनके गांव के निकट पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

माहुल में पुलिस ने किया रूट मार्च, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

माहुल, आजमगढ़। नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नगरवासियों में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के उद्देश्य से पुलिस ने रूट मार्च किया। इस दौरान अहरौला थाने और माहुल चौकी की पुलिस ने नगर के पवई मोड़ से होकर शुक्र बाजार होते हुए सोमवारी बाजार, खान चौक, से मेन चौक और प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रूट मार्च के माध्यम से पुलिस ने लोगों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। अहरौला थानाध्यक्ष रामकिशोर शर्मा ने आमजन से शांति बनाए रखने, कानून का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

जनपद में १७ और २४ को मतदाता पंजीकरण के लिए लगेगा विशेष कैंप

आजमगढ़। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के निर्देश के अनुपालन में जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में पंजीकरण से छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा प्रथम बार मतदाता बनने वाले युवाओं के नाम सम्मिलित किए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में 17 अक्टूबर एवं 24 अक्टूबर को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष कैंप दिवसों पर प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 से चार बजे तक उपस्थित रहेंगे। कैंप में मतदाता पंजीकरण के लिए पर्याप्त संख्या में फार्म-छह उपलब्ध रहेंगे। आवेदन करने वाले पात्र नागरिकों को फार्म छह के साथ नवीनतम फोटो, जन्मतिथि एवं पते से सम्बन्धित दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। जहां नागरिकों को फार्म-छह भरने एवं मतदाता पंजीकरण संबंधी प्रक्रिया में सहायता प्रदान की जाएगी। प्राप्त होने वाले सभी फार्मों का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाएगा। जिससे आवश्यकता पड़ने पर पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण अधिकारियों को अभिलेख तत्काल उपलब्ध कराए जा सके।

जीजीआईसी की मेधावी छात्रा खुशी सिंह बनीं एक दिन की जिलाधिकारी

आजमगढ़। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का कौशल, आत्मविश्वास तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समझ विकसित करने के उद्देश्य से गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रैदोपुर की कक्षा 11 की मेधावी छात्रा एवं बद्दोपुर के राकेश सिंह की बिटिया खुशी सिंह को एक दिन की जिलाधिकारी बनने का सुअवसर अवसर प्रदान किया गया। खुशी सिंह ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सांकेतिक रूप से दायित्व संभाला तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली को करीब से समझा। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा ने छात्रा का मार्गदर्शन करते हुए उसे प्रशासनिक व्यवस्था, जनसमस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया, अधिकारियों की जिम्मेदारियों

तथा जनहित में लिए जाने वाले निर्णयों के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को प्रशासनिक दायित्वों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उन्हें भविष्य में उच्च पदों पर पहुंचकर समाज और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करना है।

खुशी सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त प्रार्थना पत्रों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के महत्व को भी समझा।

जनता दर्शन में फरियादी शिवकुमार मौर्य द्वारा खरिहानी बाजार में संचालित कथित अवैध क्लिनिक के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई। खुशी सिंह ने प्रार्थना पत्र को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संदर्भित करते हुए मामले में जांच कर नियमानुसार तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद क्षेत्र से संबंधित एक अन्य फरियादी ने न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित किए जाने के बावजूद बैनामा किए जाने की शिकायत की। सांकेतिक जिलाधिकारी खुशी सिंह ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी को संदर्भित किया तथा नियमानुसार मामले का परीक्षण कर समुचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

आजमगढ़शाखा: मकान नं.430/427, दूसरी मंजिल, डीएवी डिग्री कॉलेज के सामने, रैदोपुर, आजमगढ़ 276001 (उत्तर प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओं/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवें। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 31210000252/ आजमगढ़ शाखा) राहुल वर्मा (ऋणी) कंचन देवी एवं जितेन्द्र कुमार वर्मा (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अराजी नं. 838, क्षेत्रफल 436 वर्ग मीटर, जिसमें से 19.65 अथवा 48.535 कड़ी या 196.83 वर्ग मीटर, ग्राम मुबारकपुर, टप्पा बिहरोजपुर, परगना मुहम्मदाबाद, तह. सदर, जिला आजमगढ़, उ.प्र., **चतुर्सीमाएँ:** पूर्वः विश्राम का मकान, पश्चिमः हरिनाथ एवं अन्य की भूमि, उत्तरः 4 मीटर चौड़ा कच्चा मार्ग, दक्षिणः 3 मीटर चौड़ा खरंजा	13-05-2026 & ₹ 18,42,818/-	13-10-2026
2	(लोन कोड नं. 31210000188 /आजमगढ़ शाखा) वेद प्रकाश सेठ (ऋणी) ममता सोनी (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मकान सर्वे नं. 118, कुल क्षेत्रफल 21.5 करी जिसमें से 11 करी या 44.55 वर्ग मीटर का भाग, स्थान ग्राम मेहनगर, परगना बेला दौलताबाद, तहसील मेहनगर, जिला आजमगढ़, **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः अशोक एवं अन्य का मकान, पश्चिमः हरिलाल का मकान, उत्तरः गोला बाजार से थाना मार्ग (4 से 9 मीटर चौडा), दक्षिणः पोखरी	10-07-2026 & ₹ 10,65,983/-	14-10-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 16.10.2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

अपमानजनक अनुभव के बाद खुद के गांव में शुरू करायी रामलीला

बैठने को लेकर हुए विवाद के बाद छितौनी के विश्वनाथ श्रीवास्तव ने लिया था फैसला

अतरौलिया, आजमगढ़। कभी दूसरे गांव में रामलीला देखने गए एक व्यक्ति के साथ बैठने को लेकर हुआ विवाद

दुर्गोत्सव

अब हजारों दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बना आयोजन, ग्रामीण खुद निभाते हैं हर किरदार

ऐसा ऐसा झटका दिया कि उन्होंने एक नई परंपरा की नींव रख दी। मन को लगी बात ने स्व. विश्वनाथ श्रीवास्तव को अपने गांव में ही रामलीला शुरू कराने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उनके इस फैसले में गांव के लोगों ने भी कदम से कदम मिलाया। देखते ही देखते छितौनी गांव में शुरू हुई रामलीला ऐसी परंपरा बनी, जो पिछले 41 वर्षों से लगातार चली आ रही है। खास बात यह है कि यहां राम, लक्ष्मण, सीता से लेकर अन्य सभी पात्रों की भूमिका गांव के स्थानीय कलाकार ही निभाते हैं। बाहर से केवल संगीत मंडली और साउंड सिस्टम की व्यवस्था की जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब 41 वर्ष पहले आसपास के गांवों में रामलीला का आयोजन नहीं होता था। रामलीला के शौकीन स्व. विश्वनाथ श्रीवास्तव दूर-दराज के गांवों में मंचन देखने जाया करते थे। एक बार दूसरे गांव में रामलीला देखने के दौरान बैठने की जगह को लेकर उनकी नोकझोंक हो गई। इस घटना ने उन्हें भीतर तक प्रभावित किया। उन्होंने तय किया कि अब अपने गांव और अपनी जमीन पर ही रामलीला का आयोजन कराएंगे। घर लौटकर जब उन्होंने यह बात गांव के लोगों को बताई तो सभी ने उनके संकल्प का समर्थन किया। उस समय बाहर से कलाकार बुलाना आसान नहीं था। ऐसे में ग्रामीणों ने खुद ही विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाने का निर्णय लिया और अभ्यास शुरू कर दिया।

चौथे दिन धनुष यज्ञ और राम विवाह का हुआ मंचन

अतरौलिया। रामलीला के चौथे दिन बुधवार की रात कलाकारों ने धनुष यज्ञ, राम विवाह, परशुराम-लक्ष्मण संवाद और रावण-बाणासुर संवाद का प्रभावशाली मंचन किया। कलाकारों के संवाद और अभिनय ने दर्शकों को रामकथा के प्रसंगों से जोड़े रखा। बाहर से आई संगीत मंडली की धुनों ने मंचन को और जीवंत बना दिया। देर रात तक दर्शक रामलीला का आनंद लेते रहे। गांव के वरिष्ठ कलाकार सुरेंद्र यादव ने बताया कि उन्हें वर्षों से रामलीला में अलग-अलग किरदार निभाने का अवसर मिलता रहा है। गांव के लोगों के लिए यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अपनी कला और परंपरा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है। वहीं, प्रधान प्रतिनिधि नरसिंह ने बताया कि रामलीला छितौनी की सांस्कृतिक पहचान बन गई है। इसे देखने के लिए प्रतिदिन करीब एक हजार दर्शक पहुंचते हैं।

निरीक्षण करते, सम्बोधन करते योगी।

छाया:आज

वृद्ध को हाकी मारकर किया घायल

छानबे। विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के कोलाही गांव में सिगरेट के लिए मध्य रात्रि दुकान न खोलने पर मनबढ़ युवकों ने वृद्ध को हॉकी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए बेटे व भांजे को घायल कर दिया। कोलाही निवासी बसंत लाल बिंद (80) ने बताया कि भारतगंज विजयपुर मार्ग पर स्थित अपनी दुकान के बाहर सोया था। बुधवार की रात लगभग साढ़े 12 बजे नौ बाइक से लगभग 23 युवक जो मुँह बाँधे आए और दुकान खोल कर सिगरेट देने का कहा जब बताया कि चाभी नहीं है। लड़का लेकर घर पर है तो गाली देते हुए सिर पर हाकी से वार किए। मारपीट कर घायल कर शोर सुनकर बचाव के लिए बेटा गंगेश्वर (32) व भांजा विकास (20) आया तो उन्हें भी मारकर घायल कर दिए और कामता बिंद के घर में घुसे तो उनकी पत्नी शोर मचाने लगी तो उसे भी मारे। तब तक गांव के लोग आ गए तो बदमाशों ने दो बाइक मौके पर ही छोड़ कर भाग गए। घटना की सूचना 112 पर देने के साथ ही पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव ने बताया कि बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फ़िराक़ मे थे और ग्रामीणों की घेराबंदी देख भाग गए। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विन्ध्याचल मे कराया जायेगा तथा थाने में तहरीर दी जाएगी।

मां विंध्यवासिनी कारिडोर से श्रद्धालुओं को मिली सुविधा, अब सुगमता से हो रहे दर्शन-योगी

मुख्यमंत्री ने मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की, निर्माणाधीन गंगा घाट का किया निरीक्षण

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विंध्याचल पहुंचकर मां विंध्यवासिनी देवी का विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विंध्याचल के पक्का घाट पर गंगा नदी के किनारे निर्माणाधीन घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। विंध्याचल के कालीखोह मोड़ पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी धाम में कॉरिडोर निर्माण से श्रद्धालुओं को दर्शन करने में बड़ी सुविधा मिली है। अब श्रद्धालु अधिक सुगमता से मां के दर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विंध्याचल, अयोध्या और काशी विश्वनाथ सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का व्यापक विकास किया है। धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं के विस्तार से श्रद्धालुओं की सहूलियत बढ़ी है और धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिला है। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, डीआईजी पूनम, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार और पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी लेकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

गंगा घाट के निर्माण में गुणवत्ता पर जोर

दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने विंध्याचल के पक्का घाट पर गंगा नदी के किनारे निर्माणाधीन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार से परियोजना की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए।

अर्थव्यवस्था को मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से रोजगार और कारोबार के नए अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने विंध्याचल धाम, काशी विश्वनाथ धाम और प्रयागराज महाकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि आस्था आर्थिक गतिविधियों का भी आधार बन सकती है।

मंडल में दो मेडिकल कालेज

योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विंध्याचल मंडल में दो मेडिकल कॉलेज और दो राज्य विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में उच्च शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में साढ़े नौ वर्षों के दौरान साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

६२ लाख को टैबलेट

मुख्यमंत्री ने युवाओं को डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना का जिक्र करते हुए कहा कि दो करोड़ युवाओं को टैबलेट देने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 62 लाख युवाओं को टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जहां युवाओं को निशुल्क मार्गदर्शन मिल रहा है।

योगी और मोदी के नेतृत्व में बदली पहचान

कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की पहचान बदली है। सुशासन, कानून-व्यवस्था, औद्योगिक विकास और एक जनपद-एक उत्पाद योजना प्रदेश की नई पहचान बन रहे हैं। प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने पुलिस और होमगार्ड भर्ती का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं।

भर्ती में पारदर्शिता

प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास को नई दिशा दी है। उनके अनुसार, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है। उन्होंने पुलिस और होमगार्ड भर्ती का भी उल्लेख किया।

संक्षेप

नवरात्र में मां दुर्गा की भक्ति में डूबा क्षेत्र

हलिया। शारदीय नवरात्र को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है। थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला के दरबार में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं, मुरलिया पहाड़ पर स्थित मां मुरलेश्वरी देवी के दरबार में भी भक्त मत्था टेककर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु सुबह से ही देवी मंदिरों में पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं। मां शीतला के दरबार में नारियल, चुनरी और प्रसाद चढ़ाकर भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। मुरलिया पहाड़ पर विराजमान मां मुरलेश्वरी देवी के दर्शन के लिए भक्त पहाड़ के पगडंडी रास्तों से होकर मां के मंदिर पहुंचते हैं। नवरात्र के चलते क्षेत्र में चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों में पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भक्त पूजा अर्चना कर रहे हैं। चारों तरफ देवी गीतों से क्षेत्र गुंजायमान रहता है।

वांछित आरोपी गिरफ्तार

चुनार। कोतवाली क्षेत्र के कजरहट चौकी इंचार्ज सदानंद सिंह ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में विगत दिनों पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर थाना चुनार में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक आपरेशन राजकुमार मीणा एवं क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में 15 अक्टूबर को चौकी इंचार्ज सदानंद सिंह मय पुलिस टीम विपिन सिंह यादव व सागर गुप्ता को मुखबिर के सूचना पर चेचरीमोड से सूरज कुमार उर्फ गब्बर पुत्र स्व मुन्नी लाल निवासी सोनउर थाना चुनार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट तहत मुकदमा दर्ज है। विधिक कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

दहेज विरोधी जागरुकता कार्यक्रम

अदलहाट। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अदलहाट, मीरजापुर में गुरुवार को मिशन शक्ति तथा दहेज विरोधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डा. सुरेन्द्र कुमार सिंह यादव ने किया। सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्टार्टअप एवं इनोवेशन विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अमित कुमार केशरी ने छात्राओं को आधुनिक नवाचारों एवं कौशल विकास से परिचित कराते हुए बताया कि किस प्रकार से वे घर पर ही रह कर स्टार्टअप के माध्यम से आत्मनिर्भर हो सकती हैं। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के बारे में डॉ. आभा गुप्ता ने छात्राओं को विस्तार से परिचित कराया। दहेज जागरूकता रैली के माध्यम से दहेज कुप्रथा को समाप्त करने, महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों की रक्षा एवं समतामूलक समाज के निर्माण में उनसे सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी गण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

रामलीला में पहुंचीं दिव्या मित्तल

छानबे। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकराकला में पूर्व आईएएस ज़िलाधिकारी दिव्या मित्तल ने चल रहे रामलीला को देखने बुधवार की रात पहुंची तो रामलीला आयोजकों के साथ ही ग्रामीणों व दर्शकों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। लोगों ने पुष्प वर्षा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जगदीश पाठक व जय शंकर मिश्रा सहित काफी लोग व महिलायें शामिल रही। दिव्या मित्तल ने रामलीला कलाकारों का उत्साहवर्धन करते लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

पूर्व प्रधान के भतीजे के निधन पर नहीं हुई ड्रमंडगंज की रामलीला

ड्रमंडगंज। देवहट ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान मंगलदास जायसवाल के भतीजे 40 वर्षीय मनोज कुमार जायसवाल का लखनऊ स्थित अपोलो अस्पताल में बुधवार को निधन हो गया। मनोज के निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। उनके निधन पर बुधवार को ड्रमंडगंज की रामलीला व पुराने बैरियर पर चल रही श्रीराम कथा नही हुई। पूर्व प्रधान मंगलदास जायसवाल ने बताया कि मनोज की तबीयत बिगड़ने पर लखनऊ के अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उपचार के दौरान हृदयाघात से उनकी मौत हो गई। दो भाइयों में बड़े मनोज को एक पुत्र है। गुरुवार को विंध्याचल के शिवपुर घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। घटना से स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। भाजपा नेता मनीष त्रिपाठी, ग्राम प्रशासक कौशलेंद्र गुप्ता, छविनाथ तिवारी, सोनू सिंह, सतीश केशरी, सोनू पांडेय, आशीष गुप्ता गुड्डू, रामलाल सरोज, पिंटू खान, रंजीत चौरसिया आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

भारत माता की जय और जय श्रीराम बोलने वालों का चाहिए वोट-विधायक

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर नगर से भाजपा विधायक रत्नाकर मिश्रा का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में विधायक अपने समर्थकों और मतदाताओं के बीच अपनी राजनीतिक सोच रखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके बयान को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है। वायरल वीडियो में रत्नाकर मिश्रा कहते सुनाई दे रहे हैं कि उन्हें उन्हीं लोगों का वोट चाहिए, जो 'भारत माता की जय', 'जय श्रीराम' और 'वंदे मातरम' बोलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो भारत माता को नहीं मानता, उसका वोट उन्हें नहीं चाहिए। विधायक के इस बयान के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। उनके समर्थक इसे राष्ट्रवाद और धार्मिक आस्था से जोड़कर देख सकते हैं, जबकि इस तरह के बयान को लेकर राजनीतिक बहस भी तेज होने की संभावना है। मीरजापुर की राजनीति में रत्नाकर मिश्रा एक चर्चित चेहरा हैं। ऐसे में उनके बयान का वायरल होना स्थानीय राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, वायरल वीडियो किस कार्यक्रम का है और विधायक ने यह बयान किस संदर्भ में दिया, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस बयान को लेकर लोगों की नजरें राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं पर टिकी हैं।

नहर में अज्ञात शव मिलने से मचा हड़कंप

राजगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के भवानीपुर व दरवान ग्राम पंचायत के बीच मुख्य घाघर नहर में पानी में उतराया हुआ शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा शव देखे जाने पर स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकालकर पहचान के लिए पीएम हाउस में रखवा दिया गया है। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष राजगढ़ बालमुकुंद मिश्र से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि गुरुवार की सायं में धंधरौल बांध से निकली हुई मुख्य घाघर नहर में भवानीपुर व दरवान पुलिया के मध्य में एक उतराया हुआ अज्ञात शव प्राप्त हुआ है। शव को नहर से बाहर निकलवाकर देखा गया तो मृतक के बाएं हाथ पर अंग्रेजी में राजबली एस लिखा हुआ था। मृतक की उम्र प्रथम दृष्टया 35 से 40 वर्ष लफ रही है। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

नवरात्र के पांचवे दिन बड़ी संख्या में विन्ध्य दरबार पहुंचे श्रद्धालु

विन्ध्याचल। शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां विन्ध्यवासिनी के दरबार पहुंचे। हालांकि, नवरात्र के अन्य दिनों की अपेक्षा दर्शनार्थियों की संख्या में कुछ कमी अवश्य देखी गई,फिर भी आंकड़ा लगभग एक लाख के आसपास ही रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दर्शन पूजन कार्यक्रम के चलते कुछ देर के लिए समूचा मंदिर क्षेत्र सुरक्षा कर्मियों ने अपने आगोश में ले रखा था, जिसके फलस्वरूप दर्शनार्थियों को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन प्राप्त करने हेतु प्रतीक्षा भी करनी पड़ी। जगह जगह यातायात व्यवस्था भी सुरक्षा कारणों से डायवर्जित किया गया था। गुरुवार के दिन पहाड़ व त्रिकोण क्षेत्र में स्थित मां काली खोह तथा मां अष्टभुजा के दरबार में अपेक्षाकृत कुछ ज्यादा भक्तों की संख्या देखने को मिली। मां की एक झलक पाने के लिए प्रतीक्षारत कतारबद्ध श्रद्धालुओं के जयघोष से विन्ध्यक्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। गंगाघाट पर स्नानार्थियों की संख्या भी खूब दिखाई दे रही थी। तमाम घाटों से स्नान के पश्चात पक्काघाट जाने वाले मार्ग को सीएम सुरक्षा के चलते अवरुद्ध कर दिया गया था। नगरपालिका के सफाई कर्मचारी ज्यादा संख्या में विशेष स्थानों की सफाई में ही लग गए, जिसके चलते गंगा घाटों के कुछ स्थानों पर शौच और गंदगी इत्यादि फैले दिखाई दिए। दुकानदारों के चेहरे भी अपेक्षाकृत भीड़ न होने से चिंतित प्रतीत हुए।

कतारबद्ध श्रद्धालु।

छाया:आज

चोरी की नीयत से घर में घुसे लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ा

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के सुमतिया व रघईपुर में दो घरों में घुसे संदिग्ध को ग्रामीणों ने पकड़कर पिटाई के बाद जिगना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रघईपुर निवासी राममुरारी ने बताया कि उनकी बहू मनीषा बुधवार की रात भूल से दरवाज़ा बंद न करके सो गई। रात लगभग डेढ़ बजे घर में पांच चोर घुस गए और अन्य कमरों को बाहर से बंद कर दिया। आहट मिलने पर लोगों की नींद खुली तो चोर दिखाई दिए और भागने लगे तो राममुरारी ने 112 पर फ़ोन कर पुलिस बुलाया। चोरों का पीछा करके कुछ दूर पर पकड़ा गया और पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़े गए चोर बिहार के भभुआ जिले के हैं। तीन दिन पहले नेगुरा रिबई सिंह गांव के बाग में महिला पुरुष सहित लगभग 15 लोगों ने डेरा रखा हैं। ये लोग दिन में मधु बेंचने के लिए गांव में घूमते हैं। इसी क्रम में एक युवक सुमतिया गांव में रात में बाइक खड़ी करके एक घर में घुस कर चारपाई पर सोए एक बच्चे पास लेट गया। रात लगभग दो बजे एक महिला जगी तो उसे कुछ शक हुआ तो परिवार वालो जगाया तो आरोपी भागने लगा शोर होने पर लोग बच्चा चोर समझकर पिटाई करने लगे और पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जाँच कराई जा रही है। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

पालतू सूअर को घर में घुसने पर मना करना पड़ा भारी

पटेहरा। थाना संतनगर अंतर्गत पड़रिया कला में पालतू सूअर घर में घुसने पर मना करने गए लोगों पर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से घायल कर सात लोगो को लहूलुहान कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी बसंत ने बताया कि मेरे घर में बुधवार शाम को पड़ोसी लालचंद के पालतू सूअर के बच्चे घुस आए थे। घर में रखे बर्तन जूठे कर दिए थे, जिसे साफ करने के साथ आगे न आए। मना करने बृहस्पतिवार सुबह सात बजे गए तो लालचंद, लाला, राजेश, रंजय, करन, अजय, चंदन, ओमकार और रकम गोलबंद होकर मुझे गाली देते हुए लाठी,सरिया और कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा लिए तो मेरे परिवार के लोग 58 वर्षीय बुद्धू, 70 वर्षीय राजकुमार,65 वर्षीय शिवराम, 30 वर्षीय सोनू, 40 वर्षीय प्रमिला, 30 वर्षीय कविता और 13 वर्षीय रिहा को पीट कर घायल कर दिए।

मौसम ने ली करवट, हवाओं के साथ आसमान में छाये बादल

हलिया। क्षेत्र में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल दिया। बादलों की गर्जना से बारिश की उम्मीद जगी, लेकिन कुछ देर बूंदाबांदी होने के बाद बादल बिना बारिश किए ही लौट गए।मौसम में आए बदलाव से लोगों को बारिश होने की आहट हुई।बादलों की गर्जना के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन बारिश नहीं होने से लोगों को निराशा हाथ लगी। उधर, धान की फसल तैयार होने की कगार पर है। ऐसे में मौसम में अचानक बदलाव से किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं। किसानों को उम्मीद है कि मौसम अनुकूल बना रहेगा।

त्रिकोण मार्ग पर पहाड़ पर पत्थरों से बनायें घरौंदे

विंध्याचल। शारदीय नवरात्र में विंध्य त्रिकोण परिक्रमा पथ पर पत्थरों से रोजाना हजारों घरौंदे बनाए जाते हैं। लोक मान्यता है कि अष्टभुजा पहाड़ पर त्रिकोण परिक्रमा के दौरान घरौंदा बनाने से अपना घर बनाने की लालसा देवी पूरी करती हैं। उसके घर पर हमेशा मां का आशीर्वाद बना रहता है। इसी के चलते कालीखोह से अष्टभुजा मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ पत्थरों के घरौंदे बनाए जाते हैं।नवरात्र मेले के दौरान मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन करने के बाद हजारों आस्थावान रोजाना त्रिकोण परिक्रमा करते हैं। यात्रा के दौरान वे पत्थरों के टुकड़ों को सजाकर सपनों के घर का प्रतिरूप बनाते हैं। तीनों देवियों के दर्शन पूजन के बाद भक्त अष्टभुजा पहाड़ पर पहुंच कर वहां पहले से पड़े पत्थरों से घरौंदे बना कर मां से अपना आवास बनाने की मनौती मांग रहे हैं।

पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

अदलहाट। स्थानीय पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर सात दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल पति के मामले में पिकअप चालक व चालक के खिलाफ मोटर वाहन एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के अचीतपुर गांव निवासी महिला प्रेमा देवी ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका पति मिठाई लाल निवासी अचीतपुर थाना अदलहाट विगत सात अक्टूबर को काम कर के सायं लगभग पांच बजे घर लौट रहा था। जैसे ही गांव के समीप पहुंचा ही था कि एक खाली पिकअप दाएं पटरी पर तेज रफ्तार जा रही खाली पिकअप ने उन्हें कुचल दिया था, जिन्हें आनन-फानन में रामनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री सरकारी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया था तहरीर में कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। पुलिस तहरीर के अनुसार मोटर वाहन एक्ट का मुकदमा दर्ज का अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है।

चुनार में जयंत लीला, विराध वध लीला का हुआ मंचन

चुनार। नगर में श्रीराघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला के 12 वें दिन बुधवार को जयंत लीला, अत्रि अनुसुइया संवाद, विराध वध, सरभंग क्रिया, सुतिक्षण अगस्त संवाद लीला का मंचन हुआ। रात आठ बजे से शुरू हुई लीला का मंचन अर्द्धरात्रि समाप्त हुआ। स्थानीय नगरवासियों सहित बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लीला प्रेमी रामलीला मैदान पहुंचे और लीला मंचन का आनंद लिया। पात्रों ने अपने अभिनय की बखूबी प्रस्तुति कर लीला प्रेमियों का मन मोह लिया। लीला मंचन को देखने पहुचें नगर निवासी सेना के लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. सौरभ श्रीवास्तव एवं मंडलीय डाक निरीक्षक प्रवीण कुमार को समिति की ओर से संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने रामनामी और राम दरबार चित्र भेंट कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। लीला को सकुशल संपन्न कराने में अमित कुमार गुप्ता, संजय साहू, अनिवाश अग्रवाल, रमाशंकर पांडेय, चन्द्रहास गुप्ता, सौरभ पुजारी, महेन्द्र साहू, सुनील पेंटर पवन केशरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य श्रद्धाभाव से लगे रहे।

संक्षेप

२३ अक्तूबर को विशेष आकस्मिक अवकाश

मीरजापुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान दिवस पर 23 अक्टूबर को विशेष आकस्मिक अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग की 13 अक्टूबर की विज्ञप्ति के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव के लिए बोनाफाइड मतदाता और संबंधित पात्र कर्मचारियों को मतदान करने के लिए यह अवकाश स्वीकृत किया गया है। संबंधित नियंत्रक प्राधिकारियों एवं कार्यालयाध्यक्षों को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

भाजपा के अंदर चंगेज खान का डीएनए प्रवेश कर गया है-प्रमोद

विन्ध्याचल । शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी मां विन्ध्यवासिनी दरबार पहुंचे , जहां सर्वप्रथम मां का दर्शन पूजन किया तत्पश्चात पुरानी विशिष्ठ मार्ग पर मौजूद पत्रकारों से कहा कि आज संपूर्ण विपक्ष एकजुट होकर राहुल गांधी के नेतृत्व में वही आजादी की लड़ाई लड़ रहा है, जो लड़ाई अग्रेजों से देश आजाद कराने के लिए लड़ी गई थी। भाजपा के अंदर चंगेजखान की आत्मा प्रवेश कर गई है। आज लड़ाई तानाशाही के विरुद्ध है। आजादी की लड़ाई से हमे लोकतंत्र मिला। संविधान मिला वोट का अधिकार मिला। मोदी और अमित शाह ने मिलकर वोट का अधिकार भी छीन लिया। मेरे ख्याल में इस आंदोलन में हर नागरिक को शामिल होना चाहिए अगर आज नहीं खड़े हुए तो आजादी के विरोध में जो उस समय खड़े थे। मेरा आशय भाजपा के पूर्वजों से है, वो सफल हो जाएंगे। मै अपनी और कांग्रेस की वर्किंग कमेटी की तरफ से ये आह्वान करता हूं कि सभी लोग मिलकर अहिंसात्मक रूप से इस आंदोलन में साथ देकर दूसरी आजादी में सहयोग प्रदान करें।

छुट्टा गौवंशों से धान की फसल पर संकट

हलिया। हलिया विकास खंड के ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा गौवंश किसानों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। धान की फसल पकने की कगार पर है, वहीं कुछ खेतों में फसल पकने भी लगी है। ऐसे में खेतों में घूम रहे छुट्टा गौवंश किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। फसल को बचाने के लिए किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं अहुंगी कला, अहुंगी खुर्द, हथेडा, चककोटा और वीरपुर गांवों में किसान छुट्टा गौवंशों से परेशान हैं। क्षेत्र के चंद्रभान मौर्या प्रेमशंकर दिनेश राम सिंह अजीत, लवकुश आदि किसानों का कहना है कि बड़ी मेहनत और लागत लगाकर धान की फसल तैयार की गई है। अब फसल पकने का समय आया तो छुट्टा पशुओं से उसे बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। रात के अंधेरे में गौवंश खेतों में पहुंचकर खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। किसान फसल बचाने के लिए रातभर खेतों के आसपास निगरानी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते गौवंशों को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित नहीं किया गया तो धान की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। किसानों ने संबंधित अधिकारियों से छुट्टा गौवंशों को पकड़वाकर गोशालाओं में संरक्षित कराने की मांग की है, ताकि उनकी मेहनत से तैयार हो रही फसल को बचाया जा सके।

कंटेनर के धक्के से पुलिस वाहन के उखड़े परखचे, बाल-बाल बचे कोतवाल सहित चार सिपाही

सकलडीहा। एक कंटेनर में गांजा होने की सूचना पर कोतवाली पुलिस बुधवार की देर रात करीब सवा बारह बजे भोजापुर के समीप बृजनंदनी स्कूल के पास रोकने का प्रयास किया। कंटेनर चालक ने पुलिस वाहन पर करीब सौ की स्पीड में धक्का मारते हुए चंदौली की ओर भाग गया। कंटेनर की जोरदार धक्का से पुलिस वाहन के परख्चे उड़ गये। घटना जोरदार होने के कारण कोतवाल सहित चार सिपाही चोटिल हो गये। संजोग अच्छा रहा की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस की घेराबंदी पर कंटेनर को सैयदराजा थाना के नौबतपुर में पकड़ लिया गया। लेकिन चालक वाहन छोड़कर फरार होगये। घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। चहनिया की ओर से एक कंटेनर में गांजा होने की कंट्रोल से सूचना पर कोतवाली पुलिस बुधवार की देर रात करीब सवा बारह बजे कोतवाल भूपेन्द्र निषाद हमराही आनंद यादव, प्रश्विन दूबे और सतीश के साथ सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर कंटेनर को रूकने का ईशारा किया। लेकिन तेज रफ्तार में आरही कंटेनर के नहीं रूकने पर पीछा करते हुए भोजापुर के समीप एक स्कूल के पास दोबारा रोकने का पुलिस ने इशारा करने लगी। तभी करीब सौ की स्पीड में आ रही पुलिस वाहन पर धक्का मारते हुए भोजापुर रेलवे क्रासिंग पार करते हुए चंदौली की ओर रवाना होगई। सकलडीहा पुलिस की सूचना पर चंदौली में बैरियर लगाया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में ३९ जोड़े बंधन में बंधे

चहनियां। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम योजना अंतर्गत विकास खंड चहनिया ब्लाक मुख्यालय परिसर में गुरुवार को 39 युगल जोड़े दाम्पत्य सूत्र बन्धन मे बंधे। ढोल नगाड़े बैंड बाजे की गुज, मंत्रोच्चार के बीच वर-वधु ने अग्निकुंड को साक्षी मानकर एक साथ जीने की कसम खाई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित प्रद्युम्न पांडेय, अनिल तिवारी, रजनीश पांडेय ने नव दम्पती को जय माला , सिंदुर दान कराते हुए सात बचन का संकल्प दिलाते हुए, सात जन्मों तक साथ निभाते हुए विवाह को सम्पन कराया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सदस्य दर्शना सिंह ने नव विवाहितों को प्रमाण पत्र व आर्शीवाद प्रदान करते हुए कहा कि आप ने सात फेरे लेकर जो जीवन भर साथ रहने का संकल्प लिया है उसे मन से निभाएं। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटीयों के लिए वरदान साबित हो रही है । इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटीयों का विवाह सरकारी खर्च कराया जा रहा है। जिससे उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। आज बेटीयों के जन्म होने पर होने पर लोग खुशी मना रहे हैं आज के पहले जिसके घर में बेटियां होती थी लोगों को बेटियों की शिक्षा और विवाह को लेकर काफी आर्थिक परेशानिया उठानी पड़ती थी डबल इंजन की सरकार ने बेटियों की शिक्षा से लेकर सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह का आयोजन कर यह गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सरकार उपहार सहित उनके खाते में पचास हजार रुपया भी दे रहे हैं ताकि अपने जीवन का आरंभ अच्छे ढंग से कर सके। जल्द ही बिटीया के खाते में पैसा भेज दिया जाएगा । विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए कहा की बहुत ही खुशी का दिन है सभी जातियों के लोग एक मंडप में सबके साथ सामानता का व्यवहार करते हुए सामाजिक रीति रिवाजों के परंपराओं का निर्वाहन कर वर वधू सात फेरे लेकर के सात वचनों बल देते हुए पति-पत्नी सामंजस्यपूर्ण जीवन जीते हुए प्रगति पथ पर बढ़ने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आशीष सिंह रघुवंशी, खंड विकास अधिकारी जावेद अख्तर, एडियो पंचायत अधिकारी राजेश सिंह, लेखा अधिकारी सियालाल यादव, ग्राम प्रधान प्रशासक सावित्री गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी आंनद यादव, कमलेश यादव, अतुल यादव,आशुतोष सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, प्रेमचंद कन्नोजिया, वरिष्ठ सहायक अर्चना वर्मा, एडिओ समाज कल्याण शशिकांत कुमार, बनवारी पांडेय, समाज कल्याण अधिकारी प्रिंस गुप्ता, सतिश गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

वर-वधुओं को आशीर्वाद देती राज्यसभा सांसद। छाया: आज

नहर में जलकुंभी, घास का कब्जा, खेतों तक नहीं पहुंच रहा पानी

चहनियां। क्षेत्र में नहर की बदहाली के चलते धान की सिंचाई का संकट गहराने लगा है। भुपौली नहर से निकली छोटी नहर में जलकुंभी और घास की भरमार होने के कारण पानी का प्रवाह बाधित हो गया है। इससे किसानों के खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सिंचाई के अभाव में धान की फसल प्रभावित होने लगी है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। भुपौली नहर से निकली यह छोटी नहर चहनियां क्षेत्र के लोलपुर गांव से होते हुए सराय गांव तक जाती है। क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण साधन होने के बावजूद नहर की नियमित सफाई नहीं होने से इसकी स्थिति खराब हो गई है। नहर में जगह-जगह जलकुंभी और घास उग आई है, जिससे पानी की आवाजाही बाधित हो रही है। परिणामस्वरूप किसानों को अपनी धान की फसल की सिंचाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिए समय पर पानी मिलना बेहद जरूरी है। ऐसे में नहर से पानी नहीं मिलने के कारण सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद होने की कगार पर पहुंच रही है। किसानों को आशंका है कि यदि जल्द ही सिंचाई की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ग्रामीण किसानों ने बताया कि नहर की सफाई और पानी की आपूर्ति बहाल कराने के लिए संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अधिकारियों की कथित उदासीनता से किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। किसानों ने जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग से मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है।

बाइकों की भिड़ंत, युवक का पैर टूटा

पड़ाव। सुजाबाद चौकी के समीप बीती रात दो मोटरसाइकिलों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में सुजाबाद निवासी दीपक विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में उसका दाहिना पैर टूट गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,भोजपुर गाँव निवासी अभिषेक विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष वाराणसी से पड़ाव की तरफ आ रहा था। वहीं, दीपक विश्वकर्मा भी किसी कार्य से सुजाबाद से पड़ाव की ओर आया था। इसी दौरान सुजाबाद चौकी के समीप दोनों मोटरसाइकिलों में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस की मदद से परिजन उन्हें तत्काल वाराणसी के कबीरचौरा अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल घायल दीपक का ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है।

नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता के दरबार में उमड़े श्रद्धालु

चकिया। शारदी नवरात्र के पांचवें दिन गुरुवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही नगर और आसपास के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता रानी के दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नगर के प्राचीन मां कालीजी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माथा टेका। वहीं झंडा माता मंदिर, दुर्गा जी मंदिर तथा जागेश्वरनाथ स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फूल-माला और प्रसाद अर्पित कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय यानी स्कंद कुमार की माता हैं। देवी अपने इस स्वरूप में सिंह पर विराजमान रहती हैं और उनकी गोद में भगवान स्कंद बालरूप में रहते हैं। मां स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं और वे कमल का पुष्प धारण करती हैं। उनका एक हाथ भक्तों को अभय और वरदान प्रदान करने की मुद्रा में रहता है। मान्यता है कि मां स्कंदमाता की आराधना से भक्तों को ज्ञानए सुख, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मां की पूजा कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं।

संक्षिप्त

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका, १७,२४ को लगेंगे शिविर

चंदौली। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों और पहली बार मतदान करने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिले के सभी मतदेय स्थलों पर 17 और 24 अक्तूबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। सुबह 10 से शाम चार बजे तक बीएलओ मौजूद रहेंगे। इस दौरान पात्र नागरिक फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। दोनों विशेष शिविरों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी, जहां फार्म 6 भरने और पंजीकरण की प्रक्रिया में लोगों की मदद की जाएगी। आवेदन के साथ नवीनतम फोटो और जन्मतिथि व पते से संबंधित जरूरी दस्तावेज देने होंगे।

मेगा-वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर

चंदौली। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 01 नवम्बर को जनपद चन्दौली में मेगा/वृहद विधिक सहयता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसके संबंध में 15अक्टूबर को विकास खण्ड चकिया चन्दौली में प्री-मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें जिला दिव्यांग जन सशक्ति विभागए श्रम विभाग, कृषि विभाग, वित्तिय साक्षरता जन जागरूकता विभाग व अन्य विभाग सम्मिलित रहे। उक्त कैम्प मेगा/वृहद विधिक सहयता एवं सेवा शिविर में विभिन्न विभागो द्वारा स्टाल लगाकर उपस्थित जनसमूह को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इस कैम्प का उद्देश्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रति आमजन मानस में जागरूकता उत्पन्न हो सके और वे उन योजनओं का लाभ ले सके।

विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए किया रवाना

चकिया। राष्ट्रीय सेवा विद्यालय, सिकंदरपुर के विद्यार्थियों को गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर बस से रवाना किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक जानकारी और नई चीजों को सीखने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित ग्राम प्रधान सीमा गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी की मंडल उपाध्यक्ष एवं इकरा मॉडल स्कूल की प्रबंधक अनीता शर्मा ने संयुक्त रूप से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनीता शर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे बच्चों को नई जगहों, ऐतिहासिक स्थलों और विभिन्न विषयों से जुड़ी जानकारियां प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होती हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और सीखने की क्षमता को भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मण सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्य प्रकाश गुप्ता तथा संस्था के सक्रिय सदस्य आलोक सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डाक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का मना जन्मदिवस

मुगलसराय। भारतीय समाचार पत्र विक्रेता संघ द्वारा अखबार सेंटर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन अखबार वितरक स्वर्गीय डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 95 वा जन्मदिवस अखबार वितरक दिवस के रूप में चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर मनाया गया । संघ के प्रदेश महामंत्री भागवत नारायण चौरसिया ने कहां की रामेश्वरम शहर में 1931 को जन्म लिया मंदिर के सामने अखबार बेचकर पढ़ाई की ऊंचे क्लास में पढ़ाई के लिए बहन ने सोने का कंगन बेचकर एडमिशन कराई अखबार वितरण से लेकर भारत के प्रथम नागरिक व महान वैज्ञानिक के रूप में पूरे विश्व में अपना पहचान बनाई भारत का नाम रोशन किया भारत सरकार से मांग किया गया। कि आज पूरे देश के अखबार वितरक दिवस के रूप में मना रहे हैं । वितरक दिवस घोषित कर छुट्टी दिया जाए अखबार वितरकों के कल्याण के लिए संघ ने जो 12 सूत्री मांग पत्र दिया है सरकार तत्काल पूरा करें जिला अध्यक्ष विजय जायसवाल ने कहा कि डॉक्टर कलाम साहब के पिताजी ने नाव चला कर परिवार का पालन पोषण किया मेहनत और लगन से अखबार बेचकर लक्ष्य ऊंचा कर ऊंचाई पर पहुंचने का काम किया।

अवैध अफीम के साथ दो शातिर गिरफ्तार

चंदौली। उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक गगनराज सिंह के कुशल नेतृत्व में 15 अक्टूबर को थाना अलीनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर रेवसा रिंग रोड सर्विस लेन के पास घेराबंदी की गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध मोटर साईकिल को रुकने का इशारा किया गया, तो चालकों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी करके उक्त वाहन को पकड़ लिया। वाहन पर बैठे व्यक्तियों की तलाशी ली गई, तो काले रंग के बैग में मौजूद काली पन्नी में रखा अफीम बरामद हुआ। बरामद अफीम का कुल वजन 540 ग्राम होना पाया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

रेलवे ने चलाया सघन टिकट जांच अभियान

मुगलसराय। मंडल के अंतर्गत सासाराम-बिक्रमगंज रेलखंड तथा सासाराम स्टेशन पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्टेशन एवं इस रेलखंड पर संचालित विभिन्न ट्रेनों में टिकटों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों के कुल 136 मामले पकड़े गए। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 73,115 जुर्माना राजस्व के रूप में अर्जित किया गया। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के यात्रा न करें। यात्रा से पहले टिकट स्टेशन के आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट काउंटर, अधिकृत टिकट वेंडर, एटीवीएम तथा ऑनलाइन माध्यम से आईआरसीटीसी वेबसाइट या रेलवन ऐप के जरिए प्राप्त करें।

चार महीने से अधूरा पड़ा डैना-मनियारपुर मार्ग,ग्रामीण परेशान

चंदौली। जिले की सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डैना-मनियारपुर मार्ग आजादी के सात दशक बाद भी बदहाली का दंश झेल रहा है। करीब 1.8 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य पिछले चार महीने से ठप पड़ा है। सड़क पर मिट्टी डालने के बाद ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर गायब हो गया है, जिससे क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, बरसात के दिनों में इस कच्ची सड़क से दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित हो जाता है। पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाले लोगों को भी तीन से चार किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। सकलडीहा से डैना पुलिया तक करीब चार किलोमीटर सड़क पहले ही बन चुकी है, लेकिन आगे का निर्माण अधूरा होने से ग्रामीणों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। लोगों के विरोध के बाद सड़क निर्माण के लिए करीब एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई थी और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। चार महीने पहले मिट्टी डालने का काम शुरू हुआ, लेकिन महज दस दिन बाद ही निर्माण कार्य बंद हो गया। इसके चलते मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण संदीप यादव, सुजीत राजभर, महेंद्र पासवान और बिनोद तिवारी ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के महज दस दिन बाद ही बंद हो गया। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग की है। वहीं,अधिशासी अभियंता राजेश कुमार ने आश्वासन दिया है कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा।

अमरवीर इंटर कालेज में पढ़ाई को लेकर शिकायत

धानापुर। अमरवीर इंटर कॉलेज, धानापुर में शिक्षण व्यवस्था को लेकर शिकायत सामने आई है। विद्यालय के कुछ छात्रों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर आरोप लगाया है कि विद्यालय में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन नहीं होता है। अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद भी कई विषयों में मात्र दो-चार अध्याय ही पढ़ाए गए हैं। छात्रों का कहना है कि कुछ शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते हैं और विद्यालय आने के बावजूद कुछ शिक्षक कक्षाओं में समुचित ढंग से पढ़ाई नहीं कराते हैं। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई और आगामी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित होने की आशंका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय के पूर्व छात्र नवनीत सिंह ने उत्तर प्रदेश जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने विद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित कराने और पाठ्यक्रम की प्रगति की जांच कराने की मांग की है। नवनीत सिंह का कहना है कि शिकायत का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष पर आरोप लगाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करना है। शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही का असर विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ सकता है। ऐसे में विद्यालय में पढ़ाई की वास्तविक स्थिति की जांच आवश्यक है। इस संबंध में विद्यालय के प्रबंधक विशाल सिंह ने कहा कि कक्षाओं का संचालन कराने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होती है। इस विषय पर वह प्रधानाचार्य से बात करके मामले की जानकारी लेंगे। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद विद्यालय में कक्षाओं के नियमित संचालन और पाठ्यक्रम को समय से पूरा कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

मिशन शक्ति ५.० के तहत महाविद्यालय में जागरुकता कार्यशाला

चकिया। सावित्रीबाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चकिया में गुरुवार को मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का विषय डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा:सावधानी और जिम्मेदारी रहा। इसमें विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विश्व प्रकाश शुक्ल ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, व्यक्तिगत सूचनाओं की गोपनीयता, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और डिजिटल माध्यमों पर सतर्कता बरतने के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डिजिटल दुनिया में जागरूकता और सावधानी बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों को किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने, अनजान लोगों के साथ व्यक्तिगत जानकारी साझा करने और ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान लापरवाही बरतने से बचना चाहिए। प्राचार्य प्रो. संगीता सिन्हा ने विद्यार्थियों को तकनीक का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहकर और सावधानी बरतकर ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल करते समय अपनी निजी जानकारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रोहित यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. रमाकांत गौड़, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. पवन कुमार सिंहए डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

आशा,आशा संगिनी कार्यकर्ताओं का बेमियादी कार्य बहिष्कार

सकलडीहा । अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का आंदोलन जारी है। मांगें पूरी नहीं होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आशा कार्यकर्ताओं की ओर से जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सकलडीहा के अधीक्षक को पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया गया है। पत्र में कहा गया है कि जब तक मुख्यमंत्री की ओर से उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक वे नियमित कार्यों का बहिष्कार करती रहेंगी। आशा कार्यकर्ताओं की जिला महामंत्री मनोरमा सिंह की ओर से दिए गए पत्र के अनुसारए कार्यकर्ताओं ने 30 सितंबर 2026 से एको गार्डन, लखनऊ में चल रहे धरने के क्रम में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के नोडल अधिकारी की ओर से 15 दिन का समय दिया गया था, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से मांगों के संबंध में कोई ठोस घोषणा नहीं की गई है। पत्र में कुछ अन्य नियमित कार्यों का बहिष्कार करने की बात भी कही गई है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कामिनी शर्मा , अध्यक्ष सविता देवी, उपाध्यक्ष गायत्री मौर्य, प्रेमा देवी, रेशमा देवी, सीमा सिंह, पुष्पलता, उमरावती, प्रतिमा, सविता संगिनी, मानकी देवी, सविता देवी, गीता देवी सहित अन्य आशा व आशा संगिनी मौजूद रही।

सड़क पर निकला आठ फीट लंबा मगरमच्छ

चकिया। क्षेत्र के फिरोजपुर गांव में सड़क पर अचानक करीब आठ फीट लंबा मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ पिछले करीब दो वर्षों से क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पहले भी प्रयास कर चुकी है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग सक्रिय हो गया है। चकिया के रेंजर ने वन विभाग टीम को मौके पर भेजा गया था। मगरमच्छ को पकड़ने के लिए जाल लगाकर अभियान चलाने चलाया गया लेकिन जाल में मगरमच्छ नहीं फस सका। वन विभाग द्वारा कोशिश जारी है।

सुरों की जंग में जैपुरिया पड़ाव कैंपस का परचम

दुलहीपुर। 15 अक्टूबर 2026 को सेठ एम आर जैपुरिया स्कूल्स बनारस की पड़ाव शाखा में संगीत की लय, सुरों के समन्वय और युवा प्रतिभाओं के जोश से सराबोर राष्ट्रीय स्तर की म्यूजिकल बैंड प्रतियोगिता बैटल्स ऑफ बैंड्स का वाराणसी रीजनल आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रसिद्ध संगीत निर्देशक एवं संगीतकार एहसान नूरानी से जुड़े म्यूजिकल प्लेटफॉर्म टॉरिन्स द्वारा आयोजित। इस प्रतियोगिता में वाराणसी, लखनऊ और कानपुर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी संगीत कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत आरंभ हुआ। इसके पश्चात निर्णायक मंडल ने प्रतियोगिता के नियमों, प्रस्तुति की रूपरेखा तथा मूल्यांकन के मानदंडों से प्रतिभागियों को परिचित कराया। प्रतियोगिता को जूनियर एवं सीनियर, दो श्रेणियों में आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों को अपनी पसंद के अनुसार हिंदी अथवा अंग्रेजी में गीत प्रस्तुत करने का अवसर मिला, जबकि सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने निर्धारित भाषा-श्रेणी के अनुसार अपनी संगीत प्रस्तुतियाँ दीं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में संगीत के प्रति रुचि विकसित करना, सामूहिक प्रस्तुति की भावना को प्रोत्साहित करना तथा उनकी रचनात्मकता और मंचीय आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करना था। उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष दीपक बजाज, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज कार्यकारी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक गौरांग बजाज व गवेंद्र बजाज, निर्देशिका पूजा बजाज, प्राचार्य विनोद कुमार दास, तीनों वर्गों के संयोजिकाओं सहित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध का हुआ भावपूर्ण मंचन

कमालपुर। स्थानीय कस्बा के रामलीला मैदान में बीती रात श्रीराम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध रामलीला का मंचन रामलीला समिति द्वारा आयोजित किया गया। कलाकारों ने श्रीराम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया। कलाकारों के सजीव अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय बना रहा। रामलीला के दौरान माता सीता की खोज करते हुए भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की मुलाकात सुग्रीव से होती है। सुग्रीव अपने भाई बाली के अत्याचारों और अपने साथ हुए अन्याय की व्यथा श्रीराम को सुनाते हैं। प्रभो श्रीराम और सुग्रीव के बीच मित्रता होती है। दोनों एक-दूसरे की सहायता करने का संकल्प लेते हैं। भगवान श्रीराम सुग्रीव को बाली के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने का वचन देते हैं। इसके बाद सुग्रीव और बाली के बीच युद्ध हुआ। बाली को ब्रह्मा जी से वरदान मिला था कि जो भी सामने से युद्ध करेगा उसका आधा बल उसे प्राप्त होगा। बाली और सुग्रीव दोनों कद काठी और चेहरा से एक समान थे। प्रभो श्रीराम सुग्रीव के गले में माला पहनाकर कर बाली से युद्ध करने के लिए भेजा। युद्ध के दौरान प्रभु श्रीराम अप्रत्यक्ष रूप से छिपकर बाली का वध किए। बाली जमीन पर पड़ा प्रभो के चरणों में हाथ जोड़कर पूछ हे परमात्मा अगर आप को मुझे मारना था तो सामने से क्यों नहीं मारे, एक बहेलिये की तरह आड़ में छिपकर मारा। रामलीला में जय श्रीराम के उद्घोष हो रहें थे। अनाचार, दुराचार तथा पाप पर पुण्य की विजय का संदेश देखने को मिली। इस दौरान रामलीला समिति अध्यक्ष हरवंश उपाध्याय, व्यास रविन्द्र दुबे, संजीवन मिश्रा, राकेश दुबे, भरत रस्तोगी, शिव रस्तोगी, संजीवन मिश्रा, बसंत मिश्र संजय मिश्रा, विकास गुप्ता, महेश अग्रहरि, गणेश अग्रहरि आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर लीक होने से मकान में लगी आग

चंदौली। क्षेत्र के सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव में बुधवार शाम गैस सिलेंडर से लगी आग से मचा हड़कंप। बुधवार शाम खाना बनाते समय विंध्य इंडेन गैस एजेंसी, माटीगांव के सिलेंडर से गैस लीक होने के बाद लगी आग। देखते ही देखते आग ने मकान में रखा गृहस्थी का पूरा सामान अपनी चपेट में ले लिया। पीड़ित शिवकुमार पाण्डेय के घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और चारपाई समेत खाने-पीने का सामान जलकर राख। मकान निर्माण के लिए ठेकेदार को देने हेतु रखे दो लाख रुपये नकद भी आग की भेंट चढ़े। घर में रखे जेवरात, कपड़े और जरूरत का अन्य सामान भी जलकर नष्ट होने की जानकारी। आग की घटना से पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान, परिवार के सामने गहराया संकट आग ने छीना परिवार का सहारा, अब खाने-पीने और रहने तक की समस्या पीड़ित परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने और रहने की विकट चुनौती। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक मुआवजा और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की लगाई गुहार।

कांग्रेस ने निकाला वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च

चंदौली। 15 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहाबगंज के अध्यक्ष नियाज़ अहमद , के अध्यक्षता में अंबेडकर प्रतिमा से नगर भ्रमण करते हुए वोट बचाओ देश बचाओ पैदल मार्च निकाल कर ब्लॉक मुख्यालय पर महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम का पत्रक द्वारा बिडीओ शहाबगंज को सौंपा। देश में वोट चोरी के खुलासों के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की माँग तथा उनके निर्णयों की समीक्षा कराने को लेकर व्यापक धरना प्रदर्शन व आंदोलन कर विरोध मार्च निकाला किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के भीतर अभूतपूर्व दरार को उजागर करने वाला खुलासा सामने आने के बाद पूरा देश आंदोलित है। जिला अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने कहा कि पिछले 10 महीनों के दौरान दो निर्वाचन आयुक्तों सुखवीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लिये गये एकतरफा निर्णयों पर 14 बार औपचारिक आपत्ती दर्ज की। इन आपत्तियों में बार-बार यह मुद्दा उठाया गया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा बिना हम दोनों की सहमति के प्रक्रिया में अनाधिकृत रूप से नये मतदाताओं को जोड़ना, नामों को हटाना, तथा निर्वाचन आयोग की आई टी प्रणाली को दिल्ली में केंद्रीकृत करने का निर्णय किया गया।

लद्दाख का विकास केंद्र सरकार की प्रमुख प्राथमिकता- प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लद्दाख का विकास केंद्र सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्र शासित प्रदेश में करीब 3,350 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें लेह हवाई अड्डे का नया यात्री टर्मिनल, 298 किलोमीटर लंबी निमू-पदुम-दरचा सड़क, जलविद्युत परियोजना, बिजली पारेषण लाइन और 40 गांवों में विकसित जल निकाय शामिल हैं। मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से आवागमन बेहतर होगा, बिजली व्यवस्था मजबूत होगी और जल उपलब्धता बढ़ेगी। निमू-पदुम-दरचा सड़क से यात्रा का समय 12 घंटे से घटकर करीब तीन घंटे रह जाएगा। इससे व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि लेह हवाई अड्डे का नया टर्मिनल 640 करोड़ रुपये की लागत से बना है। 23,800 वर्ग मीटर में फैला यह टर्मिनल सालाना 35 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। इसमें कठिन मौसमी परिस्थितियों से निपटने के लिए भू-तापीय हीटिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने

कहा कि सरकार लद्दाख में आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दे रही है। शीतकालीन और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा, खेल सुविधाओं और तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर विकसित किए जा रहे हैं।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022451

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57

फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या** : उप मु०इं०-नि०-गोंडा-06-2026 क्लोजिंग तिथि दिनांक 18.11.2026, **कार्य का नाम** - पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मनकापुर-झिलाही स्टेशनों के मध्य कि०मी० 630/9-10 पर एल०सी० नं०- 245/बी1 एवं जहांगीराबाद - बाराबंकी स्टेशनों के मध्य कि०मी० 742/3-4 पर एल०सी० नं०-318 के एवज में शुरू से अन्त तक री-इन्फोर्स्ड अर्थ वाल (आर०ई० वाल) एप्रोचेस, रेलवे पोर्सन पर पी०एस०सी० गर्डर वायडक्ट एवं आर०डी०एस०ओ० मानक के कैमल बैक ट्रस गर्डर के साथ 2 लेन आर०ओ०बी० का निर्माण कार्य। अनुमानित निविदा मुल्य : 115,32,07,731.83, बयाना राशि (रू०) : 2,30,64,200.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : -, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 (चौबीस) माह ● प्री-बिड कान्फ्रेन्स की तिथि एवं समय: दिनांक 28.10.2026 को 11.30 बजे तक ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि: दिनांक 04.11.2026 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि: दिनांक 18.11.2026 15.00 बजे तक ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 18.11.2026 15.30 बजे ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

सकापाइ/नि०/गोण्डा - मो० 9794844287

उप मुख्य इन्जी०/ नि०/गोण्डा।

गुजाधि/डब्ल्यू - 380

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं०

एस०जी०-डी०एस०ई०-टी० -ओ०टी०-06-26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई-निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान: प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी कैमरास एट नन- इंटरलॉक्ड मैन्ड एलसी गेट्स एट डिफरेन्ट लोकेशन्स ओवर डीडीयू डीविजन। **2. कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹ 6,93,26,311.68/- (छः करोड़ तिरानवे लाख छब्बीस हजार तीन सौ ग्यारह रूपये एवं अड़सठ पैसे मात्र)। **3. धरोहर राशि:** ₹ 13,86,500/- (तेरह लाख छियासी हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 03/11/2026 को 12.30 तक। **5. बेव साईट का पता जहाँ से ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in**

मं०सं० एवं दू०सं०अभि०/डीडीयू

पीआर/1121/डी०डी०यू०/एस एण्ड टी/टी/26-27/28

बनारस रेल इंजन कारखाना, वाराणसी-221004

No. EL/1311/Works-1207 — **ई-निविदा सूचना** — Date-13.10.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/अनुरक्षण, बरेका, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-टेंडरिंग** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:- **क्र.सं.: 1, निविदा सं.** बि0/1311/कार्य-1207, **कार्य का नाम:** BLW कॉलोनी में LT वितरण नेटवर्क को मजबूत करना। **अनुमानित लागत है : ₹ 75,57,459.62, कार्य अवधि: 06 माह, बयाना राशि ₹ : ₹ 1,51,200/-, निविदा खुलने की अंतिम तिथि व समय: 06.11.2026 समय 15.00 बजे।** कृपया उपरोक्त ई- निविदा का पूर्ण विवरण प्राप्त करने हेतु एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

पीआरओ/बरेका/ई-08 — उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/अनु.

/blwvaranasi — वेबसाइट: www.blw.indianrailways.gov.in

कार्यालय नगर पंचायत रतसर कला जनपद-बलिया

पत्रांक- 2634(i)/न.पं. / मत्स्य / 2026-27 — दिनांक 15.10.2026

नीलामी आमंत्रण सूचना/मत्स्य पालन हेतु पोखरों का पट्टा

नगर पंचायत रतसर कलाँ, बलिया क्षेत्रान्तर्गत स्थित अधोलिखित पोखरी/गड़ही / पोखरा को मत्स्य पालन हेतु 10 वर्ष के पट्टे पर दिए जाने हेतु पात्र व्यक्तियों / मत्स्य विभाग से मान्यता प्राप्त पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों से खुली नीलामी में प्रतिभाग हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नीलामी उपजिलाधिकारी, सदर, बलिया अथवा उनके द्वारा नामित मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित नीलामी समिति द्वारा कार्यालय नगर पंचायत रतसर कलाँ में कराई जाएगी।

क्र.सं.	पोखरे का नाम / स्थान	वार्ड	मौजा	गाटा सं.	रकबा (हे.)
1	बिजली विभाग (जमामा)	03	रतसरकला	917	0.4740
2	सम्पूर्णानंद पोखरा	03	रतसरकलां	915	0.4820
3	साई के तकिया	10	रतसरकलां	994	0.4170
4	धानो पोखरा	13	रतसरकला	1084ग	0.7490
5	सबुनाहिया (अशोक सिंह के मील से दक्षिण)	09	रतसरकला	1559	0.2390
6	बेलही पर	03	जिगनहरा	72	0.7200
7	दिलीप तिवारी के घर के सामने	03	जिगनहरा	130	0.5830
8	नहर के पास	03	सरभारी खुर्द	137	0.3930
9	डिघा पोखरा	04	रतसरकलां	1376ग	2.4810

आवेदन फॉर्म की बिक्री (रू20 प्रति फॉर्म)	फॉर्म, प्रमाण-पत्र एवं जमानत रसीद जमा करने की अन्तिम तिथि	पात्रता सूची का प्रकाशन	नीलामी की तिथि एवं समय
दिनांक 16.10.2026 से 28.10.2026 तक (कार्य दिवसों में)	दिनांक 29.10.2026 को अपरान्ह 05:00 बजे तक	दिनांक 30.10.2026 (सूचना पट्ट पर)	दिनांक 02.11.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे (न हो पाने पर 03.11.2026 को उसी समय)

नोट- प्रत्येक पोखरे हेतु पृथक फॉर्म एवं पृथक जमानत राशि निर्धारित है; जमानत राशि जमा किए बिना बोली की अनुमति नहीं होगी। बोली केवल पात्रता सूची में सम्मिलित व्यक्ति/संस्था लगा सकेंगे, जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के निवासी मछुआ समुदाय के व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी वरीयता हेतु निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र आवश्यक है। डिघा पोखरा (गाटा 1376ग) हेतु पहले मान्यता प्राप्त मछुआ सहकारी समितियाँ आमंत्रित हैं। दिनांक 02.11.2026 को नीलामी न हो पाने पर दिनांक 03.11.2026 की नीलामी की पृथक सूचना नहीं दी जाएगी। नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय में कार्य दिवसों में देखी जा सकती हैं। नगर पंचायत को किसी भी या सभी बोलियाँ बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रतसर कलाँ
बलिया

अध्यक्ष
पंचायत रतसर कलाँ
बलिया

आतंकवादपर अब भारत करेगा कड़ा प्रहार-राजनाथ

नयी दिल्ली (आससे)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट हवाई हमला और सर्जिकल स्ट्राइक आतंकवाद के खिलाफ भारत की बदली हुई नीति के प्रतीक हैं। भारत अब केवल कूटनीतिक विरोध तक सीमित नहीं है, बल्कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस और सक्रिय कार्रवाई करने में सक्षम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान की ओर से होने वाले किसी भी आतंकी कृत्य का और भी कड़ा जवाब दिया जाएगा। गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित रक्षा सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत शांति का समर्थक है, लेकिन उसकी प्रतिबद्धता को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। देश अपनी संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए शक्ति और सैन्य क्षमता जरूरी है। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद आतंकवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों

की कार्रवाई अधिक प्रभावी हुई है। अधिकांश आतंकवादियों का जीवनकाल घटकर एक वर्ष से भी कम रह गया है। उन्होंने बदलते सुरक्षा परिदृश्य में हाइब्रिड युद्ध, दुष्प्रचार और तकनीक आधारित खतरों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत बताई। उन्होंने अकेले हमलावरों और 'व्हाइट-कॉलर आतंकवाद' के उभरते खतरे पर चिंता जताते हुए कहा कि अब आतंकवाद केवल संगठित समूहों तक सीमित नहीं है। कट्टरपंथ की ओर बढ़ रहे व्यक्तियों की पहचान करना और संभावित हमलों को समय रहते रोकना सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

ऐसे खतरों से निपटने के लिए नागरिकों की सतर्कता और जिम्मेदार भागीदारी भी जरूरी है। राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आकाश मिसाइल प्रणाली और ब्रह्मोस जैसी स्वदेशी रक्षा प्रणालियों की क्षमता और विश्वसनीयता प्रदर्शित की। उन्होंने उन्नत हथियारों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और किफायती रक्षा तकनीकों के समन्वय से 'स्मार्ट शक्ति' विकसित करने का आह्वान किया।

फार्मेट सी-1

(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)

आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **लाल बिहारी यादव और ग्राम विशुनपुर, पोस्ट कम्हरिया, थाना-तरवाँ, तहसील - मेंहनगर, जिला-आजमगढ़**

राजनैतिक दल का नाम: **समाजवादी पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम: **उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातकों और शिक्षकों के निर्वाचन क्षेत्रों का द्विवार्षिक निर्वाचन**

*निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र**

मैं **लाल बिहारी यादव** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता / करती हूँ:

क्र. सं.	लंबित आपराधिक मामले			आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण	
	न्यायालय का नाम	मामले की सं. एवं मामले की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की की धारा (ए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों)की तारीख	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण
1	2	3	4	5	6
1	कोई समन प्राप्त नहीं हैं	थाना-कैंट वाराणसी मु.अ. संख्या 275/25	धारा-196(1)ख, 197(1) ख BNS विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता का संप्रवर्तन	लागू नहीं	लागू नहीं
2	कोई समन प्राप्त नहीं हैं	थाना-कॉठ मुरादाबाद मु.अ. संख्या 213/22	धारा-153 A, 153 B,IPC राष्ट्रीय अखण्डता पर प्रभाव डालने वाले लांछन	लागू नहीं	लागू नहीं
3	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 54/16	धारा-143, 188 341 IPC लोक सेवक द्वारा सम्यक रूप से प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा	लागू नहीं	लागू नहीं
4	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना-तरवाँ आजमगढ़ मु.अ. संख्या 101/15	धारा-186, 187, 189, 332 IPC , लोक सेवक को अपने कर्तव्य से भयोपरत करने के लिए स्वेच्छया उपहति कारित करना	लागू नहीं	लागू नहीं
5	कोई समन प्राप्त नहीं है।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 548/13	धारा 147, 336341, 188 332 IPC ऐसे कार्य जिसमें दूसरे का जीवन या वैयक्तिक क्षेय संकटापन्न हों	लागू नहीं	लागू नहीं
6	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 120/09	धारा-148, 323,504,506,341, 153, 336, 427, 352, 332, 186, 188 IPC, 7LPA Act, 3PPAct ऐसे कार्य जिसमें दुसरे का जीवन या वैयक्तिक क्षेय संकटापन्न हों	लागू नहीं	लागू नहीं
7	C.J.M कोर्ट, लखनऊ	थाना हजरतगंज लखनऊ मु.अ. संख्या 1238/08	धारा-143, 188, 341, 353, 323, 504 IPC, 7LPA Act सरकारी कार्य में व्यवधान, गाली-गलौज जान से मारने की धमकी देने के संदर्भ में	लागू नहीं	लागू नहीं
8	कोई समन प्राप्त नहीं हैं।	थाना-तरवाँ, आजमगढ़ मु.अ. संख्या 441/06	धारा-323, 504, 506, 325, 427 IPC रास्ता बनने में विवाद होने के कारण गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के संदर्भ	लागू नहीं	लागू नहीं

*राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें। **विधान परिषद के निर्वाचन**

शेष

न्यायपालिका...

उन्होंने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में सरकार की ओर से माफी मांगने की खबरें चल रही हैं, इसलिए स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है। वहीं, जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने के दिल्ली पुलिस के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि पहले सरकार का पक्ष देखा जाएगा, संतुष्ट नहीं होने पर कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

धर्म परिवर्तन...

पिछड़ा वर्ग मुस्लिम श्रेणी में आरक्षण का लाभ देने की अनुमति दी गई थी। राज्य सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उसका तर्क था कि धर्म परिवर्तन के कारण सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े लोगों को आरक्षण से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

पीड़ितों...

हटाने में लगी है। राहुल गांधी ने कहा कि न्याय की लड़ाई न दबेगी और न रुकेगी। कांग्रेस अंकिता भंडारी के परिवार के साथ खड़ी रहेगी, जब तक उसे न्याय नहीं मिल जाता। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी इस मामले को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने माता-पिता को हिरासत में लिए जाने और दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाए जाने के मुद्दे पर सवाल उठाते हुए इसे सरकार की संवेदनहीनता बताया।

यूपी : आजका...

कहा कि आज का युवा केवल जॉब सीकर नहीं रहा, बल्कि विभिन्न स्टार्टअप्स के माध्यम से वह जॉब गिवर भी बन रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन लोगों ने प्रयागराज और प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, डबल इंजन सरकार ने उन्हें पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। आज प्रयागराज की धरती पर माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब यूपीएससी के परिणाम आते हैं, तो प्रयागराज की बेटियां टॉप करके इस पावन नगरी के गौरव को और अधिक बढ़ाती हैं।

कसारी-मसारी...

दिया जायेगा और वह अपनी बाप-दादा की संपत्ति भी गंवायेगा। उन्होंने कहा कि एक साल में यहां करीब 1200 परिवार यानी 6500 लोगों का निवास इस 10 बीघे के कैंपस में होगा। उनके लिए यहां अलग से टाउनशिप बनेगी। मार्केट भी बनेगा। स्पोर्ट्स पार्क और जिम की सुविधा भी मिलेगी। उनकी जो भी जरूरत होगी वह प्रयागराज विकास प्राधिकरण यहां पर मुहैया करायेगा।

10 को...

संवेदनशील क्षेत्र है। यहां सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना जरूरी है। पुलिस के अनुसार, 6 से 8 अक्टूबर तक प्रदर्शनों के कारण कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। इससे छात्रों और आम नागरिकों को परेशानी हुई तथा कई लोगों की ट्रेनें और उड़ानें छूट गईं। पुलिस आयुक्त ने 10 अक्टूबर की घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों की भीड़ आक्रामक थी। कुछ लोग कथित तौर पर 'फ्रीलांस पत्रकारिता' की आड़ में पुलिसकर्मियों को परेशान कर रहे थे और महिला पुलिसकर्मियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस ने इन घटनाओं में एक दर्जन से अधिक कर्मियों के घायल होने का दावा किया है।

प्रदेशमें...

1 से 30 नवम्बर तक पेंशनभोगियों के लिए विशेष शिविर आयोजित होने हैं। जल संचय जन भागीदारी कैच द रेन-2026 अभियान की समीक्षा में उन्होंने कहा कि सभी डीएम व सीडीओ अभियान की नियमित समीक्षा करें तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों को प्रोत्साहन राशि भी दी जायेगी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की समीक्षा में उन्होंने निर्देश दिया कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठकों में मिशन की प्रगति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने पात्र नागरिकों की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता आईडी बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ऋतु माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

पृष्ठ तीन का शेष

सुप्री मकोर्ट...

लिए सेवानिवृत्त महिला न्यायाधीश और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की सदस्यता वाली अलग समिति गठित करने की मांग की। गौरतलब है कि 3 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की कवरेज के दौरान एसीपी पर महिला पत्रकार के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। इसके बाद अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन हुआ था।

सीजेपीके विरोध..

साथ इकट्ठा होने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीजेपी सदस्य सौरभ दास और आशुतोष रांका को तिरंगा फहराने के लिए जेल में डाला गया है। दास और रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

गुजरात :...

यह घटना कोविका डाइज एंड इंटरमीडिएट्स नाम की कंपनी में हुई। कंपनी में रंग बनाने का काम होता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, बॉयलर का नोजल फटने से विस्फोट हुआ, जिसके बाद फैक्ट्री में आग लग गयी।

वाराणसी : अवैध...

वैसे हाल ही में अमेरिकाने रूससे दो लाख लीटर डीजलकी खरीद की है। अमेरिकाका पूरा सौदा पांच लाख लीटर डीजलका है, जिसमेंसे बाकी खरीद बादमें की जायगी। इस घटनाने भी यूरोपमें ट्रम्पकी मानसिक स्थितिपर चिन्ता बढ़ गयी है। आखिर रूसने अमेरिकाको जब डीजल बेचनेका सौदा किया होगा तो यह सौदेबाजी भी इतनी आसान नहीं रही होगी। स्वाभाविक है कि ट्रम्पको इसके लिए झुकना पड़ा होगा और कुछ कूटनीतिक सौदेबाजी भी करनी पड़ी होगी। स्वाभाविक है कि इसमें ट्रम्पको झुकना पड़ा है और रूसको भारी फायदा हुआ है। इस समझौतेने रूसके राष्ट्रपति पुतिनकी हैसियत स्वाभाविक रूपसे बढ़ा दी है।यूरोपीय देशोंकी खासकर यूरोपीय संघकी प्रतिक्रिया भी कितनी तीखी हुई है इसका अन्दाजा इसी बातसे लगाया जा सकता है कि उसने रूसके साथ सभी व्यापारिक समझौतोंको और सम्बन्धोंको लगभग पूरी तरह समाप्त कर दिया। ऐसा लगता है कि यूरोपीय संघ अब यह समझने लगा है कि अब अमेरिकाके भरोसेपर भरोसा नहीं किया जा सकता है और समय आ गया है कि उसे अपने भरोसेपर खड़े होना चाहिए। वैसे यूरोपीय संघ और अमेरिकाके बीच सम्बन्धोंमें तनाव एक लम्बे अरसेसे बढ़ता जा रहा है। विगत कुछ महीनोंमें ट्रम्पने यह कोशिश जरूरत की कि इस बिगड़ते सम्बन्धको रोका जाय। कुछ कूटनीतिक पहल भी दोनों तरफसे हुई। यदि यह सम्बन्ध भरोसेका बना रहता तो अमेरिका और यूरोप दोनोंके हितमें होता, क्योंकि यूरोप और अमेरिका नाटोके माध्यमसे आपसी सुरक्षाके क्षेत्रमें एक-दूसरेसे बंधे हुए हैं। यदि आने वाले दिनोंमें इसका प्रभाव नाटोपर पड़ता है तो स्थिति आगे आने वाले दिनोंमें और भी खराब हो सकती है। इसके लिए जिम्मेदार यदि किसी एक व्यक्तिको माना जायगा तो उसका नाम डोनाल्ड ट्रम्प ही है। इस स्थितिको अमेरिकी संसद और डोनाल्ड प्रशासनमें बैठे हुए सभी अधिकारी समझते हैं। डोनाल्ड ट्रम्पका राष्ट्रपतिके रूपमें कार्यकाल मात्र सवा सालका बचा है। आगामी वर्ष नवम्बर महीनेमें अमेरिकामें नये राष्ट्रपतिका चुनाव होना है। ट्रम्प दो बार राष्ट्रपति रह चुके हैं और वे तीसरी बार राष्ट्रपतिका चुनाव नहीं लड़ सकते। शायद इसीका इन्तजार अमेरिकाके सभी जाने-माने राजनीतिज्ञोंको है, चाहे वे रिपब्लिकल पार्टीको हों या डेमोक्रेटिक पार्टीके। शायद अमेरिकी जनता भी इसी स्थितिका इन्तजार कर रही है और ट्रम्प इस सवा सालमें भी जो बवाल अमेरिकाके सामने उत्पन्न करेंगे उसे झेलनेके लिए भी वे तैयार बैठे हैं।

वास्तवमें ट्रम्पने अमेरिकाकी राजनीतिक विश्वसनीयताको इस हदतक गिरा दिया है कि उसे फिरसे सारी दुनियामें अपनी विश्वसनीयताको स्थापित करनेमें लम्बा समय लग जायगा। इस स्थितिसे ट्रम्पकी अपनी रिपब्लिकन पार्टीमें बड़े ही घबराहटकी स्थिति है। अगले ही साल अमेरिकाकी सीनेटके एक-तिहाई सदस्योंका चुनाव होना है। वर्तमान स्थितिमें तो ट्रम्पकी पार्टीको बहुमत प्राप्त है लेकिन आगामी वर्ष होने वाले चुनावमें वर्तमान स्थितिका खामियाजा रिपब्लिकन पार्टीको भुगतना पड़ेगा इसका अहसास उस पार्टीको भुगतना पड़ेगा। इसलिए इस पार्टीके लोग ट्रम्पकी वर्तमान गतिविधियोंपर कोई भी बयान देनेसे बच रहे हैं। साथ ही राष्ट्रपतिके आगामी चुनावमें किसी भी पार्टीका राष्ट्रपति हो उसे अन्तरराष्ट्रीय स्थितिको सम्भालने और अमेरिकाकी विश्वसनीयताको कायम करनेमें बड़ी ही मेहनत और चतुराईसे काम लेना पड़ेगा।

पिछले दिनों अमेरिकाके भरोसेके मित्र सऊदी अरबपर हऊती विद्रोहियों द्वारा भीषण हमला करने और मिसाइलोंकी मारने अमेरिकाकी स्थितिको और भी बिगाड़ दिया। हऊती विद्रोहियोंको ईरानका खुला समर्थन प्राप्त है और विगत युद्धमें भी उन्होंने ईरानकी मदद सऊदी अरबपर मिसाइलोंसे हमला करके स्पष्ट कर दी थी। सऊदी अरबमें अमेरिकाके सैनिक ठिकाने भी हैं और उनके आधुनिक हथियार भी लगे हुए हैं, जिनमें मिसाइलें और लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। लेकिन अमेरिकी सेना इस हमलेको भी नाकाम नहीं कर पायी। यह हमला इतना भीषण रहा है कि रियादके हवाई अड्डेको बन्द कर दिया गया है और वह अब भी बन्द है और यह कब खुलेगा यह कहना भी मुश्किल है। आश्चर्यकी बात यह है कि अमेरिकी सेना हाऊती विद्रोहियोंके सैनिक अड्डोंपर भी जवाबी हमले नहीं कर पा रही है। देखा यह भी गया था कि जब भी अमेरिकाने मिसाइलोंको विमानोंसे ईरानपर हमला किया है ईरानने उसके जवाबमें सऊदी अरबपर हमला किया है और इन हमलोंसे भी अमेरिका सऊदी अरबको बचा नहीं पाया। अमेरिकाकी इस स्थितिसे घबड़ा कर सऊदी अरबने अपनी सुरक्षाके लिए तुर्किए और पाकिस्तानसे मिलकर मक्का सुरक्षा तय किया। हालके हाऊती हमलोंमें यह गठबन्धन भी निष्क्रिय रहा है और वह सऊदी अरबको सुरक्षा देनेमें विफल रहा है। इससे सऊदी अरबकी चिन्ता और भी बढ़ गयी है।

उधर यूरोपमें भी यूक्रेनकी चिन्ताका बढ़ना स्वाभाविक है। यूक्रेनको रूसके विरुद्ध लड़ाईमें अमेरिका सबसे बड़ा मददगार रहा है। उसने यूक्रेनको हथियार भी दिया है और आर्थिक मदद भी की। लेकिन हालके ट्रम्प और पुतिनके बीच डीजल बेचनेके समझौतेने यूक्रेनकी मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। यूक्रेनके लिए अब इसके बदले यूरोपीय संघने मदद बढ़ा दी है। वैसे यूक्रेनके राष्ट्रपति जेलेंस्कीने अपनी चिन्ता अभीतक सार्वजनिक रूपसे व्यक्त नहीं की है। रूस-यूक्रेन युद्धके तीन साल हो गये लेकिन युद्धकी समाप्तिका कोई भी रास्ता निकल नहीं पाया है। यदि यूक्रेन और रूस युद्धका विस्तार हुआ तो इसका असर यूरोपीय संघपर स्वाभाविक है। हालके दिनोंमें रूसने यूक्रेनपर कुछ भीषण हमले किये हैं। उसने यूक्रेनके विद्युत उत्पादन करने वाले कारखानोंको बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया। उनका इरादा अब शायद यूक्रेनको पूरी तरहसे पंगु बना देनेका है। लेकिन यूक्रेन एक ऐसा राष्ट्र है जो अभीतक लड़ रहा है और झुककर समझौता करनेको तैयार नहीं है। लगता है यूक्रेनको भी अमेरिकासे खुलकर मदद मिलनेमें अमेरिकी राष्ट्रपतिके अगले चुनावका इन्तजार है।

आत्मबोध

संस्कार

❑ अनुज आचार्य

संस्कार, संस्कृति और सभ्यता जीवनके तीन महत्वपूर्ण आधार हैं। संस्कार व्यक्तिको भीतरसे गढ़ते हैं, संस्कृति चेतनाको समाजतक पहुंचाती है और सभ्यता सामूहिक जीवनका बाहरी स्वरूप निर्मित करती है। संस्कारका मूल भाव है. मन, वचन और कर्मका परिष्कार। जब बालक अपने माता-पिता और गुरुजनोंका सम्मान करना सीखता है, सत्य बोलनेका प्रयास करता है, जरूरतमंदकी सहायता करता है, प्रकृतिके प्रति संवेदना रखता है और अपने कर्तव्यको ईमानदारीसे निभाता है, तब उसके भीतर संस्कारोंका निर्माण होता है। संस्कारकी सबसे बड़ी परीक्षा उस समय होती है जब व्यक्तिको देखने वाला कोई नहीं होता, फिर भी वह गलत रास्तेपर जानेसे स्वयंको रोक लेता है। यही भीतरकी जागरूकता संस्कारको केवल शिक्षासे अलग करके जीवन-मूल्य बनाती है। संस्कार जब व्यक्तिकी सीमाओंसे निकलकर परिवार, समाज और पीढ़ियोंके जीवनमें प्रवाहित होते हैं, तब संस्कृतिका निर्माण होता है। हमारी भाषा, साहित्य, लोकगीत, संगीत, कला, पर्व-उत्सव, पारिवारिक परम्पराएं, प्रकृतिके प्रति दृष्टिकोण, अतिथि-सत्कार, सह-अस्तित्व और आध्यात्मिक चिंतन-ये सभी संस्कृतिके व्यापक स्वरूपको व्यक्त करते हैं। इसलिए संस्कृति किसी समाजकी केवल पहचान नहीं, उसकी सामूहिक चेतना भी है। भारतीय संस्कृतिकी विशेषता रही है कि उसने जीवनको भौतिक उपलब्धियोंके साथ नैतिक और आध्यात्मिक मूल्योंसे जोड़कर देखा। वसुधैव कुटुम्बकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः और प्रकृतिके प्रति सम्मान जैसे विचार मनुष्यको केवल अपने हिततक सीमित नहीं रखते, बल्कि उसे व्यापक जीवन-जगतसे जोड़ते हैं। यही कारण है कि भारतीय संस्कृतिमें धर्मका अर्थ केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि कर्तव्य, सदाचार और लोकमंगलकी भावनासे भी जुड़ा रहा है। सभ्यताका संबंध मुख्यतः मनुष्यकी बाहरी और संस्थागत प्रगतिसे है। विज्ञान, तकनीक, परिवहन, संचार, भवन, सड़कें, प्रशासन और आधुनिक संस्थाएं सभ्यताकी उपलब्धियोंको दर्शाती हैं। सभ्यता जीवनको सुविधाजनक बनाती है, लेकिन संस्कृति यह निर्धारित करती है कि उन सुविधाओंका उपयोग किस मानवीय उद्देश्यके लिए किया जाय। अत्याधुनिक साधन मनुष्यके हाथोंमें हों, लेकिन संवेदना और विवेकका अभाव हो तो विकास अधूरा रह जाता है। इसके विपरीत संस्कार और संस्कृतिसे जुड़ी आधुनिकता मानव कल्याणका प्रभावी माध्यम बन सकती है। संस्कार बीज हैं, संस्कृति उसका विकसित वृक्ष और सभ्यता उस वृक्षकी बाहरी छाया। बीज स्वस्थ होगा तो वृक्ष मजबूत होगा और वृक्ष मजबूत होगा तो उसके फल आने वाली पीढ़ियोंको मिलेंगे। इसलिए संस्कृतिकी रक्षा केवल बड़े आयोजनों और नारोंसे नहीं, बल्कि घर-परिवारके छोटे-छोटे आचरणोंसे होगी।

आर्थिक विषमताके बीच संघर्षरत जीवन

❑ डा. प्रीतम भी. गेडाम

गरीबी बहुत बुरी बीमारी है, यह अपने साथ सैकड़ों समस्याओंको लेकर आती है और जीवनमान और विकासको चरमरा देती हैं। लगातार बढ़ती आर्थिक विषमता गरीबीमुक्त देश बनानेमें रोड़े खड़े करती है, ऊपरसे महंगी, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी गरीबी कम होने नहीं देती। हर क्षेत्रमें राजनीतिक हस्तक्षेप और भाई-भतीजावाद दबाव बने रहता हैं। मिलावटखोरी, प्रदूषण, कांक्रीटके बढ़ते जंगल और कटते वन ग्लोबल वार्मिंग बढ़ाते है, इससे प्राकृतिक आपदाएं आती है, बीमारियां बढ़ती है, सेहतपर बुरा असर पड़ता है, जिसकी सबसे बड़ी मार गरीब तबकेको झेलनी पड़ती हैं। गरीब तबकेको विविध सरकारी योजनाओंके बावजूद योग्य जीवनमान स्तरतक पहुंचनेमें बेहद मुश्किलें आती हैं। विश्व असमानता रिपोर्ट २०२६ अनुसार, देशमें शीर्ष दस फीसदी आबादीके पास राष्ट्रीय आयका ५८ प्रतिशत और ६५ प्रतिशत राष्ट्रीय संपत्ति है, जबकि निचले तबकेके ५० फीसदी जनसंख्याके पास केवल १५ प्रतिशत राष्ट्रीय आयका हिस्सा हैं। शीर्ष एक फीसदीके पास कुल राष्ट्रीय संपत्तिका लगभग ४० प्रतिशत हिस्सा हैं। विश्व आर्थिक मंच अनुसार, वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक २०२६ में भारत १४५ देशोंमेंसे १३१वें स्थानपर हैं। हर साल १७ अक्तूबरको 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' गरीबी मिटानेके लिए जन-जागृति हेतु पूरे विश्वमें मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस साल २०२६ को 'सभीके लिए सुरक्षित घर' यह थीम हैं।

गरीबीमें दो वक्तकी रोजी-रोटीके इंतजाममें लोगोंका अधिकतम समय निकल जाता है, घर परिवार, बच्चोंके लिए पर्याप्त समय भी नहीं निकाल पाते। उनमें सेहत, शिक्षा, भविष्य और लोक-कल्याणकारी योजनाओंके प्रति जागरूकताकी कमी होती हैं। अधिकतर राजनीतिक दल भी चुनावके वक्त गरीबोंको याद करते हैं और उनसे किये गये बड़े-बड़े वादे समयनुसार भूल जाते हैं। गरीबीमें जन्मा बच्चा अपने आपको गरीबीकी दलदलसे निकालनेके लिए असंख्य संघर्षोंको सहता है, ताकि अपने साथ आनेवाली पीढ़ीको भी बेहतर जीवनस्तर मिल सकें, परन्तु चंद लोगोंके हिस्से ही यह कामयाबी आती हैं।

गरीबीके कारण पेटभर अनाज नहीं मिलता उसमें भी पोषक आहार नहीं, साफ पीनेका पानी नहीं, रहनेकी सही एवं पर्याप्त जगह नहीं होती, मौसमके बदलावके हिसाबसे भी जीवन जीना बेहद कष्टदायक होता हैं। अधिक समयतक पेटभर खाना और पोषक आहार, शुद्ध जल, शुद्ध आक्सीजन शरीरको न मिलनेके कारण कुपोषण और गम्भीर स्वास्थ्य समस्याओंकी सम्भावना बनी रहती हैं। बीमार होनेपर बेहतर इलाज, दवाइयों और हेल्थ इंश्योरेंसतक पहुंच न होनेसे रोगका समयपर इलाज नहीं हो पाता, रोग गम्भीर होता जाता है और जीवन प्रत्याशा कम होती जाती हैं। घरकी माली हालतके कारण बहुत बार बच्चोंको जल्द स्कूल छोड़ना पड़ता है और परिवारको आर्थिक मददके लिए काम करना पड़ता हैं।

हमारे देशमें बेरोजगारीकी स्थितिसे हम अच्छेसे वाकिफ है, थोड़ेसे चतुर्थ श्रेणी पदके लिए भी लाखों उच्च शिक्षित उम्मीदवारोंके आवेदन मिलते हैं, जिसमें अभियंता, प्रबंधन, पीएचडी पदवी धारकतक बड़ी संख्यामें होते हैं। आवेदनके लिए इन लाखों बेरोजगार युवा उम्मीदवारोंसे परीक्षा शुल्कके तौरपर करोड़ों रुपया सरकारके पास जमा होता हैं। उम्र निकल जाती है, लेकिन योग्यतानुसार रोजगार नहीं मिलता, योग्यतानुरूप रोजगार या नौकरी मिलना तो बहुत मुश्किल हैं। मनुष्यकी शिक्षा और रोजगार ही उसे गरीबीसे उबरनेका मौका देती है, यदि कोई कड़ी मेहनत करके उच्च शिक्षा हासिल करता है और नौकरी या रोजगारके योग्यता रखते हुए भी वह रोजगार प्राप्तिसे वंचित होता है तो उसके और उसके परिवारके सपने चकनाचूर हो जाते हैं। नौकरीके लिए भ्रष्टाचार, पेपर लीक और राजनीतिक दबावकी खबरें भी अक्सर सुर्खियोंमें होती है, फिर ऐसे परिस्थितिमें गरीबीकी जंजीरोंको कैसे तोड़कर व्यक्ति बाहर निकलेगा।बढ़ती बेरोजगारीके कारण उच्च शिक्षित युवा भी जो काम मिले, वह करनेको तैयार हो जाते हैं, कम शिक्षा वाले युवाके साथ कम आय वाला शारीरिक श्रम भी करते हैं। कौशलकी कमी और संसाधनोंके कारण भी बेरोजगारी बढ़ती हैं। गरीबीमें असुरक्षित आवास, भीड़-भाड़ वाली तंग गली, गंदी नालियां, झोपड़पट्टी, कचरा, अस्वच्छता और मच्छर-मक्खियोंका प्रकोप, अनधिकृत बस्तियोंमें रहने या बेघर होनेसे पर्यावरणसे जुड़े खतरोंको भी सहना पड़ता हैं। ऐसे निकृष्ट दूषित वातावरणमें बीमारी, नशाखोरी और अपराध गतिविधियोंका बोलबाला होता हैं।

ऐसे परिस्थितिमें रहनेके कारण मनुष्यकी सोच-समझपर गहरा आघात होता है, हमेशा पैसोंकी तंगीके बारेमें विचार करना, अपनी इच्छा, आकांक्षाओंको मारकर अधिकतर कर्जके बोझ तले घुट कर जीते हैं, सामाजिक बदनामी, पारिवारिक कलह, तनाव, बैचेनी शरीरके साथ मानसिक स्वास्थ्य भी खराब करती हैं। गरीबोंको अधिकतर सामाजिक, जातिवादी भेदभावका शिकार होना पड़ता हैं। उनके हिस्से राजनीतिक प्रतिनिधित्वकी भूमिका नहीं के बराबर होती हैं। जागरूकताकी कमी और सामाजिक सुरक्षितताकी कमीके कारण वे अपराध या शोषणका शिकार होनेके खतरेमें जीनेको मजबूर होते हैं। जिस देशमें उन्नत स्वास्थ्य सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली और योग्यतानुरूप काम मिलता है, जिसके लिए कोई अलगसे शुल्क वसूला नहीं जाता, बिना किसी भेदभावके सबको समान मौके मिलते हैं, वह देश तरक्कीकी राहपर होता हैं। यदि यह स्थिति हमारे भारत देशमें हो तो गरीबीको जड़से खत्म किया जा सकता है, क्योंकि गरीबीसे निबटनेके लिए सबसे ज्यादा खर्चा स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगारपर ही होता हैं। यदि यह तीनों सेवाएं उन्नत स्तरपर प्रत्येकको मुफ्तमें मिलने लगे तो हर व्यक्ति सक्षम, काबिल, जिम्मेदार और जीवनमानको बेहतर बनानेमें कुशल होगा। फिर जनताको मुफ्त अनाज, बिजली, पानी देनेकी जरूरत नहीं होगी, क्योंकि गरीबीके दलदलसे उबरकर व्यक्ति इस काबिल होगा कि सब खर्चे वह खुद वहन कर सकेगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगारकी उपलब्धतामें अनेक पीढ़ियोंकी जिन्दगियां खत्म हो जाती हैं, फिर भी उनतक यह सहज पहुंच नहीं बना पाती। देशमें गरीबोंको सामाजिक समरसतामें प्रस्थापित करने हेतु उन्हें काबिल बनाना बहुत जरूरी है, ताकि वे खुद अपना विकास कर सकें। सरकारने भ्रष्टाचारपर नकेल कसकर स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा और रोजगारपर सर्वाधिक बजट रखना चाहिए। हर हाथको कुशलता और योग्यतानुरूप काम मिलना चाहिए। बीमारीके इलाजमें पैसोंकी कमीके कारण किसी भी गरीबकी जान नहीं जानी चाहिए। सबको पोषक आहार, स्वच्छ जल और शुद्ध आक्सीजन मिलना चाहिए। देशमें सक्षम नागरिक बनानेपर जोर देना चाहिए।

वंदन योजना सुस्त,डीएम नाखुश

मऊ। जिलाधिकारी श्री आनंद वद्धन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों के कार्यों एवं उनमें संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला. आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मऊ श्री मणि भूषण तिवारी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं परियोजना निदेशक

दोहरीघाट,वलीदपुर एवं मुहम्मदाबाद गोहना के अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

धिकारी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, कूड़ा एवं अपशिष्ट प्रबंधन, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, राजस्व वृद्धि तथा जनसुविधाओं से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को डूडा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वंदन योजना में खराब प्रगति पर दोहरीघाट,वली. दपुर एवं मुहम्मदाबाद गोहना के अधिशासी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

सड़क हादसे में मां घायल,बेटा ने कराया एफआईआर

मधुबन (मऊ)। आनंद कुमार प्रजापति पुत्र शिव कुमार निवासी चकऊथ का आरोप है कि 8 अक्टूबर की शाम मेरी माँ शकुंतला देवी सूर. जपुर बाजार से सब्जी खरीद कर घर जा रही थी की ज्यों ही लालबहाद. ुर के दुकान के पास पहुंची थी कि पीछे से तीव्र गति से आई अनियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मेरी माँ रोड पर गिर गई । जिसमे उन्हें गंभीर चोटे आई। आनन फानन में उपस्थित लोगों ने उनको एक नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर बाइक चालक मौके पर बाइक छोड़ कर भाग गया। इस मामले पुलिस ने घायल महिला के बेटे की तहरीर पर उपरोक्त बाइक के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

घोसी(मऊ)। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों और आनला. इन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में घोसी की मिशन शक्ति टीम, एंटी रोमियो स्क्वायड और साइबर टीम ने इंदु इंस्टीट्यूट आफ साइंसेज फार्मेसी कालेज में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कालेज के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षित टंडन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, आनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और इंटरनेट पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वीडियो के माध्यम से भी साइबर अपराधों के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों को समझाया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक दिनेश यादव, प्रकाश, हरेंद्र कुशवाहा, महिला कांस्टेबल स्वाति सिंह, रूपा, पुष्पलता और स्वाति पाल सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मधुबन तहसील में १४ जगहों पर बने पंडाल,दुर्गापूजा को लेकर पुलिस अलर्ट

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र में कुल 72 और रामपुर थाना क्षेत्र में 22 स्थानों पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित होंगी। दुबा. री मोड़ पर बद्रीनाथ के तर्ज पर स्थापित पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सर्वाधिक पंडालों में कस्बा सहित दुबारी, सूरजपुर, नंदौर, सिपाह इब्राहिमाबाद, तिनहरी, दरगाह, सुग्गीचौरी आदि सहित 72 जगहों पर प्रतिमाएं स्थापित होंगी। सबसे अधिक पंडाल स्थनीय कस्बा और दुबारी में सज रहे हैं। वहीं रामपुर थाना क्षेत्र के बेलौली, मर्यादपुर, चंदापार फतहपुर मंडाव सहित 22 स्थानों पर मां की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। बस्ती वरसी निधियांव को छोड़कर कुतूबपुर, उसुरी शारदा, नेमडाड़ समेत पांच जगहों पर रामलीला का मंचन होगा। इसमें उसुरी शारदा व कुतूबपुर में रामलीला का मंचन शुरू हो गया है। मधुबन क्षेत्र में 20 जगहों पर रामल. ीला का मंचन होना है। जबकि तिनहरी, हृदयपट्टी समेत पांच स्थानों पर मंचन शुरू हो गया है। इसके अलावा तिनहरी, जजौली, हृदयपट्टी, तिघरा समेत 14 जगहों पर दशहरा, भरत मिलाप व 19 जगहों पर रावण दहन के भव्य कार्यक्रम होंगे। त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मधुबन थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता और रामपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सरोज ने क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लेने में जुटे हुए हैं और लोगों से शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील कर रहे हैं । पुलिस ने चेताया है कि पर्व पर अमन मे खलल डालने वाले अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

कौशल विकास प्रशिक्षण का उद्घाटन

मऊ। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, कानपुर (उत्तर प्रदेश) के मार्गदर्शन में संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी (सिलाई) ट्रेड के दो बैचों के 10 दिवसीय कौशल एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को संबो. धित किया। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग हरेंद्र प्रताप यादव ने लाभार्थियों को कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर

आत्मनिर्भर बनकर काम करेंगे प्रशिक्षणार्थी

प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ स्पाम पैलेस, मऊ में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, धर्मागतपुर, रतनपुरा, मऊ की ओर से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सचिन्द्र सिंह ने पर यूनियन बैंक आफ इंडिया के लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) पवन मिश्रा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र, धर्मागतपुर, रतनपुरा, मऊ के प्राचार्य अभय कुमार द्विवेदी सहित केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्टेट क्रिकेट के लिए चयनित खिलाड़ी का किया गया स्वागत

नदवासराय (मऊ)। अंडर-14 स्टेट क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए आजमगढ़ मंडल की टीम में चयनित खिलाड़ी शिवाजी जायसवाल का गुरुवार सुबह मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के नार्मल ग्राउंड स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर जोरदार स्वागत किया गया। कोच नसरुद्दीन अहमद के नेतृत्व में आयोजित समारोह में समाजस. ेवी अविनाश जायसवाल डिंपू के द्वारा शिवाजी को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। उनके समाजसेवी पिता अविनाश जायसवाल उर्फ डिंपू ने बेटे की सफलता का श्रेय कोच नसरुद्दीन अहमद की मेहनत, लगन और समर्पण को दिया।शिवाजी के चयन पर पूर्व चेयरमैन मोहम्मद अली, संतोष सिंह, रामविजय सिंह, इरशाद अहमद, शब्बू खान, शाहिद रजा, एहसान अहमद, सलाहुद्दीन और केसरी मोहम्मद कासिम सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने शिवाजी को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वच्छता के प्रति बच्चों को किया जागरूक

सूरजपुर (मऊ)। दोहरीघाट शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चंद्राबारी में गुरुवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका बबीता के नेतृत्व में बच्चों को हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को बताया कि भोजन करने से पहले और शौचालय के उपयोग के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना जरूरी है। हाथों की नियमित सफाई से कई संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता की आदत अपनाने और अपने आस-पास साफ- सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से हाथ धोने की आदत विकसित करने पर जोर दिया गया।

चेकिंग अभियान में ४३ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के आदेश के क्रम में चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान को लेकर बुधवार संध्या पुलिस ने अलग-अलग स्थान से वाहन चेकिंग के दौरान 43 बाइकों का ई चालान किया।

कैरियर के लिए मार्ग दर्शन

मऊ। मिशन शक्ति 6.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज नगर पालिका परिषद मऊ के कम्युनिटी हाल में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कोचिंग के छात्र-छात्राओं के लिए करियर गाइडेंस एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी श्री ध्रुव खाड़िया द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा भविष्य के बेहतर अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोब. ेशन अधिकारी डा.श्वेता त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री रश्मि मिश्रा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अध्यापकगण, विषय विशेषज्ञ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

शादाब का पीएसी में चयन

घोसी(मऊ)। वर्दी पहनकर देश और समाज की सेवा करने का सपना साकार होने पर घोसी के बड़ागांव वार्ड में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर के वार्ड नंबर 17 निवासी मोहम्मद शादाब पुत्र नौशाद अहमद का उत्तर प्रदेश पुलिस के पीएसी में आरक्षी पद पर चयन हुआ है।

जुलूस को लेकर मार्ग दुरुस्त कर रही घोसी नगर पंचायत

घोसी(मऊ)। दुर्गा पूजा के दौरान निकलने वाले जुलूस को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए नगर पंचायत घोसी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत की ओर से बड़ागांव स्थित रेलवे अंडरपास के पास रास्ते को दुरुस्त करने के लिए राबिश गिराकर मार्ग को चलने योग्य बनाने का कार्य कराया जा रहा है। इससे जुलूस में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद प्रतिनिधि फिरोज अंसारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए रास्ते को बेहतर बनाना जरूरी है। नगर पंचायत का प्रयास है कि जुलूस के दौरान लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो और धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद गुप्ता और अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य कराया जा रहा है, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

सीओ के साथ उपहार लेकर वृद्धाश्रम पहुंचीं एसडीएम

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं वृद्धों का सम्मान ही हम सभी का परम कर्तव्य है मिशन शक्ति फेज 6 के तहत बुधवार संध्या लगभग 5.00 बजे नगर पंचायत के मोहल्ला जमीन बरामदपुर स्थित वृद्ध आश्रम में उप जिला. धिकारी अर्चना अग्निहोत्री पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह कोतवाल कमलकांत वर्मा ने पहुंचकर वृद्धों के स्वास्थ्य एवं उनके रख-रखाव के प्रति समर्पित होते हुए उनका हाल जाना और उन लोगों का सम्मान करते हुए कपड़े फल आदि समान भेंट करते हुए उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

याद किये गये अब्दुल कलाम

सूरजपुर (मऊ)। विभिन्न विद्यालयों में गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके जीवन और देश के लिए किए गए योगदान की जानकारी दी। शिक्षकों ने कहा कि डा. कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में देश को नई पहचान दिलाई। उनका जीवन सादगी, मेहनत और अनुशासन का प्रतीक रहा। वे विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों ने कहा कि डा. कलाम के विचार आज भी युवाओं को देश और समाज के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा देते हैं।

खाद्य सुरक्षा के मानकों पर खरा नहीं उतर रहे दुकानदार

मऊ। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सुश्री मंजूषा सिंह के नेतृत्व में गठित टीम जिसमे खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार राना, अजीत कुमार त्रिपाठी, ओम प्रकाश यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों में पायी गयी कमियों यथा खाद्य पदार्थो के कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया । खाद्य एवं अखाद्य पदार्थ एक साथ रख पाए गए, कंज्यूमर कंप्लेंट रिड्रेसल मेकैनिज्म को और प्रभावी बनाए जाने की आवश्यकता, कार्मिकों के द्वारा हेड कवर, एवम् एप्रन, मौके पर कोई भी क्रय रसीद प्रस्तुत नहीं की गई , एवं डिलीवरी राइडर्स का पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु भी निर्देशित किया गया। जिसके संबंध मे ई कामर्स स्टोर को सुधार किए जाने हेतु सुधार सूचना हेतु संस्तुति कर दी गयी है। उक्त नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कररवाई की जाएगी।

दुर्गा सप्तशती- शक्तिशाली सिद्ध मंत्र और उनका चमत्कारी महत्व

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व इन दिनों देश भर में बेहद धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर जानिये कि आखिर कैसे देवी के ९ स्वरुप दुर्गा सप्तशती से जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही माता को प्रसन्न करने वाले शक्तिशाली सिद्ध मंत्र और उनके चमत्कारी महत्व जो जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं और इन नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस दौरान घरों और मंदिरों में देवी आराधना के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ भी किया जाता है। दुर्गा सप्तशती को चंडी पाठ या देवी माहात्म्य के नाम से भी जाना जाता है। यह मार्कंडेय पुराण का एक भाग है, जिसकी रचना महर्षि वेद व्यास ने की है. इस ग्रंथ में 13 अध्याय और 700 श्लोक हैं। दुर्गा सप्तशती में देवी दुर्गा की संपूर्ण कथा, रहस्य, कवच, अर्गला, कीलक और उनके विभिन्न प्रकट होने के प्रसंग वर्णित हैं। दुर्गा सप्तशती के अनुसार, नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है और सभी समस्याओं से मुक्ति भी मिलती है।

दुर्गा सप्तशती का पाठ

दुर्गा सप्तशती में यह बताया गया है कि कैसे महाशक्ति ने समय-समय पर विभिन्न रूपों में प्रकट होकर महिषासुर, शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड और रक्तबीज जैसे महाअसुरों का वध किया. सप्तशती के पहले अध्याय में दैत्य मधु कैटभ के वध, दूसरे अध्याय में देवताओं के तेज से मां दुर्गा के अवतरण और महिषासुर सेना के वध की कहानी है। तीसरे अध्याय में महिषासुर और उसके सेनापति के वध के बारे में बताया गया है। चौथा अध्याय देवराज इंद्र आदि देवताओं के द्वारा मां की स्तुति, पांचवें अध्याय में चंड मुंड द्वारा राक्षस शुम्भ के सामने देवी की सुंदरता का वर्णन और छठे अध्याय में धुम्रलोचन वध का वर्णन है. सातवें अध्याय में चंड मुंड वध और आठवें में रक्तबीज के वध के बारे में बताया गया है। अध्याय नौ और दस में निशुम्भ शुम्भ वध की कथा है। ग्यारहवें अध्याय में देव और देवी की स्तुति करके वरदान के बारे में जानकारी दी गई है। बारहवें और तेरहवें अध्याय में देवी के चरित्र की महिमा और वैश्य सुरथ की कथा है, जिसे देवी का वरदान मिला था.

तीन भागों में दुर्गा सप्तशती के 700 श्लोक

देवी के ये प्रकटीकरण और उनके युद्ध के रूप ही आगे चलकर 'नवदुर्गा' की उपासना की परंपरा का आधार बने. दुर्गा सप्तशती में 700 श्लोक हैं, जिन्हें तीन भागों में बांटा गया है। प्रथम चरित्र (महाकाली), मध्यम चरित्र (महालक्ष्मी) और उत्तर चरित्र (महासरस्वती). ये तीनों ही महाशक्ति के मूल स्वरूप हैं, जिनसे नौ अलग-अलग देवियों (नवदुर्गा) की आराधना का विधान पुष्ट होता है।

दुर्गा सप्तशती पाठ का महत्व

मान्यता है कि दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से भय, शोक और सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती जाती है। इसका पाठ विशेष रूप से नवरात्रों में किया जाता है और ये अचूक फल देने वाला होता है. नवरात्रि में यह शक्तिशाली पाठ करने से सभी तरह की नकारात्मक शक्तियां दूर हो जाती हैं और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार बनता है. साथ ही ग्रहों के अशुभ प्रभाव में कमी आती है और माता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। दुर्गा सप्तशती के अलग-अलग श्लोकों का अलग महत्व है। इन श्लोकों को पढ़ने से भक्तों को कई लाभ होते हैं।

दुर्गा सप्तशती मंत्र

सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥ यह मंत्र किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत, पारिवारिक सुख, और सभी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अत्यंत फलदायी माना जाता है. जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते॥ इस मंत्र का जाप जीवन में विजय पाने, संकटों को टालने और मां दुर्गा की कृपा से उन्नति प्राप्त करने के लिए किया जाता है। शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके। घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च॥ यह मंत्र चारों ओर एक आध्यात्मिक सुरक्षा कवच बनाता है, जिससे नकारात्मक ऊर्जा, बुरी नजर, डर और शत्रुओं से रक्षा होती है।

सर्वाबाधाप्रशमनं त्रैलोक्यस्या खिलेश्वरि। एवमेव त्वया कार्यमस्मद्वैरिविनाशनम्॥ इस मंत्र के जरिए तीनों लोकों की पीड़ा हरने वाली मां से गुप्त या प्रत्यक्ष शत्रुओं के विनाश और जीवन की बड़ी बाधाओं को शांत करने की प्रार्थना की जाती है।

सर्वाबाधा विनिर्मुक्तो धनधान्यस तान्वितः। मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति नसंशयः॥ इस मंत्र के जाप से मां दुर्गा की अनुकंपा से घर में धन-धान्य, सुख-समृद्धि और संतान सुख की प्राप्ति होती है।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल

सुविचार
आपका आज का मनोबल ही कल की सफलता का कारण बनेगा।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

अपनी जिंदगी

प्रेम- खोज से अनुभूति तक

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

जीवन प्रेम से उत्पन्न होता है और जीवन प्रेम की ही तलाश करता है। जीवन का लक्ष्य भी प्रेम है, और जीवन प्रेम से ही कायम रहता है। इस ग्रह पर ऐसा कोई भी प्राणी या जीवित इकाई नहीं है, जिसने प्रेम को न जाना हो या जो प्रेम से रहित हो। यदि प्रेम सृष्टि में सर्वत्र विद्यमान है, तो फिर प्रेम की तलाश क्यों है? हम प्रेम को क्यों खोजते हैं? जब ये प्रश्न मानव-मन को उद्वेलित करने लगते हैं, तभी किसी की आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ होता है। प्रेम क्या है? भावनाओं का वर्णन करना सबसे कठिन कार्य है- किसी भी भावना का। भावनाओं को शब्दों में बाँधना या किसी को बौद्धिक रूप से यह समझाना सरल नहीं है कि वह भावना क्या है। यह एक अत्यंत सूक्ष्म और गहन अनुभव है। प्रेम इस सृष्टि का मूल आधार है। वह कभी समाप्त नहीं हो सकता; वह सदैव विद्यमान रहता है। प्रेम दीजिए-वह कई गुना होकर आपके पास लौटेगा। प्रेम वास्तव में कोई मार्ग नहीं है; प्रेम स्वयं ही घर है। प्रेम आपको आपके मूल स्वरूप में वापस ले आता है। प्रेम कोई क्रिया या कर्म नहीं है, यह एक अवस्था है- एक परिणाम है। तत्पश्चात प्रश्न उठता है-मैं इसे कैसे प्राप्त करूँ? यह इच्छा का विषय नहीं हो सकता। जब इच्छाएँ शांत हो जाती हैं, तभी प्रेम का अनुभव संभव होता है। प्रेम को इच्छा का विषय न बनाइए। इच्छा का स्वभाव है-अभी नहीं, भविष्य में कुछ। यह बेचैनी उत्पन्न करती है, जबकि प्रेम का प्रभाव शीतलता से परिपूर्ण होता है। प्रेम को अपनी इच्छाओं का लक्ष्य न बनाइए। जब इच्छाएँ शांत हो जाती हैं, तब यह अनुभव होता है कि प्रेम तो यहीं है। प्रेम सभी इच्छाओं का अंतिम लक्ष्य है, और जब उसे प्राप्त नहीं किया जा सकता, तब घृणा और क्रोध उत्पन्न होते हैं। प्रेम की इच्छा अन्य अपूर्णताओं को जन्म देती है, जैसे निराशा। चाहे इच्छा पूर्ण हो या अपूर्ण, वह अंततः निराशा ही लाती है-यह इच्छा का स्वभाव है। प्रेम को केवल उसकी इच्छा करने से प्राप्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रेम तो इच्छाओं के समाप्त होने पर ही प्रकट होता है। प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब साधना पूर्ण हो जाती है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है।

प्रेम को इच्छा का विषय न बनाइए। इच्छा का स्वभाव है-अभी नहीं, भविष्य में कुछ। यह बेचैनी उत्पन्न करती है, जबकि प्रेम का प्रभाव शीतलता से परिपूर्ण होता है। प्रेम को अपनी इच्छाओं का लक्ष्य न बनाइए।

छात्राओंने लिखे अजब-गजब जबाव

सागर एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज में 999 छात्राओं को सप्लीमेंट्री आई थी इसके बाद उन्होंने कॉलेज से लेकर कलेक्ट्रेट तक खूब प्रदर्शन किया था, जिसके चलते मामला सुर्खियों में आ गया था इसके बाद कॉलेज प्रबंधन ने छात्राओं को उत्तर पुस्तिकाएं दिखाने के लिए बुलाया, लेकिन जब रिवैल्युएशन के लिए छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाएं देखी गई और इनमें जो प्रश्नों के आंसर लिखे थे उनको पढ़कर छात्राओं ने खुद अपनी नज़रें नीचे झुका ली, कॉपियां चेक करने बुलाए गए शिक्षकों का भी माथा घूम गया, उत्तर पुस्तिकाओं में कुछ प्रश्नों के किस तरह से आंसर लिखे थे एक नजर इस पर डालते हैं. सागर के उपनगर मकरोनिया में स्थित दीनदयाल नगर की जानकारी लिखते हुए आंसर दिया दीन दयाल नगर में अधिक गंदगी रहती है. रात में कुत्ते भोंकते हैं, यहां लड़कियां सुरक्षित नहीं है। दीनदयाल नगर में सफाई होनी चाहिए.सवाल किसी व्यक्ति के परिचय का था, लेकिन जवाब में पूरे दीनदयाल नगर की समस्याओं का ब्योरा लिख दिया। ऐसे ही एक्सपर्ट ने पूछा-

राष्ट्रपति का वीटो पावर क्या है, छात्रा बोली- मकरोनिया में जो 12 मॉल है? उसके बारे में जानकारी देने लगी। वर्तमान समय में भारत भी एक डिजिटल भारत बन गया, इस दौर हर व्यक्ति सोशल मीडिया का प्रयोग करा है. गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं की कॉपियां चेक होने के बाद कॉपियों में छात्राओं की ओर से दिए गए सवालों के जवाब उच्च शिक्षा के स्तर की जमीनी हकीकत बयां कर रहे है, हालांकि, इसको लेकर एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ आनंद तिवारी का कहना है कि एक तो कोरोना की वजह से बच्चियों का बेस गड़बड़ हुआ है। दूसरा वह कक्षाओं में भी अनुपस्थित रहती हैं। हम लोगों के द्वारा क्लास में स्टूडेंट की संख्या बढ़ाने के लिए कई तरह के प्रयास किया जा रहे हैं. 75त्न उपस्थिति अनिवार्य किए हुए हैं ऐसा नहीं होने पर परीक्षा से वंचित करते हैं। स्कॉलरशिप रोक दी जाती है लेकिन जो परीक्षा परिणाम आया है इसके बाद स्पेशल कक्षाएं लगाई जा रही हैं। कॉलेज प्रबंधन ने अभिभावकों के सामने सभी 2469 उत्तरपुस्तिकाएं दिखाने की बात कही थी। लेकिन पहले दिन 69 तो दूसरे दिन 71 छात्राएं ही आईं. दो दिन में सिर्फ मात्र 8 छात्राएं ही अभिभावकों को लेकर आईं। 140 छात्राओं में से महज 16 ने ही रिजल्ट पर असहमति जताई है. प्राचार्य ने बताया कि जिन छात्राओं को सप्लीमेंट्री आई है, उन्हें अब पूरक परीक्षा के लिए पूरक फॉर्म भरना पड़ेगा. इसके लिए उनकी फीस प्रति विषय 400 रुपए से घटाकर कॉलेज प्रबंधन ने 200 रुपए कर दी है।

स्वास्थ्यके लिए लाभकारी है चांदी का वर्क

त्याहारों का सीजन शुरू हो चुका है, नवरात्रि चल रही है, उसके बाद दशहरा, फिर दिवाली और भाई दूज। छुट्टियों और मीठी ठंड वाले इस फेस्टिवल सीजन में मिठाइयों की तरफ हाथ अपने-आप चला ही जाता है। हलवाइयों की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है। हर कोई अच्छी से अच्छी मिठाई अपने परिवार और रिश्तेदारों-दोस्तों के लिए लेना चाहता है। अक्सर दुकानों में मिठाइयों की चमक और रौनक बढ़ाने के लिए चांदी के वर्क का इस्तेमाल किया जाता है। काजू कतली से लेकर मोतीचूर के लड्डुओं तक, आपने ये वर्क जरूर देखा होगा। ये आज से नहीं, बल्कि सालों से इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन इंस्टाग्राम और फेसबुक के जमाने में इस चांदी के वर्क को लेकर कई बार ये सवाल उठता है कि क्या यह वर्क वाकई शाकाहारी है? इसी चिंता में तो कई लोग ऐसी मिठाइयों से दूरी ही बना लेते हैं, जिनके ऊपर चांदी का वर्क लगा होता है। पर क्या इस दावे में कोई सच्चाई है क्या सच में चांदी का वर्क शाकाहारी नहीं बल्कि नॉन-वेजीटेरियन होता है। सिल्वर वर्क या चांदी का वर्क एक बहुत पतला चांदी का पन्ना होता है, जो सिर्फ 0.2 से 0.8 माइक्रोमीटर मोटा होता है। ये इतना पतला होता है कि इसे आसानी से खाया जा सकता है पर इसका कोई स्वाद नहीं होता। यह मिठाई को रॉयल और चमकदार लुक देता है और इसीलिए इसका चलन काफी है। सिर्फ लुक ही नहीं, चांदी का ये वर्क मिठाई को सेहत के लिए और भी फायदेमंद बना देता है. आयुर्वेद के अनुसार चांदी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। सालों पहले चांदी का वर्क बनाने का तरीका ऐसा था कि चांदी की पतली शीट को जानवरों की आंतों (इंटेस्टाइन) या चमड़े

के बीच रखकर हथौड़े से पीटा जाता था। यह जानवर बैल, भैंस, भेड़ या बकरी के होते थे। इसकी वजह थी कि जानवर की कोमल त्वचा चांदी को चिपकने से रोकती थी और पीटने पर आसानी से अलग हो जाती थी, लेकिन पीटने के दौरान आंत का कुछ हिस्सा चांदी में मिल जाता था। इसलिए वर्क को नॉन-वेजिटेरियन माना जाता था। यह शाकाहारियों के लिए बड़ा विषय था।क्योंकि चांदी का वर्क लगी मिठाइयां मंदिरों में प्रसाद में भी चढ़ती थीं, इसलिए ये विवाद और भी बढ़ा हो गया था। 2016 में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने ये फैसला लेते हुए वर्क बनाने में जानवरों की आंत या चमड़े का इस्तेमाल पूरी तरह बैन कर दिया। क्योंकि न केवल ये तरीका गलत था बल्कि सेहत के लिए भी बहुत हानिकारक था। इस तरह वर्क बनाने में बैक्टीरिया फैलने का खतरा था बहुत ज्यादा था। साथ ही शाकाहारियों की भावनाओं के सम्मान को भी इसमें ठेस पहुंच रही थी। दिल्ली सरकार ने इसे लागू किया, लेकिन 2018 में दिल्ली हाई कोर्ट ने कुछ मैन्युफैक्चरर्स की अपील पर बैन हटा दिया लेकिन कोर्ट ने कहा कि तरीका साफ-सुथरा होना चाहिए. आज के समय में ज्यादातर वर्क मशीन से ही बनाया जाता है। अभी के समय की बात करें तो बाजार में उपलब्ध ज्यादातर सिल्वर वर्क मशीन-मेड होता है। इसमें सिर्फ शुद्ध चांदी होती है, जो पेपर या मशीन के बीच पीटी जाती है. कई पॉपुलर स्वीट चेन तो अब अपनी मिठाइयों के वर्क पर वेजिटेरियन सर्टिफाइड का लेबल लगाते हैं। यूं तो वर्क अब सुरक्षित है, लेकिन जब भी आप मिठाई खरीदें तो हमेशा इसकी जानकारी लें। अगर आप पैकेज्ड मिठाई खरीदें तो बॉक्स पर देखें, वेजिटेरियन वर्क लिखा हो। अगर हलवाई से ले रहे हैं तो दुकानादार से इसके बारे में पूछें। अगर आपको फिर भी इसकी शुद्धता पर शक है तो बिना वर्क वाली मिठाई खरीदें।

प्यार अंधा होता है सुना था, आज देख भी लिया

कहते हैं कि प्यार अंधा होता है। प्यार में इंसान न उम्र देखता है और न ही दुनिया की परवाह करता है। आपने भी कई बार लोगों को यह कहते सुना होगा, लेकिन उत्तर प्रदेश के औरैया जिले से एक ऐसी प्रेम कहानी सामने आई है, जिसे जानकर आप भी कह उठेंगे कि प्यार सच में अंधा होता है। यहां 30 साल की एक लड़की को अपने से 45 साल बड़े यानी 75 साल के बुजुर्ग से प्यार हो गया। हैरानी की बात यह है कि लड़की इंस्टाग्राम पर रील्स बनाती है और जिस बुजुर्ग को उसने अपना

जीवनसाथी चुना है, वह उसकी दोस्त के पिता हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और फिर दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। अब दोनों ने उम्र के इतने बड़े फासले की परवाह किए बिना शादी करने का फैसला कर लिया है। इतना ही नहीं, दोनों की सगाई भी हो चुकी है और अब शादी की तैयारियों की चर्चा है। इस अनोखी प्रेम कहानी ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है और लोग यह जानकर हैरान हैं कि आखिर 75 साल के बुजुर्ग और 30 साल की लड़की के बीच प्यार कैसे हुआ।

महंगे शौक छोड़कर छोटी खुशियोंपर फोकस कर रहे लोग

आज कई लोग बड़ी खरीदारी या महंगी चीजों पर पैसा खर्च करने के बजाय छोटी-छोटी खुशियों के लिए बजट निकाल रहे हैं। कभी पसंदीदा कॉफी, कभी छोटी सी चॉकलेट, फूलों का गुलदस्ता या मनपसंद खाना. इन छोटे खर्चों का मकसद सिर्फ सामान खरीदना नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में खुद को थोड़ा खुश महसूस कराना है। सोशल मीडिया पर इस तरह की सोच को लिटिल ट्रीट कल्चर कहा जा रहा है. खास बात यह है कि इसमें खुशी के लिए बहुत ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं मानी जाती. छोटी रकम में मिलने वाली चीजें भी दिन को बेहतर बना सकती हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह ट्रेंड आखिर लोगों के बीच इतना लोकप्रिय क्यों हो रहा है. लिटिल ट्रीट कल्चर का सीधा मतलब है खुद को छोटी-छोटी चीजों से खुश करना. इसके लिए किसी बड़े मौके या खास दिन का इंतजार नहीं किया जाता, अगर किसी दिन काम ज्यादा रहा या मूड खराब है, तो व्यक्ति अपनी पसंद की कॉफी ले सकता है, कुछ अच्छा खा सकता है या अपने लिए कोई छोटी चीज खरीद सकता है. यह सोच खास तौर पर उन लोगों के बीच नजर आ रही है, जो बड़े खर्चों को कम करके अपने बजट में छोटी खुशियों के लिए जगह बनाना चाहते हैं। यानी हर खुशी के लिए महंगी शॉपिंग या लग्जरी अनुभव जरूरी नहीं है। महंगाई और बढ़ते खर्चों के बीच बहुत से लोग बड़े शौक पूरे करने से पहले अपने बजट के बारे में सोचते हैं। ऐसे में छोटी खरीदारी एक आसान विकल्प लगती है. उदाहरण के लिए हर महीने महंगा ट्रिप प्लान करने के बजाय किसी नए कैफे में जाना, महंगे गैजेट की जगह कोई पसंदीदा किताब खरीदना या बाहर घूमने के बजाय घर पर अपनी पसंद की डिश बनाना। इसका एक दूसरा पहलू भी है। जब रोजमर्रा की जिंदगी में काम और जिम्मेदारियां ज्यादा होती हैं, तो लोग अपने लिए छोटे ब्रेक तलाशते हैं। लिटिल ट्रीट कल्चर इसी जरूरत को एक आसान तरीके से सामने रखता है.सोशल मीडिया पर लोग अपनी छोटी-छोटी खुशियों को शेयर करते हैं। कॉफी,

फूल, बेकरी आइटम, किताब, स्किनकेयर प्रोडक्ट या किसी पसंदीदा जगह पर छोटी आउटिंग जैसी चीजों की तस्वीरें इस ट्रेंड का हिस्सा बन गई हैं. हालांकि, सोशल मीडिया पर दिखने वाली हर चीज को अपनी जिंदगी में अपनाना जरूरी नहीं है. लिटिल ट्रीट कल्चर का असली विचार अपनी क्षमता के हिसाब से खुशी तलाशना है, न कि हर दिन कुछ नया खरीदना।

मां ने सिखाया मुश्किलों का सामना करना-माधुरी

बच्चों की परवरिश में माता-पिता की भूमिका सिर्फ उन्हें अच्छी आदतें सिखाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे बच्चों को जिंदगी की मुश्किल परिस्थितियों से लड़ना भी सिखाते हैं। कई बार माता-पिता की कही छोटी-सी बात बच्चों के जीवन का सबसे बड़ा सबक बन जाती है। खासकर जब बच्चे कम उम्र में किसी नए क्षेत्र में कदम रखते हैं, तो उन्हें परिवार के सहयोग और सही मार्गदर्शन की सबसे ज्यादा जरूरत होती है. बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की जिंदगी में भी उनकी मां का ऐसा ही खास स्थान रहा है। माधुरी ने हाल ही में टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में अपनी मां से जुड़ी कुछ यादें साझा कीं। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनकी मां ने उन्हें न सिर्फ कला और डांस की सीख दी, बल्कि आलोचनाओं का सामना करना और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहना भी सिखाया। मां की यही सीख माधुरी के लिए मुश्किल समय में हिम्मत और आगे बढ़ने की प्रेरणा बनी। अमिताभ बच्चन के साथ बातचीत के दौरान माधुरी दीक्षित ने अपनी मां के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की. अमिताभ बच्चन ने उनसे पूछा कि क्या उन्होंने अपनी मां से बहुत कुछ सीखा है और उनसे उन्हें क्या खास मिला है। इस सवाल के जवाब में माधुरी ने बताया कि उनकी कला, रचनात्मकता और डांस का काफी हिस्सा उन्हें अपनी मां से ही मिला है. माधुरी ने अपनी मां को बेहद मजबूत महिला बताया। उन्होंने कहा कि उनकी मां का व्यक्तित्व अमिताभ बच्चन की मां तेजी बच्चन की तरह ही मजबूत था. जिस तरह एक मां अपने बच्चों को मुश्किल हालात में संभालती है, उसी तरह माधुरी की मां ने भी उन्हें जिंदगी के उतार-चढ़ाव से निपटना सिखाया. माधुरी दीक्षित ने बताया कि जब उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था, तब वह बहुत छोटी थीं. उस उम्र में अगर कोई उनके बारे में कुछ गलत कह देता था, तो उन्हें बुरा लगता था। वह घर आकर दुखी हो जाती थीं और दूसरों की बातों को दिल से लगा लेती थीं। ऐसे समय में उनकी मां उन्हें समझाती थीं कि दूसरों की बातों से इतनी जल्दी कमजोर नहीं पड़ना चाहिए। अगर उन्हें किसी काम को करने की इच्छा है, तो उन्हें अपनी मेहनत से उसे करके दिखाना चाहिए. मां का मानना था कि सिर्फ लोगों की बातों पर ध्यान देने के बजाय अपने काम पर फोकस करना ज्यादा जरूरी है।